आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं.1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 90 | उज्जैन, गुरुवार 16 अप्रैल, 2026 | वैशाख कृष्ण 14 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### महिला आरक्षण को लेकर विपक्ष की बैठक आयोजित

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के महिला आरक्षण बिल को लेकर विपक्ष ने मीटिंग की। यह मीटिंग दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के घर पर आयोजित की गई। जिसमें राहुल गांधी भी शामिल हुए। मीटिंग में शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी (शरद गुट) और आप नेता भी शामिल हुए। सरकार ने 2029 के लोकसभा चुनावों से महिला आरक्षण अधिनियम लागू करने के लिए लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाकर 850 करने का प्रस्ताव रखा है। 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। वर्तमान में लोकसभा में 543 सीटें हैं। सरकार 16, 17 और 18 अप्रैल को संसद के विशेष सत्र में 2029 से लोकसभा में 33% महिला आरक्षण लागू करने के लिए संविधान संशोधन विधेयक लाने की योजना बना रही है।

### भाजपा बंगाल में महिलाओं को हर महीने 3 हजार रु. देगी

**नई दिल्ली/कोलकाता।** भाजपा ने बुधवार को पश्चिम बंगाल में मातृशक्ति भरोसा कार्ड लॉन्च किया। सरकार बनने पर राज्य की महिलाओं को हर महीने 3 हजार रुपये देने का वादा किया गया है। कार्यक्रम में सुवेंदु अधिकारी और स्मृति ईरानी मौजूद रहीं। बंगाल में दो फेज में वोटिंग होगी। पहले चरण का मतदान 23 अप्रैल को होगा। एक दिन पहले मंगलवार को पीएम मोदी ने कहा था कि पश्चिम बंगाल में डर का माहौल है। हत्या, दुष्कर्म और दंगे चरम पर पहुंच चुके हैं। राज्य में लोग काफी परेशान हैं। राज्य में युवा रोजगार को लेकर चिंतित हैं। सरकारी कर्मचारियों को अपने हक के लिए अदालत जाना पड़ रहा है।

### एक्टर ने जबरदस्ती
### एक्ट्रेस को बीफ खिलाने की कोशिश की



**भड़के फैंस, सफाई में मुस्लिम एक्टर शियास ने एक्ट्रेस की बीफ सर्व करते वीडियो जारी की**

**नई दिल्ली।** मलयाली एक्टर और मॉडल शियास करीम पर जबरदस्ती एक्ट्रेस को बीफ खिलाने के आरोप लगे हैं। इस घटना का एक वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद उनकी जमकर आलोचना भी की जा रही है। एक्टर शियास करीम का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो और एक्ट्रेस अनुमोल अनुकुट्टी, एक पार्टी में बुफे से खाना लेते नजर आ रहे हैं। एक्ट्रेस अनुमोल आगे चलती हुई खाना निकाल रही हैं, तभी उनके पीछे खड़े एक्टर शियास उनसे बार-बार पूछते हैं- बीफ खाएगी। एक्ट्रेस ने साफ इनकार किया, तो एक्टर ने उनका मजाक भी बनाया। मना करने के बावजूद शियाज जबरदस्ती बार-बार पूछते हैं। इस पर एक्ट्रेस उन्हें नजरअंदाज करते हुए आगे निकल गईं। बता दें कि सामने आए वीडियो में एक्ट्रेस बीफ खाती नजर नहीं आई हैं और न ही शियास ने उनकी प्लेट में सर्व किया है। हालांकि इसके बावजूद एक्टर की सोशल मीडिया पर जमकर आलोचना हो रही है। कुछ लोगों का कहना है कि मुस्लिम शियास को वैसे ही पोर्क खाने के लिए मजबूर करना चाहिए, जैसे वो अनुमोल को बीफ खाने के लिए कर रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद जहां कई लोग शियाज के लिए भद्दी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, वहीं कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ऐसे भी हैं, जो ये दावा कर रहे हैं कि एक्ट्रेस अनुमोली बीफ खाती हैं। अनुमोल की कई तस्वीरें भी वायरल की जा रही हैं, जिनमें वो खुद अपने हाथों से बीफ सर्व करती दिखी हैं। कुछ यूजर्स का ये भी कहना है कि केरल में बीफ खाना आम है और वहां 80-90 प्रतिशत हिंदू भी बीफ खाते हैं, ऐसे में मामले को गलत रूप देना बिल्कुल गलत है।

### गेहूं की खरीद में देरी पर किसान कल करेंगे रेल रोको आंदोलन

**चंडीगढ़।** पंजाब में गेहूं की खरीद में हो रही देरी को लेकर किसानों का गुस्सा अब आंदोलन का रूप लेता जा रहा है। किसान संगठनों ने संयुक्त रूप से 17 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक पूरे राज्य में रेल रोको आंदोलन करने का ऐलान किया है। यह निर्णय चंडीगढ़ में हुई विभिन्न किसान संगठनों की बैठक में लिया गया। इस आंदोलन में संयुक्त किसान मोर्चा, किसान मजदूर मोर्चा (पंजाब चैप्टर) और आजाद किसान मोर्चा से जुड़े संगठन शामिल हैं। किसानों का कहना है कि हाल ही में हुई बेमौसमी बारिश और ओलावृष्टि से गेहूं समेत अन्य फसलों को भारी नुकसान हुआ है। इसके बावजूद सरकारी खरीद प्रक्रिया अभी तक सुचारू रूप से शुरू नहीं हो सकी है।

### पंजाब सरकार ने राघव चड्ढा की सुरक्षा छीनी

**लुधियाना।** आम आदमी पार्टी और उसके राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा के बीच का विवाद और बढ़ गया है। पंजाब की सीएम भगवंत मान की अगुआई वाली आप सरकार ने राघव चड्ढा की सिक्योरिटी छीन ली है। पंजाब के सहप्रभारी, सांसद और राज्यसभा में उपनेता होने के नाते राघव चड्ढा को पंजाब पुलिस की सिक्योरिटी मिली थी। आम आदमी पार्टी के दिल्ली के नेता सौरभ भारद्वाज ने सोशल मीडिया एक्स पर दावा किया कि राघव चड्ढा को केंद्र सरकार ने जेड प्लस सिक्योरिटी दे दी है। केंद्र सरकार आखिर राघव चड्ढा पर इतनी मेहरबान क्यों है? हालांकि, चड्ढा के करीबी सोर्सेज के मुताबिक अभी उन्हें केंद्र से सुरक्षा नहीं मिली है। जानकारी के मुताबिक उन्हें जल्द केंद्रीय सुरक्षा मिल सकती है। तब तक उन्हें दिल्ली पुलिस की सिक्योरिटी दी जा सकती है।

---

मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा का रिजल्ट किया जारी, इस बार 73.42% रेगुलर छात्र पास हुए

# 500 में से 499 अंक लाकर प्रतिभा 10वीं की टॉपर

## एमपी बोर्ड टॉप-10 में रिकॉर्ड 378 स्टूडेंट्स, टॉप-5 में ही 39 विद्यार्थी, बेटियां फिर आगे, 12वीं में 76% स्टूडेंट्स पास हुए

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बुधवार को 10वीं परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया। इस बार 73.42% रेगुलर छात्र पास हुए। टॉप टेन में 378 स्टूडेंट्स शामिल हैं। इन्होंने 490 से 499 तक नंबर हासिल किए। टॉप-5 में ही 39 विद्यार्थी शामिल रहे।

पन्ना जिले की प्रतिभा सिंह सोलंकी ने 500 में से 499 अंक हासिल कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर 498 नंबर वाले दो स्टूडेंट (बालाघाट की अक्षरा घोडेश्वर और सीधी के अभय गुप्ता) हैं। तीसरे नंबर पर सात छात्र रहे। इन्होंने 497 अंक हासिल किए। 12 छात्र चौथे नंबर पर रहे। सभी ने 496 नंबर हासिल किए। 17 छात्र पांच नंबर पर रहे। इन्होंने 495 अंक हासिल किए। 342 स्टूडेंट्स के नंबर 490 से 494 के बीच हैं। हाई स्कूल परीक्षा 13 फरवरी से 6 मार्च 2026 के बीच हुई थी। इसमें कुल 8 लाख 97 हजार 61 विद्यार्थी शामिल हुए, जिनमें 7 लाख 87 हजार 733 नियमित और 1 लाख 9 हजार 328 प्राइवेट परीक्षार्थी थे।



प्रतिभा सिंह सोलंकी

### छात्राओं का प्रदर्शन बेहतर

- इस बार भी छात्राओं का प्रदर्शन छात्रों से बेहतर रहा। छात्राओं का पास प्रतिशत 77.52% रहा, जबकि छात्रों का 69.31% दर्ज किया गया।

### सरकारी स्कूल आगे, परिणाम 76.80%

- शासकीय स्कूलों का परिणाम 76.80% रहा, जो निजी स्कूलों के 68.64% से अधिक है। इससे सरकारी स्कूलों के बेहतर प्रदर्शन का संकेत मिलता है।

### टॉपर्स में छात्राओं का दबदबा

- मेरिट लिस्ट में 378 विद्यार्थियों ने जगह बनाई, जिनमें 235 छात्राएं और 143 छात्र शामिल हैं।
- **जिलावार प्रदर्शन:** अनूपपुर 93.85% के साथ पहले स्थान पर
- जिलावार परिणाम में अनूपपुर 93.85% के साथ पहले और आलीराजपुर 92.14% के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

### पूरक की जगह द्वितीय अवसर परीक्षा

- इस वर्ष पूरक परीक्षा की जगह द्वितीय अवसर परीक्षा का प्रावधान किया गया है। मुख्य परीक्षा में फेल, अनुपस्थित या अंक सुधारने वाले छात्र 7 मई 2026 से होने वाली इस परीक्षा में शामिल हो सकेंगे।

### 2.89 लाख छात्र फेल

- कुल 2,89,693 छात्र फेल घोषित किए गए हैं, जबकि परीक्षा के दौरान 47 नकल के मामले सामने आए।

### कक्ष 12वीं में नौकरीपेशा परिवारों से आने वाले छात्रों ने 90% से 96% से ज्यादा अंक हासिल किए

मध्यप्रदेश के अलग-अलग शहरों और कस्बों के 12वीं के छात्रों ने इस साल बेहतर प्रदर्शन किया है। किसान, मजदूर, छोटे व्यवसायी और नौकरीपेशा परिवारों से आने वाले छात्रों ने 90% से 96% से ज्यादा अंक हासिल किए हैं। इस बार का रिजल्ट पिछले 16 सालों में सबसे बेहतर दर्ज किया गया है। मप्र बोर्ड 12वीं में 76% स्टूडेंट्स पास हुए है।

इस बार साइंस, कॉमर्स, आट्र्स और एग्रीकल्चर सभी स्ट्रीम में अच्छे रिजल्ट आए हैं। कई छात्र ऐसे परिवारों से हैं, जहां माता-पिता खेती या मजदूरी करते हैं, लेकिन बच्चों की पढ़ाई में कोई कमी नहीं आने दी गई।

- **साइंस स्ट्रीम में उज्जैन की प्रथा पालीवाल** (94.8%), कैलारस के अंकेश कुशवाह (96.4%), जबलपुर की मैत्री पांडे (96.2%) और ग्वालियर के अनुज सिंह (92.6%) ने अच्छे अंक हासिल किए। बायोलॉजी में कामिनी कुशवाह (96.4%), तितिक्ष पंचोली (90.8%) और माही अग्रवाल (90.8%) ने बेहतर प्रदर्शन किया।
- **कॉमर्स स्ट्रीम में ग्वालियर की सुरभि आंवले** (96.2%), डबरा के शमशेर गिल (96%) और रतलाम की निहारिका चौहान (95.2%) ने उच्च अंक प्राप्त किए।
- **आट्र्स स्ट्रीम में पंधाना की नेहा प्रजापति** (95.4%) और जबलपुर की आस्था कश्यप (93.4%) ने अच्छे अंक हासिल किए।
- ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों का प्रदर्शन खास रहा। कई छात्रों ने खेत और घर के काम के साथ पढ़ाई कर 90% से ज्यादा अंक हासिल किए। कुछ छात्र ऐसे भी हैं, जिनके परिवार आर्थिक रूप से कमजोर हैं या जिनके पिता नहीं हैं, फिर भी उन्होंने मेहनत से सफलता हासिल की।

### इंदौर की तन्वी बायो टॉपर

#### कॉमर्स में याशी 6वीं, पीसीएम में अथर्व 7वें और 10वीं में कृष्णा प्रदेश में 9वें स्थान पर

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मध्यप्रदेश में एमपी बोर्ड की 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित कर दिए गए। सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री निवास में सीएम डॉ. मोहन यादव ने रिजल्ट जारी किया। इस साल प्रदेशभर से करीब 16 लाख छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए थे। इंदौर की तन्वी कुमावत 12वीं बायो में इंदौर टॉपर रही। तन्वी को 500से 492 अंक मिले।



तन्वी

कॉमर्स विषय में याशी घनरिया को 485 अंक मिले हैं। याशी को प्रदेश में छटा स्थान मिला है। वहीं पीसीएम विषय में अथर्व देशमुख को प्रदेश में सातवां स्थान मिला है। कक्षा दसवीं में शासकीय कन्या उमावि की छात्रा कृष्णा खाजेकर को 491 अंक मिले हैं। उसने प्रदेश में 9वां स्थान हासिल किया है। शासकीय कन्या उमावि राजेंद्र नगर की छात्रा कृष्णा खाजेकर राज्य मेरिट में 9वें स्थान पर रहीं एवम जिला मेरिट में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### उज्जैन के 10वीं में 8 एवं 12वीं में 5 विद्यार्थी प्रदेश की प्रावीण्य सूची में, प्रदेश में उज्जैन में10वीं के परिणाम में 14वां एवं कक्षा 12वीं के परिणाम में 15वां स्थान

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

बुधवार को मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की ओर से जारी परीक्षा परिणाम में उज्जैन के कक्षा 10वीं के 8 विद्यार्थी एवं कक्षा 12वीं के 5 विद्यार्थियों ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाया है। प्रदेश में उज्जैन ने कक्षा 10वीं के परिणाम में 14वां एवं कक्षा 12वीं के परिणाम में 15वां स्थान प्राप्त किया है। 12वीं में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में कला समूह में पाचवां स्थान कु. ज्योति यादव पिता ज्ञानसिंह (485/500) शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. माधवनगर, उज्जैन वाणिज्य समूह में छठवां स्थान कु. राधिका मालवीय पिता अशोक मालवीय (485/500) शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. माधवनगर, उज्जैन, आठवां स्थान कु. इसरा छीपा पिता मो. इरशाद (483/500) संतमीरा कन्या उमावि, उज्जैन, नौवां स्थान पीयूश जोशी पिता सुनील जोशी (482/500) संतलीला शाह कान्वेन्ट उमावि, उज्जैन, नौवां स्थान कु. अनन्या सक्सेना पिता प्रवीण सक्सेना (482/500) वर्जिन मेरी कान्वेन्ट स्कूल, उज्जैन, दसवां स्थान कु. सलोनी पण्डया पिता कमल पण्डया (481/500) शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. माधवनगर, उज्जैन ने प्राप्त किया है।

इसी प्रकार कक्षा 10वीं में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में छटवां स्थान कु. आस्था रांका पिता राजेन्द्र रांका (494/500) शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. माधवनगर, उज्जैन,सातवां स्थान कु. कल्पना दबीया पिता सुरेश दबीया (493/500) शा.कन्या उ.मा.वि. नागदा, उज्जैन,सातवां स्थान कु. उर्वशी शर्मा पिता श्री पवन शर्मा (493/500) शा.उ.मा.वि. मॉडल, उज्जैन,नौवां स्थान कु. शांति पिता सीताराम (491/500) शा.उ.मा.वि. चांपाखेडा, उज्जैन,नौवां स्थान कु. खुशबु कुवार पिता टीकमसिंह (491/500) एम एजुकेशन उमावि भाटपचलाना उज्जैन, दसवां स्थान महेश पिता गंगासिंह (490/500) सरस्वती विद्या मंदिर तराना, उज्जैन, दसवां स्थान यथार्थ भावसार पिता घनश्याम भावसार (490/500) कोल्पिग उमावि कनासिया, उज्जैन,दसवां स्थान कु. सृष्टि श्रीपाल पिता नरेन्द्र श्रीपाल (490/500) शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. माधवनगर, उज्जैन।

# छत्तीसगढ़ पावर प्लांट हादसा : अब तक 19 की मौत

## 36 लोग झुलसे, वेदांता मृतकों के परिजन को 35-35 लाख मुआवजा और नौकरी देगी

**एजेंसी ▸▸ सक्ती**

छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में वेदांता पावर प्लांट हादसे में अब तक 19 मौतें हो चुकी हैं। 4 की मौके पर ही जान गई, जबकि 13 की मौत रायगढ़ के अलग-अलग अस्पतालों में हुई। 2 की मौत रायपुर के कालड़ा अस्पताल में इलाज के दौरान हुई। प्लांट में मंगलवार दोपहर बॉयलर ब्लास्ट हो गया था। मृतकों में 4 छत्तीसगढ़ से हैं, जबकि बाकी 15 यूपी, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल से हैं।

हादसे में कुल 36 लोग झुलसे हैं, 18 घायलों का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज जारी है। हादसे के बाद प्लांट के बाहर मजदूरों के परिजन ने हंगामा किया। उन्होंने प्रबंधन पर कार्रवाई और



मुआवजे की मांग की। कुछ मजदूर लापता हैं। परिजन का कहना है कि प्रबंधन कोई जानकारी नहीं दे रहा है। वहीं कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं।

- वेदांता प्रबंधन ने मृतक परिजन को 35-35 लाख रुपए सहायता राशि और नौकरी देने का ऐलान किया है। घायलों को 15-15 लाख रुपए दिए जाएंगे। इससे पहले पीएमओ ने मुआवजे की घोषणा की थी। पीएमएनआरएफ से हर मृतकों के परिवार वालों को 2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए दिए जाएंगे।
- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घटना पर दुःख जताया। उन्होंने कहा कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही मृतकों के परिवार वालों को 5-5 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए देने का ऐलान किया।

# गेहूं के खेत में सैटेलाइट सर्वे दिखा रहा दूसरी फसलें, गड़बड़ियों को लेकर सियासत तेज

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

एमपी में गेहूं खरीदी देरी से शुरू होने को लेकर एक तरफ राजनीति हो रही है। वहीं दूसरी तरफ जब खरीदी शुरू हुई है तो ई-उपार्जन पोर्टल पर सैटेलाइट सत्यापन में किसानों की फसल गेहूं के बजाए दूसरी दिख रही है। इन गड़बड़ियों को लेकर सियासत तेज हो गई है।

जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि तकनीकी खामियों के कारण हजारों किसान खरीदी प्रक्रिया से बाहर हो रहे हैं और आर्थिक संकट झेलने को मजबूर हैं। पटवारी ने अपने पत्र में कहा कि प्रदेश में किसानों के साथ जो हो रहा है, वह केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि सरकार की नीतियों की सच्चाई भी उजागर करता है। उन्होंने दावा किया कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के गृह क्षेत्र विदिशा सहित पूरे प्रदेश से चिंताजनक मामले सामने आ रहे हैं। उनके अनुसार 6,437 से अधिक किसानों का सैटेलाइट सर्वे फेल कर दिया गया है, जबकि खेतों में गेहूं, चना और मसूर जैसी फसलें मौजूद हैं, लेकिन पोर्टल पर अन्य फसल दर्ज दिखाई जा रही हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि ई-उपार्जन में स्लॉट बुकिंग के दौरान सैटेलाइट सत्यापन में असत्यापित बताकर किसानों को खरीदी से बाहर किया जा रहा है।

### मेथेनॉल लेकर यूएई से आ रहा चीनी टैंकर

# होर्मुज पर अमेरिकी नाकाबंदी तोड़ने में नाकाम

**एजेंसी ▸▸ तेल अवीव**

अमेरिकी प्रतिबंध झेल रहा चीनी टैंकर रिच स्टैरी बुधवार को फिर से होर्मुज में अमेरिकी नाकाबंदी नहीं तोड़ पाया। यह टैंकर संयुक्त अरब अमीरात के हमरियाह पोर्ट से चला था। वहां से इसमें करीब 2.5 लाख बैरल मेथेनॉल लोड किया था।

यह टैंकर खाड़ी से निकलने की कोशिश कर रहा था। लेकिन होर्मुज के आगे अमेरिकी नाकाबंदी की वजह से इसे वापस लौटना पड़ा। इससे पहले भी इस टैंकर ने मंगलवार को होर्मुज पार करने की कोशिश की थी।

रॉयटर्स के मुताबिक एक अमेरिकी



अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को अमेरिकी युद्धपोत ने दो तेल टैंकरों को रोक दिया, जो ओमान की खाड़ी में स्थित ईरान के चाबहार बंदरगाह से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे थे। रिच स्टैरी और इसकी मालिक कंपनी शंघाई जुआनरन शिपिंग पर अमेरिका ने 2023 से प्रतिबंध लगा रखा है, क्योंकि वे ईरान के साथ व्यापार कर रहे थे।

# गृह समेत 29 विभाग संभालेंगे सीएम सम्राट चौधरी

## जेडीयू के पास 18 विभाग, मुख्यमंत्री की शपथ लेने के बाद सम्राट ने छुए नीतीश के पैर

**एजेंसी ▸▸ पटना**

सम्राट चौधरी बिहार के 24वें मुख्यमंत्री बन गए हैं। उन्होंने ईश्वर के नाम पर शपथ ली। राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने लोकभवन में सुबह 11 बजे उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

बिहार की नई सरकार में जदयू से विजय चौधरी और बिजेंद्र यादव ने भी शपथ ली। दोनों को डिप्टी सीएम बनाया गया है। नीतीश कुमार इस



कार्यक्रम में मौजूद थे। बिहार में अभी मंत्रिमंडल का ऐलान नहीं किया गया है।

सम्राट चौधरी के पास गृह समेत 29 विभाग रहेंगे। विजय चौधरी को 10 और बिजेंद्र यादव को 8 विभाग मिले हैं। मंत्रिमंडल विस्तार के बाद यही विभाग बाकी मंत्रियों में बंटेंगे। तब तक तीनों मंत्री ही इनकी जिम्मेदारी संभालेंगे।

मुख्यमंत्री के पिता शकुनी चौधरी ने कहा, 'कभी-कभी ईश्वर की कृपा होती है। हमने कई पार्टियों के लिए पूरी लड़ाई लड़ी, लेकिन सफलता नहीं मिली। आज अमित शाह, नरेंद्र मोदी और नीतीश की कृपा से सम्राट आगे बढ़ गया। मेहनत रंग लाती है जो मेहनत करेगा वही आगे बढ़ेगा।

### महाराष्ट्र के अमरावती जिले में सेक्स स्कैंडल मामले में साइबर अपराध का खुलासा हुआ

# मोबाइल में 180 नाबालिग लड़कियां और 350 अश्लील वीडियो मिले, 1 गिरफ्तार

**एजेंसी ▸▸ अमरावती**

महाराष्ट्र के अमरावती जिले में एक बड़े साइबर अपराध का खुलासा हुआ है, जहां 19 वर्षीय युवक को लड़कियों की आपत्तिजनक तस्वीरें और अश्लील वीडियो ऑनलाइन साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस जांच में आरोपी के पास से करीब 350 आपत्तिजनक वीडियो मिलने की बात सामने आई है, जबकि उसने कथित तौर पर 180 से अधिक नाबालिग लड़कियों को निशाना बनाया।

पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान अयान अहमद उर्फ तनवीर अहमद के रूप में हुई है, जो अमरावती के परतवाड़ा क्षेत्र का निवासी है। उसे 11 अप्रैल को हिरासत में लिया गया, जब सोशल मीडिया पर कुछ



लड़कियों के साथ उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो वायरल हुए। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी लड़कियों को बहला-फुसलाकर उनकी मर्जी के खिलाफ अश्लील तस्वीरें और वीडियो बनाता था और बाद में उन्हें सोशल मीडिया पर अपलोड कर बदनाम करता था।

### मोबाइल फोन में मिले अहम सबूत

पुलिस ने आरोपी का मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त कर लिए हैं। फोरेंसिक जांच के जरिए डिलीट किए गए डेटा को भी रिकवर किया जा रहा है। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 294, पॉक्सो एक्ट की धारा 8 और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि अभी तक किसी पीड़िता ने औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई है। पुलिस ने पीड़ितों और उनके परिवारों से आगे आकर जांच में सहयोग करने की अपील की है और उनकी पहचान गोपनीय रखने का भरोसा दिया है।

### आरोपी के घर बुलडोजर चलाया

महाराष्ट्र में अमरावती जिले के परतवाड़ा में लड़कियों के यौन शोषण के मुख्य आरोपी मोहम्मद अयाज उर्फ तनवीर के घर पर प्रशासन ने बुधवार को बुलडोजर चलाया। जांच के लिए प्रशासन ने 46 सदस्यीय विशेष जांच दल बनाया है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में तनवीर समेत 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ये आरोपी लड़कियों को फंसाते थे, फिर उन्हें मुंबई और पुणे ले जाकर अश्लील वीडियो बनाते थे।

### ऐसे फंसाता था जाल में

जांच के अनुसार, आरोपी पहले पीड़ितों का भरोसा जीतकर उन्हें प्रेम संबंधों में फंसाता था। इसके बाद उन्हें मुंबई और पुणे ले जाकर उनकी मर्जी के बिना अश्लील वीडियो बनाता था। इन वीडियो के जरिए वह उन्हें ब्लैकमेल करता और कथित तौर पर वेश्यावृत्ति में धकेलने की कोशिश करता था। अधिकतर पीड़िताएं 16 से 17 वर्ष की छात्राएं बताई जा रही हैं, जो कोचिंग के दौरान उसके संपर्क में आईं।

### सियासी रंग भी चढ़ा

इस मामले ने अब राजनीतिक रूप ले लिया है। आरोपी के कथित तौर पर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) से जुड़े होने के आरोपों पर विवाद खड़ा हो गया है। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी से संबंधों को लेकर विपक्षी नेताओं ने सवाल उठाए हैं, जबकि पार्टी के स्थानीय प्रतिनिधियों ने आरोपी से किसी भी तरह के वर्तमान संबंध से इनकार किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का बुधवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## ये पढाव है मंजिल नहीं...

बुधवार को विद्याअर्जन करने वाले किशोर-किशोरियों की कक्षा का परिणाम आया है। प्रदेश स्तर के साथ केंद्रीय बोर्ड के परिणाम में अधिकांश विद्यार्थी सफल हुए हैं। कुछ विद्यार्थी इसमें पूर्ण सफलता प्राप्त नहीं कर सके हैं। कुछ विद्यार्थी उन्हें मिले अंकों से भी संतुष्ट नहीं हैं और नकारात्मक ओरा के घेरे में हैं। जबकि इस बार से प्रदेश एवं केंद्र की परीक्षा में संशोधन किया गया है। इसमें सीधे सीधे सिरे ऐसे विद्यार्थी अपने परिणाम को सिरे से उच्च स्थिति प्रदान कर सकते हैं। हताशा की स्थिति छोडकर विद्यार्थियों को मिले हुए मौके को भूनाने के लिए कमर कसना चाहिए न कि हताशा के भाव में आकर उल्टे सीधे कदम उठाने चाहिए। खास तो यह है कि यह जीवन की नहीं विद्या अर्जन की परीक्षा है। अच्छे अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थी भी जीवन की परीक्षा में फैल हो जाते हैं और कम अंक लाने वाले विद्यार्थी जीवन की जिम्मेदारियों की परीक्षा में सफलता का परचम फहराते हैं। देश के कई टाईकून इस बात का प्रमाण हैं एवं देश के कई लब्ध प्रतिष्ठित नेतृत्वकताओं ने इसे साबित किया है। विद्यार्थियों को किसी भी हाल में हताश नहीं होना चाहिए। उन्हें हर हाल में अपने अंदर सफलता की उर्जा को कायम रखते हुए आगे कदम बढाना चाहिए। आज मिली असफलता को एक ठोकर के रूप में देखते हुए उससे सबक लेना चाहिए न कि उससे हताश होना चाहिए। खुसूर-फुसूर है कि एक समय था जब एक पीढी को कोई अवसर नहीं मिलता था। असफलता पर दंढ भी मिलता था उसके बाद भी वह पीढी पूरे जोश के साथ ढटकर विद्याअर्जन की परीक्षा परिणामों के लिए मेहनत करती थी। समय के साथ सबकुछ बदल चुका है। वर्तमान में शिक्षा दान स्थलों पर न तो विद्यार्थियों को प्रताडित किया जाता है न ही उनके साथ हीन व्यवहार ही होता है। वर्तमान विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य की सफलता के लिए एकाग्र होना होगा। इसके साथ ही मोबाईल एवं आधुनिक संसाधनों का उपयोग मात्र शिक्षा के लिए ही करना होगा। इससे उनकी मनचाही उपलब्धि उन्हें हासिल हो सकती है। कदापि असफलता की हताशा में कोई ऐसा कदम नहीं उठाया जाना चाहिए जिससे परिवार,शिक्षक एवं उनके जिम्मेदारों को जीवन भर पश्चाताप की आग में जलना पडे।




## नगर निगम का विशेष सम्मिलन कल, नारी शक्ति वंदन पर होगी चर्चा

**उज्जैन।** उज्जैन नगर पालिक निगम का विशेष सम्मिलन कल दिनांक 17 अप्रैल 2026, शुक्रवार को दोपहर 1:00 बजे से छत्रपति शिवाजी भवन स्थित निगम सभागृह में आयोजित किया जाएगा। सम्मिलन की अध्यक्षता निगम अध्यक्ष कलावती यादव करेंगी। बैठक की शुरूआत डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की जाएगी। इसके पश्चात ह्लनारी शक्ति वंदनह्व विषय पर विस्तृत चर्चा होगी। इस संबंध में बुधवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा पंचकोशी यात्रा मार्ग के दौरान निगम सचिव मनोज मौर्य से भेंट कर सम्मिलन के आयोजन हेतु सहमति प्रदान की गई।

### संभाग का परिणाम पिछले वर्ष की अपेक्षा 5.77 प्रतिशत गिरा

# हाई स्कूल परिणाम में प्रदेश में उज्जैन 14वें क्रम पर, 12वीं में 15वां स्थान

### संभाग के 7 जिलों में मुख्यालय उज्जैन 10 वीं में दुसरे क्रम पर और हायर सेकेंडरी में तीसरा नंबर पर रहा




दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बुधवार को बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम एक साथ घोषित कर दिए हैं। इसके साथ ही मंडल ने परिणाम सुधार के लिए भी तैयारी घोषित कर दी है। मई से ही इसकी शुरूआत होने वाली है। जारी परिणाम में उज्जैन संभाग का परिणाम पिछले वर्ष की अपेक्षा 5.77 प्रतिशत गिरा है। प्रदेश में उज्जैन जिला 10 वीं के परिणाम में 14 वें क्रम पर और 12 वीं में 15 वें स्थान पर रहा है। यहां तक की उज्जैन संभाग में भी मुख्यालय उज्जैन का क्रम 7 जिलों में दुसरे एवं तीसरे नंबर पर रहा है।

माध्यमिक शिक्षा मंडल के परिणाम में प्रदेश में उज्जैन का नंबर विगत वर्ष की अपेक्षा सुधार पर रहा है। जिले में बोर्ड परीक्षा परिणाम में शासकीय स्कूलों का 10वी में 2.5% एवं 12 वी में 6.24% की बढ़ोतरी हुई । जिले ने कक्षा 10 वी में 83.03% एवं कक्षा 12 वी में 86.23 % परीक्षा फल प्राप्त किया जो गत वर्ष से क्रमशः 2.5% एवं 6.24% ज्यादा रहा । वही कक्षा 10 वी में 8 एवं कक्षा 12 वी में 6 विद्यार्थियों ने राज्य मेरिट में स्थान प्राप्त किया । कलेक्टर रोशन कुमार सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ श्रेयान्स कुमट द्वारा मॉडल महिदपुर के विद्यालय का भ्रमण कर श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम वाले विद्यार्थियों का स्वागत कर उन्हें बधाई दी गई। विभागीय अधिकारियों में जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र खत्री एवं एडीपीसी गिरीश तिवारी द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय पहुंचकर विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें उज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी गई। एडीपीसी गिरीश तिवारी के अनुसार जिले में 60 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम प्राप्त करने वाले कक्षा 10वीं के 18 एवं कक्षा 12वीं के 3 विद्यालयों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया जाएगा।

### हायर सेकेंडरी में 1.59 फीसदी की गिरावट दर्ज

संभाग के 7 जिलों में इस वर्ष हायरसेकेंडरी कक्षा 12 वीं के परिणाम में भी 1.59 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। संभाग के नीमच,मंदसौर, उज्जैन, रतलाम ,आगर मालवा जिलों में जहां 6.24 प्रतिशत से लेकर 1.16 प्रतिशत तक परिणाम पिछले वर्ष की अपेक्षा बेहतर रहा है वहीं शाजापुर, देवास में परिणाम 2.22 से लेकर 11.33 प्रतिशत तक गिरा है।

**संभाग एक नजर में:12 वीं का परिणाम**

| जिला | वर्ष2025 | वर्ष 2026 |
|---|---|---|
| नीमच | 86.34 | 90.46 |
| उज्जैन | 79.99 | 86.23 |
| मंदसौर | 83.13 | 87.53 |
| रतलाम | 79.59 | 83.83 |
| शाजापुर | 86.01 | 83.79 |
| आगर-मालवा | 73.45 | 74.61 |
| देवास | 82.18 | 70.85 |

नोट- आंकडे प्रतिशत में हैं।
स्त्रोत-जिला शिक्षा कार्यालय,उज्जैन

### संभाग में 10 वीं का परिणाम 5.77 प्रतिशत गिरा

उज्जैन संभाग के 7 जिलों में बोर्ड परीक्षा के परिणाम में कक्षा 10 वीं में पिछले वर्ष के परिणाम की अपेक्षा गिरावट दर्ज की गई है। संभाग के मंदसौर , शाजापुर एवं देवास जिले में यह गिरावट दर्ज की गई है। कुल जमा संभाग में पिछले वर्ष के परीक्षा परिणाम 81.25 फीसदी की अपेक्षा इस वर्ष 75.48 फीसदी ही रहा है। नीमच,उज्जैन,रतलाम,आगर मालवा जिलों में करीब 3 फीसदी से लेकर दो फीसदी तक परिणाम में सुधार आया है।

**संभाग एक नजर में:10 वीं का परिणाम**

| जिला | वर्ष2025 | वर्ष 2026 |
|---|---|---|
| नीमच | 87.29 | 90.21 |
| उज्जैन | 80.57 | 83.07 |
| मंदसौर | 83.55 | 80.92 |
| रतलाम | 78.84 | 80.77 |
| शाजापुर | 86.22 | 79.53 |
| आगर-मालवा | 72.36 | 74.36 |
| देवास | 84.05 | 67.38 |

नोट- आंकडे प्रतिशत में हैं।
स्त्रोत-जिला शिक्षा कार्यालय,उज्जैन

## देवास की वजह से संभाग का क्रम गिरा

माध्यमिक शिक्षा मंडल के कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के घोषित परिणाम में उज्जैन संभाग के देवास जिला इस वर्ष अपने स्तर को बचाने में नाकामयाब रहा है। पिछले वर्षों में संभाग में अच्छे परिणाम के साथ सामने आने वाला देवास में इस वर्ष आकस्मिक रूप से परिणाम की गिरावट बहुत ज्यादा सामने आई है। इसे लेकर देवास में काफी चचाओं का दौर जारी है। देवास जिला में कक्षा 10 वीं के परिणाम में 16.67 प्रतिशत एवं 12 वीं में 11.33 प्रतिशत की गिरावट को लेकर चिंतन का दौर शुरू हो चुका है,जबकि पिछले वर्षों में उसके परिणाम संभाग के अन्य जिलों में 10 वीं के परिणाम में तीसरे क्रम पर और 12 वीं के परिणाम में चौथे क्रम पर रहे थे। देवास जिला में आकस्मिक रूप से परिणाम की यह गिरावट कई सवालों को जन्म दे रही है। शिक्षा विभाग भी इसे लेकर कमियों को तलाशने में जुट गया है।

**उज्जैन का परिणाम गत वर्ष की अपेक्षा सुधरा-** उज्जैन में कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम गत वर्ष 80.57% था, जो इस वर्ष बढ़कर 83.03 प्रतिशत हो गया है। इस प्रकार लगभग 2.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं कक्षा 12वीं का परिणाम 79.99 प्रतिशत से बढ़कर 86.23 प्रतिशत हो गया, जो 6.24 प्रतिशत की महत्वपूर्ण वृद्धि को दर्शाता है।

**10वीं के 28 ,12वीं के 6 स्कूलों का 100 प्रतिशत परिणाम-** जिला शिक्षा विभाग के अनुसार परिणामों के अनुसार जिले में कक्षा 10वीं में कुल 7517 परीक्षार्थियों में से 6207 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जबकि कक्षा 12वीं में 6110 में से 5267 विद्यार्थी सफल रहे। कक्षा 10वीं में 4483 (59.64 प्रतिशत) एवं कक्षा 12वीं में 4137 (67.72 प्रतिशत) विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

# ढाबा रोड पर चौड़ीकरण कार्य बना मुसीबत

### टूटी पाइपलाइन, कीचड़, गंदगी और जर्जर इमारतों से बड़ा हादसा होने का खतरा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ढाबा रोड पर श्रीनाथ जी मंदिर की ओर सड़क चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है, लेकिन यह विकास कार्य क्षेत्रवासियों के लिए भारी परेशानी का कारण बन गया है। यहां सड़कों और नालियों की खुदाई के चलते हालात बेहद खराब हो चुके हैं। कई जगहों पर पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई है, जिससे नालियों का गंदा पानी सड़कों पर जमा हो रहा है और लोगों को उसी गंदगी और कीचड़ के बीच से निकलने को मजबूर होना पड़ रहा है।

गंदगी और जलभराव के कारण क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है और दुर्गंध से लोगों का बुरा हाल है। वहीं चौड़ीकरण का कार्य भी बेहद धीमी गति से चल रहा है, जिससे क्षेत्रवासी नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। चौड़ीकरण के दौरान कई मकानों को तोड़ा गया है, जिससे आसपास के घरों की नींव भी कमजोर हो गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार ढाबा रोड स्थित श्रीनाथजी मंदिर के पास एक मस्जिद की दीवार भी अत्यंत जर्जर स्थिति में पहुंच चुकी है और कभी भी गिर सकती है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि तुरंत निरीक्षण कराकर आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि किसी बड़ी जनहानि से बचा जा सके।

बार-बार शिकायत करने के बावजूद नगर निगम के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। ढाबा रोड पर कुछ जर्जर इमारतें कभी भी गिर सकती है, लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।





### क्षेत्रवासी नारकीय जीवन जीने को मजबूर

चौड़ीकरण के कार्य में बरती जा रही लापरवाही के चलते आम जनता का जीवन दूभर हो गया है। मुख्य मार्गों पर निर्माण सामग्री के ढेर लगे हुए हैं, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है। महिलाएं और बुजुर्ग आए दिन फिसलकर गिर रहे हैं क्षेत्रवासियों का आरोप है कि मकानों के नल तोड़ दिए गए हैं, जिससे घरों में गटर का पानी पहुंच रहा है और लोग मजबूरी में वही दूषित पानी पीने को विवश हैं। हाल ही में इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई मौतों की घटना को देखते हुए लोगों में डर और बढ़ गया है।



### कालिदास मांटेसरी स्कूल ऋषि नगर के

## विद्यार्थियों ने 10वीं 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता हासिल की













दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

माध्यमिक शिक्षा मंडल म.प्र. द्वारा हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें कालिदास मॉन्टेसरी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल ऋषि नगर का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा 12वीं (पीसीएम) का 86.20%, कक्षा 12वीं (कॉमर्स) का 88.46 और कक्षा 10वीं का 77.44 प्रतिशत परिणाम रहा। संस्था अध्यक्ष माणकलालजी गिरिया, सचिव यशवंतजी जैन एवं प्राचार्या श्रीमती छाया पण्ड्या और सभी शिक्षकों ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## 22 टन प्रतिबंधित पॉलीथिन की नष्ट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगर निगम द्वारा जप्ती में पकड़ी गई प्रतिबंधित पॉलीथिन, डिस्पोजल ग्लास, दोने एवं चम्मच को एमआर-5 स्थित ट्रांसफर स्टेशन पर रोड रोलर चलाकर पूरी तरह नष्ट कर दिया गया। इस दौरान ग्राइंडर मशीन की मदद से सामग्री को क्रश भी किया गया।

जानकारी के अनुसार लगभग 22 टन से अधिक प्रतिबंधित पॉलीथिन को नष्ट किया गया। यह सामग्री शहरभर में चलाए जा रहे अभियान के दौरान जप्त की गई थी, जिसे नगर निगम मुख्यालय, ग्रांड होटल एवं मक्सी रोड स्थित डिपो में संग्रहित किया गया था।

निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देशानुसार स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के तहत प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। संग्रहित पॉलीथिन को नष्ट करने के साथ ही इसके विक्रय के लिए टेंडर प्रक्रिया अपनाई गई, जिसमें संबंधित निविदादाता द्वारा 23 रुपए प्रति किलो की दर से क्रश पॉलीथिन खरीदने का प्रस्ताव दिया गया। टेंडर स्वीकृत होने के बाद निगम ने रोड रोलर, जेसीबी और डंपर की मदद से पूरी सामग्री को नष्ट कर ग्राइंडर मशीन से क्रश किया और बाद में निविदादाता को सौंप दिया। इस क्रश पॉलीथिन का उपयोग अब दाने एवं डस्टबिन बनाने में किया जाएगा।

इस प्रक्रिया से नगर निगम को 5 लाख रुपए से अधिक की आय प्राप्त हुई, जबकि इस प्रतिबंधित सामग्री का बाजार मूल्य लगभग 40 लाख रुपए आंका गया है। निगम ने व्यापारियों, दुकानदारों और शहरवासियों से अपील की है कि वे प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग न करें। और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग दें।

कार्रवाई के दौरान उपायुक्त संजेश गुप्ता, सहायक आयुक्त राघवेंद्र सिंह पालिया एवं उपयंत्री कृष्णा भूरिया सहित निगम का अमला उपस्थित रहा।

# नियमित अध्ययन व लगन से ज्योति यादव ने पाई मंजिल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

माध्यमिक शिक्षा मण्डल, भोपाल की बारहवी की प्रावीण्य सूची मे शहर की होनहार छात्रा ज्योति यादव ने पांचवा स्थान प्राप्त कर विद्यालय व शहर को गौरवांवित किया है। शासकीय माधवनगर उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की कला संकाय की छात्रा ज्योति ने 500 मे से 485 अंक प्राप्त कर 97 प्रतिशत से परीक्षा उत्तीर्ण की।

शाजापुर जिले के एक छोटे से गांव इंचिवाडा की रहनेवाली ज्योति के पिता एक किसान हैं और उनके चार बच्चों मे ज्योति तीसरे नंबर की है। कृषक ज्ञानसिंह ने अपनी बच्चियों को सदैव ही पढने के लिए उद्यत किया व सदैव प्रोत्साहन दिया। आज उनके प्रोत्साहन का ही ये नतीजा रहा कि बेटी ने सफलता की इबारत लिख दी। दैनिक अवंतिका से चर्चा करते हुए ज्योति ने बताया कि वे यहां अपनी बडी बहन के परिवार के साथ रह रहीं हैं।





लक्ष्य बनाकर प्रतिदिन मेहनत करती रहीं। उनके अनुसार वे प्रतिदिन नियमित रूप से तीन घंटे पूरे मनोयोग से अध्ययन करती रहीं । वे अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षक वैभवी पेंढारकर, निरंजनकुमार बेलिया व गिरिराज सर को दे रही हैं जिन्होने उचित मार्गदर्शन द्वारा विषय को बारीकियां समझाई। ज्योति को अंग्रेजी विषय भे शत प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। ग्रेजुएशन के बाद ज्योति का सपना एक प्रशासनिक अधिकारी बनकर देश सेवा का है और वह उसकी तैयारी मे अभी से जुटी हुई है।

### सफलता के टिप्स

कला संकाय मे भूगोल थोडा कठिन विषय है। इसके टापिक्स याद करने के लिए ज्योति ने ट्रिक्स अपनाई जैसे स्मार्ट बोर्ड पर इमेज को समझना। ज्योति के अनुसार इमेज हमारे दिमाग मे काफी अच्छे से स्थाई मेमोरी के रूप मे रहती है और स्मार्ट बोर्ड छात्र का अच्छा साथी होता है। इसके अलावा विषय विशेषज्ञो के यूट्यूब पर लेक्चर्स भी मददगार होते हैं। इतिहास के लिए विभिन्न टेबल मदद करते हैं। ज्योति की सफलता ने एक बार फिर साबित कर दिया कि प्रतिभा , सुविधाओं की मोहताज नहीं , कडी मेहनत व लगन से सफलता का वरण किया जा सकता है।

### द्दढ इच्छाशक्ति आवश्यक

जिले की कला संकाय की प्रावीण्य सूची मे प्रथम स्थान प्राप्त करनेवाली उत्कृष्ट विद्यालय की ही छात्रा अन्वी येवले का कहना है कि लक्ष्य को हांसिल करने के लिए द्दढ इच्छाशक्ति बहुत आवश्यक है। अन्वी ने कला संकाय मे 95ड्ड 6 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय को गौरवांवित किया है। अन्वी का कहना है कि इतिहास जैसे विषय को कहानी के रूप मे सुनकर याद करना चाहिए। अन्वी ने अपनी इस सुनहरी सफलता का श्रेय अपनी मेहनत के साथ बडी बहन तन्मयी और शिक्षक निरंजनकुमार बेलिया को दिया जिन्होने मार्गदर्शन देकर उनकी सफलता की राह आसान की। भविष्य मे अन्वी प्रशासनिक अधिकारी बनकर देश सेवा करना चाहती है।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

इंदौर-उज्जैन | गुरुवार, 16 अप्रैल, 2025 | awantika.com



## न्यूज कॉलम

### सप्लीमेंट्री आने पर छात्रा ने ब्रिज से लगाई छलांग



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

बोर्ड परीक्षा कक्षा 10 वीं और 12 वीं का बुधवार को रिजल्ट घोषित कर दिया गया। परिणाम आते ही एक छात्रा ने मक्सीरोड ब्रिज से छलांग लगा दी। उसे सहेली उपचार के लिये निजी अस्पताल लेकर पहुंची। छात्रा को एक विषय में सप्लीमेंट्री आई थी।

पंवासा थाना प्रधान आरक्षक शेखर हरियाला ने बताया कि दोपहर 12.30 बजे के लगभग मक्सीरोड गोपालपुरा ब्रिज से एक युवती के छलांग लगाने की खबर मिली थी। पुलिस घटनास्थल पहुंची तो पता चला कि युवती को ई-रिक्शा से निजी अस्पताल पहुंचाया गया है। अस्पताल पहुंचने पर सामने आया कि घायल युवती कक्षा 12 वीं की छात्रा दिपिका पिता कैलाश मालवीय 18 साल निवासी लौहारपट्टी नानाखेड़ा है। छात्रा का एक हाथ और पैर फैक्चर हो चुका था। छात्रा के बयान दर्ज करने पर सामने आया कि उसे आकाउंट विषय में सप्लीमेंट्री आ गई थी। जबकि पेपर अच्छा गया था। रिजल्ट देखकर तनाव में आ गई थी, जिसके चलते उसने ब्रिज से छलांग लगाई है। प्रधान आरक्षक हरियाला के अनुसार घटना की जानकारी लगने पर परिवार अस्पताल पहुंच गया था।

#### सहेली के घर आई थी गोपालपुरा

बताया जा रहा है कि परीक्षा परिणाम को लेकर छात्रा दीपिका खुश थी, वह रिजल्ट देखने के लिये नानाखेड़ा से आटो में सवार होकर टॉवर चौक पहुंची थी, जहां से गोपालपुरा में रहने वाली सहेली यांशिका नागवंशी के घर पहुंची। दोनों ने एमपी ऑनलाइन पर जाकर अपना रिजल्ट देखा। सप्लीमेंट्री आने पर दीपिका तनाव मे आ गई थी और सहेली से घर जाने का बोलकर निकल गई थी। लेकिन गोपालपुरा से युवती के कूदने की खबर क्षेत्र में फैली तो सहेली संदेह होने पर पहुंची उसने दीपिका को देखा और तत्काल आटो से अस्पताल लेकर गई।

### आउटसोर्स कर्मियों की 21 को निकालेंगे बाइक रैली

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के विभिन्न शासकीय विभागों में कार्यरत आउटसोर्स और ठेका कर्मचारी 21 अप्रैल को अधिकारों की मांगों को लेकर बाइक रैली निकालेंगे। यह कार्यक्रम भारतीय मजदूर संघ के प्रांतीय आह्वान पर होगा। ऊर्जा, नगर निगम, कृषि उपज मंडी, शिक्षा और स्वास्थ्य सहित कई विभागों के कर्मचारी इसमें शामिल होंगे। विभाग प्रमुख सतीश शर्मा और जिला मंत्री किशन सिंह शेखावत के अनुसार दोपहर 1 बजे कर्मचारी फ्रीगंज के टावर चौक पर जुटेंगे। वहीं से रैली शुरू होगी। भारतीय मजदूर संघ के ठेका श्रमिक प्रभारी राजन नायर कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। ऊर्जा विभाग के प्रदेश सचिव राहुल मालवीय ने बताया कि रैली टावर चौक से इंदिरा गांधी चौराहा, पुलिस कंट्रोल रूम और माधव नगर होते हुए एलआईसी चौराहे स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय पहुंचेगी। वहां ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके बाद रैली दशहरा मैदान और कालिदास अकादमी के सामने से होते हुए कोठी पैलेस जाएगी। वहां जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर प्रदर्शन समाप्त किया जाएगा। कर्मचारियों की मांगों में आउटसोर्स और ठेका श्रमिकों के लिए निगम, मंडल या आयोग का गठन, 60 वर्ष तक नौकरी की सुरक्षा, सम्मानजनक वेतन, श्रम कानूनों का पालन और हर महीने तय दिन वेतन भुगतान शामिल है।

### दर्शन करते ही फफक-फफक रोया बच्चा, समिति ने की विशेष व्यवस्था

**उज्जैन।** उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में एक श्रद्धालु की गहरी आस्था ने सभी को भावुक कर दिया है। बैरिकेड से दर्शन करते समय बच्चे की आंखों में आंसू आ गए, जिसे देखकर मंदिर समिति ने विशेष व्यवस्था कर उन्हें चांदी द्वार से जल अर्पित कराकर नजदीक से दर्शन करवाए। सीहोर से आए एक श्रद्धालु की बाबा महाकाल के प्रति गहरी आस्था ने मंदिर परिसर में मौजूद लोगों को भावुक कर दिया। श्रद्धालु दोपहर के समय विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में भगवान के दर्शन के लिए पहुंचे थे। उनकी इच्छा थी कि वे भगवान महाकाल के निकट जाकर जल अर्पित करें और साक्षात दर्शन करें।



**आंखों से निकले आंसू:** जब श्रद्धालु बैरिकेड से ही दर्शन कर रहे थे और भगवान के पास न पहुंच पाने की स्थिति बनी, तो उनकी आंखों से आंसू निकल आए। यह दृश्य देखकर वहां मौजूद मंदिर समिति के अधिकारियों ने उनकी भावनाओं को समझा और तुरंत विशेष व्यवस्था कर उन्हें चांदी द्वार से दर्शन करवाए।

### शादियों में लगने वाले डिस्पोजल का भी हो रहा है संकट

# युद्ध के कारण प्लास्टिक दानों का आयात रुका, 125 ईकाईयां बंद

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**



खाड़ी में चल रहे युद्ध के कारण पॉलीमर दानों के नहीं आने के कारण अब इसका असर उद्योगों पर दिखने लगा है। शहर की प्लास्टिक फैक्ट्रियों में बीते 15 दिनों से सप्ताह में बमुश्किल दो से तीन दिन चल पा रही है।

रॉ मटेरियल की तंगी के साथ 125 से अधिक इकाइयों ने प्रोडक्शन बंद कर रखा है जो चल रही हैं वहां नाम का उत्पादन है। शादियों की शुरूआत हो चुकी है इसके साथ डिस्पोजल परेशानी बढ़ा रहे हैं।

शहर में पानी या चाय के लिए इस्तेमाल होने वाले 90 फीसदी डिस्पोजल कागज के हैं इनमें प्लास्टिक की लेयर है जो शरीर के लिए हानिकारक है।

निर्माण पर प्रतिबंध होने से सैकड़ों परिवारों का जीवन व्यापन प्रभावित हो रहा है।

प्लास्टिक निमार्ता संघ के प्रवीण पाटनी के अनुसार यदि सिंगल यूज प्लास्टिक के कप प्लेट्स गिलास, कांटे, चम्मच, चाकू, मिठाई के डिब्बे, निमंत्रण कार्ड और सिगरेट के पैकेट को उ पैक करने के काम आने वाला प्लास्टिक, प्लास्टिक या पीवीसी बैनर 100 से कम माइक्रॉन उत्पादों का उत्पादन, बिक्री और उपयोग प्रतिबंधित है।

कच्चे माल के तौर पर इस्तेमाल होने वाला पीवीसी (प्लास्टिक दाना) 27 फरवरी की शाम 120 रुपए प्रति किलो था वह अब 300 रुपए में भी नहीं मिल रहा। प्लास्टिक प्रोडक्ट के भाव हर घंटे बदल रहे हैं।

अमेरिका-इजरायल वर्सेस ईरान युद्ध प्लास्टिक उद्योग के लिए खतरनाक साबित हो रहा है। इससे हर तरह का प्रोडक्शन ठप है। प्लास्टिक दाने की कमी से जहां मैन्यूफेक्चरिंग यूनिटों में निर्माण कार्य ठप है जिससे सैकड़ों परिवारों के समक्ष रोजगार का संकट पैदा हो गया है।

### सिंहस्थ की तैयारी:10 किमी लंबे एमआर-12 का 5 किमी हिस्सा तैयार

# अगले साल अंत तक हो जाएगा शुरू, जाम से मिलेगी राहत



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर/उज्जैन**

सिंहस्थ के लिहाज से सबसे महत्वपूर्ण एमआर-12 ने रफ़्तार पकड़ ली है। करीब 10 किमी लंबी सड़क का 5 किमी का हिस्सा लगभग बन चुका है। नदी पर बनने वाले पुल का काम भी तेजी से चल रहा है, वहीं रेलवे ओवर ब्रिज के टेंडर एक-दो महीने में हो जाएंगे।

करीब 18 महीने में आरओबी भी बनकर तैयार हो जाएगा। साइट क्लियर होने से यहां काम तेजी से जारी है। अगले साल अंत तक एमआर-12 शुरू हो जाएगा। इससे इंदौर-उज्जैन रोड का लोड काफी हद तक कम हो जाएगा।

सीईओ डॉ. परीक्षित झाड़े के मुताबिक एमआर-12 पर तीन अलग-अलग हिस्सों में काम चल रहा है। तीनों जगह पर तीन शिफ्ट में काम किया जा रहा है। 5 किमी की रोड बनकर लगभग तैयार हो गई है। बस्ती को शिफ्ट किए जाने के भी प्रयास किए जा रहे हैं। प्रशासन और पुलिस की मदद से नगर निगम बस्ती वालों को फ़्लैट में शिफ्ट करेगी। बस्ती का निरीक्षण भी कर लिया गया है। एमआर-12 बनने से जिन्हें इंदौर नहीं आना है, वे बाहर से ही निकल जाएंगे।

#### इधर, गर्डर लॉन्चिंग पूरी, फिनिशिंग व लोड टेस्टिंग की हो रही तैयारी

बाणगंगा से सांवेर तरफ जाने वाला डबल डेकर ब्रिज भी दो महीने में बनकर तैयार हो जाएगा। गर्डर लॉन्चिंग का काम पूरा हो चुका है। दोनों तरफ सॉलिड एप्रोच (ढलान) भी बनकर तैयार हो चुकी है। अब फिनिशिंग और लोड टेस्टिंग का काम किया जाएगा। बारिश से पहले यह ब्रिज शुरू हो जाएगा।

#### एमआर-12 प्रोजेक्ट

**9.5 किमी**
कुल लंबाई

**4.50 किमी सड़क**
अब तक बन चुकी

**1.0 किमी सड़क**
एक महीने में पूर्ण होने वाली

**हाईलेवल नदी पुल**
निमार्णाधीन

**रेलवे ओवर ब्रिज**
शीघ्र टेंडर जारी होगा

#### परेशानी

संत रविदास नगर

**1.2 किमी**
ईंट भट्टों के गड्ढे

**1 किमी**
भूमि विवाद

**500 मीटर**
जहां कार्य शीघ्र शुरू होगा

1.3 किमी हिस्सा।

## चार वर्ष के बाद भी एल्डरमैन नहीं, आखिरी दौर में घमासान

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

भाजपा के एल्डरमैन का मामला फिर उलझन में पड़ गया है। आपसी खींचतान के चक्कर में निर्णय नहीं हो पा रहा है। बताते हैं कि जब तक भोपाल से हरी झंडी नहीं मिलती, तब तक ऐसा नहीं किया जा सकता।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम का कार्यकाल अब डेड़ बरस का और है, लेकिन एल्डरमैन को लेकर जो फैसला हो रहा था, वो अभी तक नहीं हो पाया है। हर बार एल्डरमैन की कार्रवाई अटक जाती है।

कारण यही है कि आपसी तालमेल नहीं हो पा रहा है और इसी चक्कर में घमासान मचा हुआ है। जिन नामों को लेकर चर्चा होना थी, उन पर अभी तक निर्णय नहीं हो पाया है।

बताते हैं कि एल्डरमैन में राजकुमार शर्मा, अजय कुशवाह, राधा राठौर, ब्रजेश शुक्ला, शिव वर्मा, बबलू मित्तल, राजकुमार सोलंकी, महेश जोशी, देवेश जजोदिया, एसएस शर्मा और पालीवाल का नाम सामने आया है।

अलग-अलग विधानसभाओं से ये नाम आए हैं, लेकिन अभी तक ये तय नहीं हो पाया है कि बनाया किसको जाए। बताते हैं कि अब एल्डरमैन में किसी की ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिख रही है।

नगर निगम परिषद का कार्यकाल चार बरस का पूरा हो चुका है और उसके बाद अगर एल्डरमैन बनाए गए तो उसका महत्व कम ही नजर आ रहा है, फिर भी आखिरी-आखिरी में जिम्मेदारी मिलने की बात को लेकर ये माना जा रहा है कि कोई निर्णय हो जाए।

भोपाल से जो बात होना है, उसको लेकर भी तैयारियां कम ही दिख रही है। विधायकों की रजामंदी हो चुकी है। इसके साथ ही दूसरे नेताओं को भी भरोसे में लिया जा रहा है, ताकि विधानसभा में विवाद की स्थिति ना बने। चार और तीन में झंझट दिखाई दे रहा है।

कारण यही है कि तीन नंबर में गोलू शुक्ला के अलावा आकाश विजयवर्गीय और गोपी नीमा का दखल भी दिखाई दे रहा है। चार नंबर में मालिनी गौड़ के साथ महापौर पुष्यमित्र भार्गव और सांसद शंकर लालवानी को लेकर भी बातें की जा रही है।

ये भी अपने समर्थकों के लिए अड़े हुए हैं। इसी कारण जो लिस्ट फायनल होना थी, वो अभी तक सुर्खियों में नहीं आई है, जिसके कारण जमीनी कार्यकताओं का नुकसान भी हो रहा है। कुल मिलाकर जल्द ही एल्डरमैन की नियुक्ति की बात होने वाली है।

## मालवा क्वीन'स क्लब ने धूमधाम से मनाया रॉयल बैसाखी फिएस्टा



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

मालवा क्वीन'स क्लब द्वारा रॉयल बैसाखी फिएस्टा बड़े उत्साह और उमंग के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पारंपरिक रंग, परिधान, वेश-भूषा कंपटीशन, ढोल पर नृत्य, हाथ से बने देसी सामग्री, बर्थडे सेलिब्रेशन इत्यादि देखने को मिले।

बैलून गेम में श्रीमती सुलोचना पटेल जी,और मीना सोनी जी जीती।

मटकी कंपटीशन में मटकी को सजाना था, उसमें नीति धवन, हरमीत कैथ, रूपिंदर गिल,और कमलेश जी की टीम जीती, जिससे आयोजन का पूरा माहौल बहुत ही आकर्षक हो गया।

श्रीमती किरण जिरेती जी ने जानकारी दी कि संचालिका कुंजन चाबा ने अपने संबोधन में बैसाखी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। उन्होंने पॉलीथिन का उपयोग न करने तथा पेपर बैग और कपड़े के थैलों के उपयोग को बढ़ावा देने की अपील की।

इस अवसर पर सुनीता मंत्री जी, श्रीमती बलवंत ढिल्लो जी एवं अल्पा मेहता जी ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।किरण जिरेती द्वारा सभी को बधाई दी

## 'भावनाओं एवं अनुभवों की सहज अभिव्यक्ति है मोनीषा की पुस्तकों में'

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

**(जफर मेहमूद)**



रविवार को कालिदास अकादमी में आस्था समाज रचना सेवा अनुसंधान संस्थान के तत्वाधान में मोनीषा छाबड़ा की तीन पुस्तकों का विमोचन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हिंदी साहित्यकार डॉ उमा वाजपेयी ने कहा 85 वर्षीय मोनिषा छाबड़ा को विरासत में साहित्य और संस्कृति मिली है। उनकी पुस्तकों को पढ़कर लगता है की बोझिल वातावरण में शुद्ध ताजी और सोंधी हवा के झोंके हमें स्पर्श कर रहे हैं। उन्होंने गुजराती से हिंदी में अनुवाद कर इन पुस्तकों को रचा है। साहित्य का अनुवाद करना बड़ा कठिन कार्य होता है। उन्होंने भावनाओं एवं अनुभवों को सहज रूप से स्पंदित किया है। वरिष्ठ मालवीय साहित्यकार डॉ शिव चौरसिया ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि आज आनंद का उत्सव है। मोनिषा जी ने अपने पिता वरिष्ठ साहित्यकार किशोरी रमन टंडन से साहित्यिक संस्कार लिए हैं। अपने पति डॉ मुल्क राज छाबड़ा से जीवटता की सीख ली है। ईश्वर की कृपा से इनका पुण्य साकार हुआ है। इस उम्र में रचनात्मक काम कर रही हैं। अत्यंत पारिवारिक एवं साहित्यिक विमोचन समारोह में सुश्री मोनिका सहगल, सुश्री गरिमा छाबड़ा , सुश्री शेफाली छाबड़ा और सुश्री सोनिया सहगल ने अपने भाव उद्गार व्यक्त किये।

### काल भैरव घाट पर अष्टधारा महायज्ञ का शुभारंभ, 17 को होगा समापन

**उज्जैन।** उज्जैन के काल भैरव घाट स्थित श्री बम-बम भूतेश्वर महादेव मंदिर में अघोर अखाड़ा उज्जैन एवं श्री सेनापति काल भैरव गौसेवा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में आठ दिवसीय अष्टधारा महायज्ञ का भव्य आयोजन प्रारंभ हुआ है। 10 अप्रैल 2026 से शुरू हुआ यह महायज्ञ 17 अप्रैल तक चलेगा। इस आयोजन का नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी विष्णु नाथ महाराज कर रहे हैं। महायज्ञ प्रारंभ होने से पूर्व विधिवत पूजन, मंत्रोच्चार एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में साधु-संत और श्रद्धालु शामिल हुए।

महायज्ञ के दौरान मंदिर परिसर को आकर्षक सजावट, रंग-बिरंगी रोशनी और ध्वज-पताकाओं से सजाया गया है, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु, साधु-संत और साधक-साधिकाएं यहां पहुंचकर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं। आयोजन में विभिन्न अखाड़ों के संतों की भी भागीदारी हो रही है, जिससे इसका धार्मिक महत्व और अधिक बढ़ गया है। समापन के दिन 17 अप्रैल को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### युवा कलाकार गौरव महावर ने माइक्रो आर्ट के जरिए 2.5 सेंटीमीटर के बादाम पर 12 ज्योतिर्लिंग उकेरकर अनोखा वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने यह कलाकृति तय समय से पहले केवल 39 मिनट में पूरी की।

# ढाई सेंटीमीटर के बादाम पर उकेरे 12 ज्योतिर्लिंग, गौरव ने बनाया अनोखा वर्ल्ड रिकॉर्ड

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

युवा कलाकार की एक ऐसी प्रेरणादायक कहानी सामने आई है, जो साबित करती है कि सीमित संसाधन कभी असीमित प्रतिभा को नहीं रोक सकते। इस युवक ने कभी अपराधियों को पकड़वाने के लिए पुलिस की मदद हेतु स्केच बनाए थे, उसी गौरव महावर ने अब माइक्रो आर्ट के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने मात्र 2.5 सेंटीमीटर आकार के बादामों पर एक्रेलिक रंगों और माइक्रोस्कोप की मदद से 12 ज्योतिर्लिंगों की अत्यंत सूक्ष्म और सुंदर कलाकृतियां उकेरकर वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है।






#### गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की प्रक्रिया जारी

इस उपलब्धि को इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और वर्ल्ड वाइड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने मान्यता दे दी है, जबकि गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की प्रक्रिया जारी है। गौरव महावर ने बताया कि इस रिकॉर्ड का शीर्षक द्वादश ज्योतिर्लिंग सनातन संहिता रखा गया है। निर्धारित समयसीमा डेढ़ घंटे की थी लेकिन गौरव ने यह पूरी कृति महज 39 मिनट में पूरी कर दी। उन्होंने प्रत्येक बादाम को करीब तीन मिनट दिए और 12 बादामों पर 36 मिनट खर्च किए, जबकि शेष तीन मिनट अन्य प्रक्रियाओं में लगे। इस रिकॉर्ड का खिताब नितेश भार्गव ने प्रदान किया।

#### कई संदिग्धों के स्केच बना चुके हैं गौरव

गौरव बताते हैं कि इससे पहले वे कई आपराधिक मामलों में पुलिस की मदद के लिए संदिग्धों के स्केच बना चुके हैं जिससे आरोपियों को पकड़ा जा सका। इसके अलावा वे रश्मिका मंदाना, कैलाश खेर और तुषार कपूर जैसी हस्तियों के चित्र बनाकर उन्हें भेंट कर चुके हैं। गौरव की यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष है, क्योंकि वे एक साधारण परिवार से आते हैं। उनके पिता ऑटो रिक्शा चालक हैं और गौरव खुद अभी पढ़ाई कर रहे हैं। सीमित साधनों के बावजूद उनकी लगन और कला के प्रति जुनून ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई है।

## न्यूज कालम



## बाबा साहब अंबेडकर की 135 वीं जन्मजयंती पर भव्य रैली

**मंडलेश्वर।** भारतीय संविधान निर्माता डॉ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की 135 वी जयंती पर ग्राम छोटी खरगोन में भव्य रैली का आयोजन किया गया। रैली में छोटे छोटे बच्चों को बाबा साहब की वेशभूषा में तैयार कर बग्गी पर बिठाया गया साथ ही डीजे की धुंध पर लोग नाचते हुए नजर आए । मोटरसाइकल रैली में लोगों ने जय भीम के झंडे लगाकर रैली को नीलामय बना दिया । गांव की हर एक गली से गुजरते हुए रैली में जय भीम के गानों ने लोगो को उत्साह से भर दिया । बलाई मोहल्ले से शुरू हुई यात्रा मंडलेश्वर नगर के अंबेडकर चौराहे पर समाप्त की गई जहां सभी ने बाबा साहब अंबेडकर को माल्यार्पण कर नमन किया । इस अवसर पर शिक्षक ललित भालसे, रिटायर्ड कमिश्नर आर आर गंगारेकर, बलाई महासंघ के तहसील कार्यकारी अध्यक्ष अश्विन पिपल्दे, पवन भालसे, राकेश चौबे, विजय भालसे, कैलाश गंगारेकर, अनुराग भालसे, गोविंद पांडे, कालू अवचरे, सहित समाज के कई गणमान्य लोग शामिल रहे।

## एक्सपायरी कोल्ड ड्रिंक्स पर राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त कार्रवाई



**आलीराजपुर।** कलेक्टर नीतू माथुर के निर्देशन में आज राजस्व एवं खाद्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से अभियान के माध्यम से खाद्य दुकानों पर जांच की गई। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सुश्री निधि मिश्रा एवं खाद्य अधिकारी श्री गडरिया के नेतृत्व में दल ने शहर के विभिन्न होलसेल कोल्ड ड्रिंक्स विक्रय प्रतिष्ठानों, गोदामों एवं होटलों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान कई स्थानों पर एक्सपायरी कोल्ड ड्रिंक्स पाए जाने पर उन्हें तत्काल जब्त किया गया। साथ ही विभिन्न ब्रांड के कोल्ड ड्रिंक्स एवं मिठाइयों के नमूने भी लिए गए, जिन्हें गुणवत्ता परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भोपाल भेजा जा रहा है। कार्रवाई प्रमुख रूप से आर.आर. ग्रुप कैम्पा, शुभम जिंसी कोल्ड ड्रिंक्स, श्री मार्केटिंग कोल्ड ड्रिंक्स, शारणेश्वर टी स्टॉल एवं अभय एव्हरफ्रेश पर की गई है।अनुविभागीय अधिकारी सुश्री निधि मिश्रा ने स्पष्ट किया कि आमजन के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## अमरनाथ यात्रा हेतु मेडिकल जांच शुरू, 200 लोगो का स्वास्थ्य परीक्षण



**देपालपुर।** अमरनाथ यात्रा के लिए अनिवार्य मेडिकल परीक्षण सुविधा का शुभारंभ बुधवार से शासकीय अस्पताल देपालपुर में किया गया। पहले ही दिन 200 से अधिक श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कैंप में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा ब्लड प्रेशर, शुगर सहित आवश्यक चिकित्सीय जांच की गई। अमरनाथ यात्रा संयोजक केदार पंड्या की अगुवाई में आयोजन समिति पूरे समय मौजूद रही और व्यवस्थाओं का संचालन किया गया। इस दौरान लोकेन्द्र माली, संदीप सेन, अनिल बाजपेयी, अजय पटेल एवं विजय गुर्जर ने सक्रिय सहयोग दिया। स्थानीय स्तर पर मेडिकल जांच की सुविधा मिलने से यात्रियों ने संतोष व्यक्त किया। प्रशासन एवं आयोजन समिति के समन्वय से शिविर सुचारू रूप से संचालित हुआ। आने वाले दिनों में यात्रियों की संख्या बढ़ने की संभावना जताई गई है।

## कनवासा सोसाइटी के समर्थन में किसान तहसील पहुंचे, निष्पक्ष जांच की मांग

**देपालपुर।** कनवासा सहकारी समिति के खिलाफ प्रकाशित खबरों के विरोध में क्षेत्र के सैकड़ों किसान तहसील कार्यालय पहुंचे और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने समर्थन मूल्य खरीदी में रिश्वत व ट्रॉलियां रोकने के आरोपों को निराधार और भ्रामक बताया। किसानों का कहना है कि समिति प्रबंधक श्री मनोज शर्मा का कार्यकाल पारदर्शी रहा है और उन्होंने कभी किसी प्रकार की अवैध मांग नहीं की। बड़े कांटे पर तुलाई को लेकर लगाए गए आरोपों को भी तथ्यहीन बताया गया। किसानों ने मांग की कि जांच पूरी होने से पहले कोई कार्रवाई न की जाए तथा शिकायत झूठी पाए जाने पर संबंधितों के खिलाफ कानूनी कदम उठाए जाएं।

# सबका साथ, सबका प्रयास, सबका सहयोग' से ही सफल होगा सर्वाइकल टीकाकरण अभियान: महेंद्र जैन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन नई दिल्ली द्वारा एचपीवी टीकाकरण अभियान पूरे देश में निःशुल्क संचालित हो रहा है। इसी क्रम में म.प्र. स्वास्थ्य मिशन के परिपत्र अनुसार जिले के कलेक्टर हर्ष सिंह के निदेर्शानुसार व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेंद्र वर्मा के मार्गदर्शन में बुरहानपुर जिले में अभियान चलाया जा रहा है।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वाई बी शास्त्री व जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर के संरक्षक व संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र जैन के सहयोग व स्वास्थ्य विभाग की सम्पूर्ण टीम के माध्यम से इस अभियान को सफल बनाने के लिए चरणबद्ध योजना तैयार की गई है।

पहले चरण में स्कूलों एवं आंगनवाड़ियों में उन किशोरी बालिकाओं का टीकाकरण किया जा रहा है जिन्होंने १४ वर्ष पूर्ण कर लिए हैं और १५ वर्ष के बीच की हैं। इस अभियान के अंतर्गत आज जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर के संरक्षक व संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र जैन, बुरहानपुर शहरी सुपरवाइजर अशफाक अंसारी, स्वास्थ्य विभाग बुरहानपुर के डीपीएम सुशांत रिबेनकर के साथ स्वास्थ्य विभाग की सिस्टर, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं काउंसलर रुपेश महाजन, जितेश गावंडे ने शासकीय उर्दू कन्या उ.मा. विद्यालय हरीरपूरा एवं शासकीय खैराती बाजार उर्दू उ.मा. विद्यालय बुरहानपुर में जाकर जागरूकता अभियान चलाया।

जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर के संरक्षक एवं संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र जैन ने कहा कि इस अभियान की सफलता तभी संभव है जब सबका साथ, सबका प्रयास और सबका सहयोग मिलेगा। इस देश की हर कौम की 14 से 15 वर्ष के बीच की किशोरी बालिकाओं का टीकाकरण अभियान में आकर टीका लगवा लेना ही इस अभियान की सफलता है। तभी इस देश की युवा पीढ़ी इस उन्नतशील देश में सहभागी बनकर विकास में सहायक सिद्ध होगी।

## पुलिस की मुस्तैदी से युवक की पहचान कर ली गई, मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया

**मंडलेश्वर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत उमिया महाविद्यालय के पीछे, नर्मदा तट स्थित आश्रम के समीप मंगलवार दोपहर एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी जानकारी के अनुसार, मंगलवार दोपहर लगभग 1 बजे नर्मदा पर स्नान करने वालो ने नदी में एक युवक का शव तैरते हुए देखा था, जिसकी सूचना तत्काल मंडलेश्वर थाना प्रभारी पंकज तिवारी को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने पुलिस टीम मौके पर रवाना किया और स्थानीय लोगों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला। इसके बाद शव को रात्रि के शासकीय अस्पताल मंडलेश्वर में रखा गया सुबह बुधवार को पुलिस थाने के सहायक उप निरीक्षक रमेश वास्कले में जानकारी दी कि मृतक का नाम मुकेश पिता बाबूलाल हतागले उम्र 42 वर्ष निवासी कुंडिया का रहने वाला है वास्कले ने बताया कि मृतक मंडलेश्वर के नर्मदा तट मुक्तिधाम घाट पर उनके गांव के किसी परिजन का अंतिम संस्कार करने आया था आशंका जताई जा रही है कि युवक की मृत्यु पानी में डूबने के कारण हुई है। मृतक का फोटो, वीडियो सोशल मीडिया पर पुलिस ने डाला था इसके बाद परिजनों को पता लगा सुबह मृतक का भतीजा और परिजनों ने शव की पहचान की इसके बाद मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया गया और उसका अंतिम संस्कार मंडलेश्वर मुक्तिधाम पर किया गया।

## जिले के छात्र दिव्य नरेश मंत्री ने प्रदेश में पाया 7वां स्थान, कलेक्टर ने किया सम्मानित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर



मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणामों में जिले के डॉन बास्को स्कूल, आलीराजपुर के वाणिज्य संकाय के छात्र दिव्य नरेश मंत्री ने 12 वीं कक्षा में 97 प्रतिशत अर्जित कर प्रदेश में 7वां स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने उन्हें एवं उनके अभिभावकों को कलेक्टर कार्यालय में आमंत्रित कर सम्मानित किया तथा हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने दिव्य नरेश से उनकी परीक्षा तैयारी के संबंध में चर्चा की और उनके भविष्य के लक्ष्यों के बारे में जानकारी ली। दिव्य नरेश ने बताया कि वे आगे ग्रेजुएशन में बीबीए करना चाहते हैं और इसके बाद आईआईएम से मास्टर डिग्री हासिल करना उनका लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि वे भविष्य में एक सफल उद्यमी (इंटरप्रेन्योर) बनना चाहते हैं। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने दिव्य नरेश को भविष्य में भी इसी लगन और मेहनत के साथ अध्ययन करने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ अपनी रुचियों के लिए भी समय निकालें और सोशल मीडिया का सकारात्मक एवं सही उपयोग करें, ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल बन सके। इस दौरान दिव्य नरेश मंत्री की माता, उनके बड़े भाई, जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री निधि मिश्रा तथा डिप्टी कलेक्टर श्री तपिस पांडे उपस्थित रहे।

## ई-टोकन प्रणाली से होगा उर्वरक वितरण अनियमितता पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर

किसान कल्याण वर्ष 2026 के तहत जिले में किसानों को सुगमता से उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 1 अप्रैल 2026 से शत-प्रतिशत उर्वरक वितरण ई-विकास प्रणाली के माध्यम से किया जा रहा है। उर्वरक वितरण प्रणाली को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए कृषि विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है।

उपसंचालक कृषि श्री एस.एस. चौहान ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उर्वरक का वितरण पूरी तरह ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, मार्कफेड के डबल लॉक केंद्रों, मार्केटिंग सोसायटियों और सभी निजी विक्रेताओं का सत्यापन कर अनियमितताओं पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि उर्वरक की कालाबाजारी, यूरिया के औद्योगिक उपयोग तथा अधिक मूल्य पर बिक्री करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को निरीक्षण के दौरान स्टॉक रजिस्टर, पीओएस मशीन और भौतिक स्टॉक का मिलान करने के निर्देश भी दिए गए। सभी विक्रेताओं को स्पष्ट रूप से कहा गया है कि बिना ई-टोकन किसी भी किसान को उर्वरक का विक्रय न किया जाए। साथ ही स्टॉक और बिक्री से संबंधित जानकारी को नियमित रूप से अद्यतन रखना अनिवार्य किया गया है।

उप संचालक कृषि श्री सज्जन सिंह चौहान ने कृषि ने कहा कि किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही किसानों से अपील की है कि वे उर्वरक प्राप्त करने के लिए निर्धारित ई-टोकन प्रक्रिया का पालन करें।

### बजट क्वेस्ट 2026 में बुरहानपुर के युवाओं का कमाल

## 12 लाख युवाओं के बीच चयनित प्रधानमंत्री से किया सीधा संवाद

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



माय भारत भारत सरकार द्वारा आयोजित विकसित भारत बजट क्वेस्ट 2026 में बुरहानपुर शहर की ज्ञानेश्वरी ठाकुर, चेतन जाधव और अंजली मिश्रा ने राष्ट्रीय स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व किया। 12 लाख युवाओं के बीच चयनित होकर इन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संवाद करने का अद्वितीय अवसर प्राप्त किया।

तीनों प्रतिभागियों ने बताया कि प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों के साथ हुए संवाद में महसूस हुआ कि आज का युवा केवल दर्शक नहीं बल्कि नीति-निमार्ता बन चुका है। बजट प्रक्रिया, सरकारी योजनाओं और नीति निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को मजबूत करते हुए उन्होंने आर्थिक नीतियों, समावेशी विकास और विकसित भारत 2047 के विभिन्न आयामों पर अपने विचार साझा किए। यह साबित करता है कि युवा अब देश की आर्थिक नीतियों और बजट प्रक्रिया में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं।

इस क्वेस्ट के साथ महिला संसद का भी आयोजन किया गया जिसमें महिला वंदन अधिनियम विधेयक पर जोरदार चर्चा हुई। इसमें बुरहानपुर की ज्ञानेश्वरी ठाकुर, चेतन जाधव और अंजली मिश्रा ने चयनित होकर जिले का प्रतिनिधित्व किया और विकसित भारत के लिए अपना रोडमैप साझा किया।खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मंत्री विश्वास सारंग ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि माय भारत की टीम अपने उत्कृष्ट कार्यों के लिए जानी जाती है और बुरहानपुर के युवाओं ने जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।

## भाजपा ने मनाया डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी का जन्म दिवस

**बाग।** भारतीय संविधान के शिल्पकार, समाज सुधारक,समता, न्याय और बंधुत्व के प्रणेता, भारत रत्न श्रद्धेय बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर जी की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मण्डल बाग द्वारा विजय स्तंभ चौराह बाग पर श्रृद्धेय बाबा साहेब की प्रतिमा पर श्रृद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री महेंद्र सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष सुरेश सिसोदिया, मण्डल महामंत्री अंकित झंवर, सुरेश रावत, प्रताप चौहान, पुर्व जिला आईटी सेल सहसंयोजक प्रकाश शर्मा, पुर्व मंडल महामंत्री भेरूलाल धारवाल, सरपंच धर्मेंद्र बामनिया, कलमसिह चौहान, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष अर्जुन जमरा, पुर्व अजा मोर्चा जिला मंत्री दिनेश खोटे, सुनिल शिन्दे, भाजपा अजा मोर्चा मंडल विक्रमसिसोदिया, राजेश बल्देवा, कालु चौहान, रमेश अनारु, शेरू बामनिया, सोशल मीडिया प्रभारी संजय देपाले, निलेश पाण्डे, लखन सोलंकी, केशरसिह मंडलोई, कार्यक्रम का संचालन श्री अंकित झंवर एवं आभार दिनेश सिसोदिया किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मण्डल बाग के उपस्थित सभी सम्माननीय कार्यकर्ता बंधुओ ने बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्री चरणों में श्रृद्धा सुमन अर्पित किए।

## संघ शताब्दी वर्ष पर आयोजित हुई प्रमुख जन गोष्ठी

**बाग।** नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा 'प्रमुख जन गोष्ठी' का गरिमामय कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में स्वयंसेवकों द्वारा पधारे हुए सभी प्रमुख जनों का पंजीयन कर प्रवेशिका देते हुए आत्मीय स्वागत किया गया। इस गोष्ठी में मंचासीन रहे धार विभाग के माननीय संघ चालक भूपेंद्र कसेरा मुख्य वक्ता विभाग कार्यवाह अरविंद जी चौधरी एवं बाग खंड के माननीय खंड संघ चालक श्री मनोज काग उपस्थित रहे मुख्य वक्ता ने शताब्दी यात्रा और वर्तमान राष्ट्रीय परिस्थितियों पर विस्तार से पाथेय रखा। चौधरी ने संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार के जीवन दर्शन और तत्कालीन परिस्थितियों का वर्णन करते हुए बताया कि डॉ साहब को हिंदू समाज को संगठित करने की आवश्यकता क्यों महसूस हुई। उन्होंने कहा, "संघ का प्रारंभिक संघर्ष और अंग्रेजों से लेकर बाद की सरकारों द्वारा समय-समय पर लगाए गए प्रतिबंधों के बावजूद, आज संघ की जो स्वीकार्यता है, उसका श्रेय संघ की पवित्रता, कार्यकर्ताओं के समर्पण और समाज की सज्जन शक्ति को जाता है।" उन्होंने गुरुजी के जीवन का प्रसंग सुनाते हुए 'दांत और जुबान' के उदाहरण से स्वयंसेवकों के संयम को समझाया।

## कलेक्टर ने किया शा.उ.मा.वि. महिदपुर के छात्र-छात्राओं का बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने पर सम्मान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन



कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ श्री श्रेयांस कूमट ने बुधवार को शासकीय मॉडल स्कूल महिदपुर का निरीक्षण कर शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम आने पर हर्ष व्यक्त कर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बधाई दी। कलेक्टर श्री सिंह ने विद्यालय भ्रमण के दौरान शाला की कृषि एवं स्वास्थ केयर प्रयोगशाला का शुभारंभ किया।

शासकीय मॉडल स्कूल महिदपुर के भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने कक्षा 12वीं में प्रवेश किए छात्रों से संवाद कर उन्हें आगामी बोर्ड परीक्षा की तैयारी अभी से शुरू करने और पढ़ाई नियमित रूप से करने के लिए प्रेरित किया।

कलेक्टर श्री सिंह ने विद्यालय भ्रमण के दौरान बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा सत्र 2025-26 के लिये घोषित कक्षा 10वीं का परीक्षा परि?णाम विद्यालय का शत प्रतिशत रहा है। कक्षा 10वीं की परीक्षा में सम्मिलित समस्त 82 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए जिसमें से 71 प्रथम श्रेणी तथा 11 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए है। इसी प्रकार विद्यालय में 10 वीं में प्रथम स्थान सुश्री नव्या ने 93.6 प्रतिशत, द्वितीय स्थान सुश्री प्रतिष्ठा ने 93.4 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान सुश्री निदा रंगरेज ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किये । इसी प्रकार कक्षा 12वीं में 78 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए, जिसमें प्रथम स्थान सुश्री सुमन जोशी ने ८9.6 प्रतिशत, द्वितीय स्थान श्री प्रघुमन्न यादव ने ८7.2 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान संयुक्त रूप से श्री कमल सूर्यवंशी और श्री मुजीबुर्रेहमान ने ८5.8 प्रतिशत प्राप्त किए।

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की परीक्षा में विशिष्ट प्रदर्शन करने पर स्कूल के प्राचार्य श्री रामेश्वर सोनी, वरिष्ठ शिक्षकगण श्री प्रेमचंद्र परमार,श्री दिलीप अटोलिया,श्री श्रावण परमार, श्रीमती साधना ठोमोर,श्री आनंद पंचोली,श्रीमती नीलम पाण्ड्या, श्रीमती गायत्री यादव,श्री लक्ष्मी मालवीय,श्री गोकुल घुंघरवाल,श्री राजेश परमार, श्रीमती नगमा बी,श्री अकिला सोनी,श्री अभिलाषा जोशी,श्रीमती आशी सूर्यवंशी,श्रीमती शालू पाठक,श्री सुदर्शन शर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए उत्तीर्ण छात्रों को शुभकामनाएं देकर छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## 16 अप्रैल को बंद रहेगी बड़वानी शहर में विद्युत सप्लाय

**बड़वानी ।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कनिष्ठ यंत्री से प्राप्त जानकारी अनुसार 16 अप्रैल को 11 केवी गुरूद्वारा फीडर पर मेंटेनेंस का कार्य किया जायेगा, जिसके कारण प्रातः 7 बजे से 11बजे तक बस स्टेण्ड, रूक्मणी नगर, अमित नगर, बृज विहार कालोनी, श्रीराम नगर, शिव मंदिर, नवलपुरा रोड़, हनुमान मंदिर, आनंद कारज भवन, सांची दूध डेयरी, मनोरमा हास्पिटल सहित आस पास के क्षेत्रों में विद्युत सप्लाय बाधित रहेगा।

# प्रत्येक समिति पर चार तौल कांटों की अनिवार्यता सुनिश्चित करें-कलेक्टर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने जिला पंचायत सीईओ श्री श्रेयांस कूमट के साथ बुधवार को जिले के गेहूंउपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री सिंह ने उपार्जन केंद्रों पर स्लॉट बुकिंग ,छांव, पेयजल, मेडिकल सुविधा ,उपार्जन प्रक्रिया आदि व्यवस्थाओं का सूक्ष्म अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक को दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने किसानों की सुविधा के दृष्टिगत उपार्जन कार्य तेजी से करने के लिए उपार्जन सुबह ०८ बजे से शुरू करने और प्रत्येक समिति को कम से कम चार तौल कांटों का संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने सबसे पहले ग्राम मानपुरा स्थित उपार्जन केंद्र अडानी एग्रो स्टील सायलो का निरीक्षण किया। इसके पश्चात देवास रोड़ स्थित कल्याण एक्सप्रेस वेयरहाउस केंद्रों का निरीक्षण किया।

कलेक्टर श्री सिंह ने उपार्जन केंद्र अडानी एग्रो स्टील सायलो केंद्र ग्राम मानपुरा पर गेहू के परीक्षण की प्रक्रिया देखी। कलेक्टर श्री सिंह ने यहां पर गेहू में नमी की टेस्टिंग करने वाली मशीन पर सम्बंधित कृषक की फसल का परीक्षण करवाकर गेहू के नमूने को देखा।जिले में स्लॉट बुकिंग कर उपार्जन सुव्यस्थित रूप से किया जा रहा हैजिले में उपार्जन केंद्रों पर गेहूं उपार्जन स्लॉट बुकिंग कर सुव्यस्थित रूप से किया जा रहा है। कलेक्टर श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान ग्राम निनोरा के कृषक श्री तंवर से चर्चा कर उपार्जन की प्रक्रिया की जानकारी ली।

कृषक ने जानकारी दी कि स्लॉट बुकिंग कर उपार्जन केंद्र पहुंचने पर सुगमता से गेहूं उपार्जन हो रहा है।स्लॉट बुकिंग कर निर्धारित समय पर उपार्जन केंद्र पहुंचने पर लंबी लाइन में नहीं लगना पड़ रहा है।उपार्जन केंद्रों पर स्लॉट नंबर दिखाने के बाद कृषकों के गेहूं का लेबोरेट्री में मानकों के परीक्षण उपरांत वजन किया जा रहा है , इसके पश्चात गेहूं को स्टोर किया जाकर कृषकों के भुगतान की प्रक्रिया की जा रही है।

पार्किंग सुव्यवस्थित तरीके से करवाएकलेक्टर श्री सिंह ने देवास रोड़ स्थित कल्याण एक्सप्रेस वेयरहाउस स्थित उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया। कल्याण एक्सप्रेस वेयरहाउस देवास रोड़ पर नरवर और नौगांवा समितियों द्वारा उपार्जन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री सिंह ने उपार्जन केंद्र पर तौल कांटों की संख्या की जानकारी लेकर तौल कांटों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए।

## जनभागीदारी से राघवी की बावड़ी का हुआ पुनरोद्धार

**उज्जैन।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जनपद महिदपुर की ग्राम पंचायत राघवी में स्थित निजी बावड़ी का जीर्णोद्धार सफलतापूर्वक पूरा किया गया। ग्राम रामसरा निवासी बालू सिंह पुत्र अमर सिंह की समझाइश के बाद ग्राम पंचायत के पूर्ण सहयोग से बावड़ी की साफ-सफाई, रंगाई-पुताई तथा गाद निकासी (डिसिल्टिंग) का कार्य किया गया।

इस कार्य के उपरांत बावड़ी की जल भंडारण क्षमता बढ़कर लगभग 9500 घन मीटर हो गई है।

यह जनभागीदारी का उत्कृष्ट उदाहरण है, जो जल संरक्षण की दिशा में एक मजबूत कदम साबित हुआ है। इससे पशुओं के लिए पर्याप्त पेयजल उपलब्धता, कृषि सिंचाई में सीधा लाभ, आसपास के कुओं के जल स्तर में उल्लेखनीय वृद्धि, नहर एवं वर्षा जल का बेहतर संचयन, कृषि उत्पादन एवं फसल की गुणवत्ता में सुधार होगा। इस पुनर्जीवित बावड़ी से आसपास के लगभग ४० किसानों को सिंचाई के लिए समय पर पर्याप्त पानी मिल पाएगा। इससे उनकी आय में वृद्धि के साथ-साथ फसल उत्पादन भी बढ़ेगा।

www.awantika.com

# विनम्रता से साधना



विनम्रता का जीवन में क्या महत्व है? हमारे जीवन में जो कुछ भी घटित होता है, उसके पीछे एक गहरी आध्यात्मिक सच्चाई काम करती है, और वह है परमात्मा की कृपा। कहा जाता है, जब ईश्वर-कृपा होती है, तो मूक व्यक्ति भी वाचाल हो उठता है और पंगु भी पर्वत पर चढ़ने की शक्ति पा लेता है। यह केवल कहावत नहीं, जीवन का गहन सत्य है कि मनुष्य की अपनी शक्ति बहुत सीमित है; जो कुछ भी सामर्थ्य उसमें है, वह परमात्मा का ही अंश है।

हम अक्सर यह मान बैठते हैं कि हमारी सफलता, क्षमता और उपलब्धियां केवल हमारे प्रयासों का परिणाम हैं, लेकिन यदि हम थोड़ी गहराई से सोचें, तो पाएंगे कि हमारे जीवन की हर छोटी-बड़ी शक्ति, शरीर की ताकत, मन की ऊर्जा और बुद्धि की क्षमता, सब कुछ प्रकृति और परमात्मा के दिए हुए हैं। हम जो अन्न खाते हैं, जो जल पीते हैं, जो वायु सांस में लेते हैं और जो प्रकाश हमें ऊर्जा देता है, सब ईश्वर की देन हैं। इनके बिना हमारा अस्तित्व संभव ही नहीं। इसलिए यह समझना अत्यंत आवश्यक है कि मेरा कुछ भी नहीं है। जब मनुष्य इस भाव को अपने भीतर उतार लेता है कि वह केवल एक माध्यम है और उसके जरिये कार्य करने वाली शक्ति परमात्मा की है, तब उसके भीतर अद्भुत ऊर्जा का संचार होता है। विनम्रता ही उसे वास्तविक शक्ति प्रदान करती है।

जीवन में जो भी कार्य होते हैं, उनके पीछे एक विशेष वृत्ति कार्य करती है, इसे एषणा कहा जाता है। एषणा का अर्थ है- इच्छा को कार्यरूप देने का प्रयास। जब मन में कोई इच्छा जन्म लेती है और हम उसे पूरा करने के लिए प्रयास करते हैं, वही एषणा है। संसार की हर रचना, हर उपलब्धि और हर परिवर्तन इसी एषणा का परिणाम है, लेकिन यहीं पर एक और गहरा रहस्य छिपा है। केवल मनुष्य की एषणा से सब कुछ नहीं होता, बल्कि परमात्मा की एषणा भी उसके साथ जुड़ी होती है। जब मनुष्य की व्यक्तिगत इच्छा और परमात्मा की सार्वभौमिक इच्छा एक दिशा में काम करती हैं, तभी कार्य में सिद्धि मिलती है। मनुष्य अक्सर यह बात भूल जाता है और सफलता का श्रेय स्वयं को दे देता है। वास्तव में, जो कुछ होता है, वह परमात्मा की इच्छा के अनुरूप ही होता है। याद रखिए, तप का सर्वोत्तम रूप है, जनसेवा। जब हम दूसरों की सेवा करते हैं और प्रत्येक व्यक्ति में परमात्मा का अंश देखते हैं, तब वह सेवा केवल सामाजिक कार्य नहीं रह जाती, बल्कि आध्यात्मिक साधना बन जाती है। जब मनुष्य अपने अहंकार को त्यागकर परमात्मा की इच्छा के साथ स्वयं को जोड़ लेता है और समाज के कल्याण में अपना योगदान देता है, तभी उसका जीवन सार्थक बनता है। यही सच्ची साधना है और इसी में मनुष्य का वास्तविक कल्याण है।

**सम्पादकीय**

## अब सम्राट की सत्ता

अपने शासन वाले प्रदेशों में मुख्यमंत्री के चयन से भाजपा सबको चौंकाती रही है, मगर बिहार में सम्राट चौधरी का नाम मानो दीवार पर लिखी हुई इबारत थी, जिसे 14 अप्रैल की शाम औपचारिक तौर पर पढ़ा गया। पहले प्रदेश अध्यक्ष, फिर उप-मुख्यमंत्री व गृह मंत्री के पदभार से नवाजकर पार्टी ने यह संकेत दे दिया था कि राज्य में नेतृत्व का कोई संकट नहीं है और वह उन्हें ही कमान सौंपने वाली है। बिहार में अपने मुख्यमंत्री की दशकों पुरानी साध पूरी होते ही सम्राट चौधरी के नाम का एलान करने में भाजपा ने कोई देरी नहीं की। सम्राट के चुनाव के जरिये पार्टी ने राज्य में पिछड़े वर्गों की भावनाओं का तो ख्याल रखा ही, अपेक्षाकृत कम उम्र के सम्राट के लंबे राजनीतिक अनुभव को भी ध्यान में रखा। गौरतलब है, सम्राट साल 1999 में ही पहली बार राबड़ी मंत्रिमंडल में शामिल किए गए थे। उसके बाद से वह कई बार विधायक और मंत्री बने। जाहिर है, विभिन्न विभागों में बतौर मंत्री काम करते हुए वह राज्य की समस्याओं से जमीनी तौर पर रूबरू हुए होंगे और अपने अनुभवों को समृद्ध किया होगा। उम्मीद है, बिहार को उन अनुभवों का अब लाभ मिल सकेगा।

कोई भी ताज, खासकर सत्ता की कुरसी यूं ही नहीं मिलती, वह अपने साथ जिम्मेदारियों का भारी बोझ लेकर आती है। सम्राट चौधरी के सामने न सिर्फ बिहार की जनता में एक कुशल प्रशासक की छाप छोड़ने की चुनौती होगी, बल्कि पार्टी व उसके कार्यकर्ताओं की अपेक्षाओं पर भी उन्हें खरा उतरना होगा। यह काम आसान नहीं है। तब तो और, जब पहली बार जद-यू मुख्यमंत्री विहीन हो रहा है और उसके नेताओं-कार्यकर्ताओं को इसकी कसक जरूर होगी। यहीं पर, सम्राट के नेतृत्व की परीक्षा होगी। उन्हें गठबंधन को साधते हुए चलना होगा। निस्संदेह, यह सहूलियत उनके पास है कि सदन के भीतर विपक्ष का अंकगणित बहुत कमजोर है और अगले लोकसभा या विधानसभा चुनाव में अभी काफी लंबा वक्त है। उनके पास बड़ी लकीर खींचने का पूरा समय है, मगर सम्राट इस तथ्य को अनदेखा नहीं कर सकते कि वह गठबंधन सरकार के मुखिया हैं। बिहार प्रयोगों की धरती है और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इसके पुरोधा हैं। इसलिए, जश्न और जोखिम, दोनों उनके हिस्से में एक साथ आया है।

**बंगाल विधानसभा चुनाव-2026**

## क्या दीदी का मां मानुष माटी का किला ढहने वाला है?



डॉ. हरिकृष्ण बडोदिया
(दैनिक अवन्तिका)

ऐसा लगता है पश्चिम बंगाल से ममता बनर्जी के पैर 4 मई को उखड़ जाएंगे। लगातार बौखलाहट और विपक्षी नेताओं पर विष बुझे तीरों वाले जहरीले बयान उनकी अकुलाहट और हड़बड़ाहट को स्पष्ट कर रहे हैं। जो ममता बनर्जी कभी अपने सामने श्री राम का नारा लगाने वालों को गाड़ी रोक कर सजा देती रहीं वे आज हिंदुओं की चिरौरी करती नजर आ रही हैं। बंगाल के सिलीगुड़ी में अपने भाषण में दोनों हाथ उठाकर वह कहती नजर आईं, हर हर महादेव, रक्षा करो महादेव। हिंदुओं को रिझाने के लिए उन्होंने दिसंबर 25 में घोषणा की कि उत्तर बंगाल में महाकाल मंदिर का निर्माण किया जाएगा। एक तरफ वे मंदिरों के सौंदर्यीकरण और विकास के लिए फंड जारी कर रही हैं तो साथ ही पुजारियों के लिए वित्तीय सहायता की योजनाएं भी चला रही हैं। ये सारे काम उन्होंने हिन्दुत्व को बढ़ावा देने के लिए नहीं उठाए बल्कि उन्हें अपने पक्ष में मतदान कराने के लिए उठाए हैं। ममता बनर्जी को बंगाल की शेरनी कहा जाता है लेकिन चुनाव प्रचार में उनकी दहाड़ में वह आत्मविश्वास नहीं दिखाई दे रहा जिसके लिए वे कभी जानी जाती रहीं। असल में दीदी के 15 सालों में पिछले पांच साल जो कुशासन रहा है उससे लोगों का दीदी से मोह भंग हो चुका है। ममता राज की तानाशाही, मुस्लिम तुष्टिकरण की इंतहा, गुंडों, मवालियों और दबंगों का जनता पर जुल्म, राज्य में शिक्षा सहित कई विभागों में भ्रष्टाचार, महिलाओं में असुरक्षा की भावना, संदेशखाली, आर जी कर हॉस्पिटल और कोलकाता लॉ कॉलेज में रेप और यौन उत्पीड़न की घटनाएं और शासकीय योजनाओं में गुंडों द्वारा कट मनी वसूली और सबसे बड़ी त्रासदी हिंदुओं को हर त्यौहार पर पर्व मनाने के लिए कोर्ट से गुहार करने की मजबूरी जैसे और भी अनेक कारण हैं जिन्होंने राज्य की जनता को ममता से दूरी बनाने का काम किया है। सच्चाई तो यह है कि बंगाल की मां, मानुष और माटी, ममता राज से त्रस्त हो गई जिसका परिणाम चुनाव परिणामों में दिखना अवश्यंभावी लग रहा है। चुनाव आयोग और उच्चतम न्यायालय के एसआईआर की प्रक्रिया में सख्ती के अमल ने भी ममता के आत्मविश्वास को डिगा दिया है। उनका मुस्लिम प्रेम जिसके दम पर वे विगत 15 सालों से बंगाल पर राज कर रही हैं आजकल हिंदुओं की तरफ शिफ्ट हो गया है। वे बंगालियों को डरा रही हैं कि यदि भाजपा सत्ता में आई तो वह मछली नहीं खाने देगी वह नॉनवेज पर प्रतिबंध लगा देगी। यह बेसिर पैर का बयान उनकी मानसिक दशा को व्यक्त करता है। आज भारत के 21 राज्यों में भाजपा और उसके सहयोगी दलों की सरकारें हैं। इन्होंने कहां-कहां मछली खाने या मांस खाने पर प्रतिबंध लगाया। भाजपा ऐसा क्यों करेगी। क्योंकि ममता के पास बंगालियों को अपने शासनकाल की उपलब्धियां बताने के लिए कुछ नहीं है तो वे फिजूल की बातों से लोगों को डराने की कोशिश करती नजर आ रही हैं। उन्हें लग रहा है कि उनका जनाधार दरक रहा है और हिंदू वोटों के बड़े पैमाने पर ध्रुवीकरण की संभावना शत प्रतिशत नजर आ रही है जिससे उनकी सत्ता का बच पाना आज की स्थिति में संभव नहीं लग रहा। बंगाल में मुसलमानों की बड़ी आबादी है जिसका असर सत्ता बनाने या बिगाड़ने में बहुत मायने रखता है। ऐसे कई विधानसभा क्षेत्र हैं जहां मुस्लिम मतदाता निर्णायक की भूमिका में हैं। मुर्शिदाबाद में मुस्लिम मतदाता सबसे ज्यादा 60 प्रतिशत, मालदा में 51 प्रतिशत, दक्षिणी दिनाजपुर में 49 प्रतिशत, कूच बिहार में 25 प्रतिशत, बीरभूम में 37 प्रतिशत, दक्षिण चौबीस परगना में 35 प्रतिशत, पश्चिम चौबीस परगना में 25 प्रतिशत और नदिया में 26 प्रतिशत हैं। ऐसे में हर चुनाव में मुसलमानों की भूमिका बहुत निर्णायक होती है। यही कारण है कि ममता मुस्लिम वोटों के हुमायूं कबीर और ओवैसी की तरफ शिफ्ट होने से खौफ खा रही हैं। अब वह यह कहते नजर आ रही हैं कि हुमायूं कबीर को भाजपा ने टीएमसी के मुस्लिम वोटों को काटने खड़ा किया है। उसे बीजेपी का दलाल कहा जा रहा है। इसके लिए टीएमसी ने बाकायदा एक वीडियो जारी किया है जिसमें हुमायूं कबीर किसी से बात करते हुए मानता दिख रहा है कि मुसलमान बेवकूफ होते हैं और उन्हें अपने पक्ष में करने के लिए सामने वाले से जिसका वीडियो में चेहरा नहीं दिख रहा 200 करोड़ और देने की मांग करता है। निश्चित ही यह वीडियो मुसलमानों में हुमायूं के प्रति अविश्वास खड़ा करने में ममता का एक दांव नजर आता है। हुमायूं ने इस वीडियो को ए आई जेनरेटेड वीडियो बता कर खारिज कर दिया है। हालांकि ममता हुमायूं और ओवैसी के गठजोड़ टूटने से खुश लग रही हैं लेकिन तब भी वे हुमायूं कबीर और ओवैसी से टीएमसी को होने वाले नुकसान को भांप रही हैं।

पश्चिम बंगाल में कुल 294 विधानसभा सीटें हैं जिनमें 112 सीटें ऐसी हैं जहां मुस्लिम मतदाता निर्णायक हैं। वर्तमान में इनमें से 106 सीटें ममता बनर्जी के पास हैं दूसरी तरफ 182 हिंदू बहुल निर्वाचन क्षेत्र में से ममता ने 109 सीटों पर जीत दर्ज की थी इस प्रकार उनके विधायकों की विधानसभा में कुल संख्या 215 है। आज ममता न केवल हिंदुओं से बल्कि मुसलमानों से भी डरी हुई हैं। वास्तव में यदि हिंदू वोटो का उच्च स्तर पर ध्रुवीकरण हुआ और मुसलमान वोटों का विभाजन हुआ तो ममता की जीत की संभावनाएं कमजोर पड़ जाएं तो आश्चर्य नहीं होगा। इसके बावजूद भी ममता को पूरी तरह कमजोर नहीं माना जा सकता क्योंकि उन्होंने एक मुस्लिम लाभार्थी वर्ग तैयार किया है। कई मुसलमान जातियों को पिछड़े वर्ग में शामिल करना तथा मदरसों को बजट में 5713 करोड़ का सबसे अधिक आवंटन करना उनके मुस्लिम तुष्टिकरण की सबसे बड़ी विशेषता है। विधानसभा में बहुमत के लिए 148 सीटों की आवश्यकता होती है। इस लिहाज से भाजपा की निर्भरता उन 182 हिंदू बहुल सीटों पर अधिक है। बदले माहौल में जब बंगाल की जनता बीजेपी, मोदी और अमित शाह के पक्ष में सकारात्मक बदलाव की तरफदारी करते दिखाई दे रही है तब उन क्षेत्रों में जहां मुस्लिम आबादी 25 से 35 प्रतिशत ही है भाजपा को जीत के लिए कड़ी मेहनत करना होगी।

2021 में जिस तरह भाजपा के सुबेंदु अधिकारी ने नंदीग्राम में ममता बनर्जी को हराया था वैसा चमत्कार अन्य बहुत ही सीटों पर होना आवश्यक है। ममता बनर्जी आज की स्थिति में जब लग रहा है कि भाजपा बहुत बड़ा उलट फेर करने जा रही है भवानीपुर सीट पर अपनी जीत के प्रति पूरी तरह से आश्वस्त होंगी ऐसा लगता नहीं। जब वे नंदीग्राम हारी थीं तब भी उन्हें जनता ने छकाया था और इस बार भी जनता उन्हें छका दे तो कोई आश्चर्य नहीं होगा।

## एक भारतीय पति

भारतीय गृहस्थी के कुरुक्षेत्र में पत्नी वह अपराजेय महारथी है, जो बेलन को गांडीव की तरह नहीं, बल्कि मर्यादा पुरुषोत्तम के डंडे की तरह इस्तेमाल करती है ताकि पति का 'स्व' और 'अहं' दोनों कुचले जा सकें। बेचारा पति एक ऐसा क्लर्क है, जिसकी फाइल पर पत्नी रूपी उच्चाधिकारी हर दस मिनट में नई आपत्ति लगा देता है। वह जब घर में प्रवेश करता है, तो उसे अहसास होता है कि उसकी हैसियत उस फटे हुए पायजामे जैसी है जिसे सिर्फ पोंछा लगाने के काम लाया जा सकता है। पत्नी की वाणी में वह मधुरता होती है जो सीधे कान के पर्दे फाड़कर कलेजे में छेद कर देती है, और उसका तर्क इतना वैज्ञानिक होता है कि वह सिद्ध कर देती है कि अगर सब्जी में नमक कम है, तो इसके पीछे पति के खानदान का सामंती इतिहास जिम्मेदार है। वह एक ऐसी तानाशाह है जो प्रजातंत्र का ढोंग करते हुए पति से पूछती है कि 'खाने में क्या बनेगा?', लेकिन अंततः वही बनता है जो पति को नापसंद हो, क्योंकि कष्ट ही मोक्ष का मार्ग है।

पति के लिए पत्नी का सताना कोई आकस्मिक घटना नहीं, बल्कि एक व्यवस्थित 'पंचवर्षीय योजना' है जिसे वह प्रतिदिन सफलतापूर्वक लागू करती है। वह उसकी अलमारी को इस तरह 'व्यवस्थित' करती है कि बेचारा अपनी बनियान खोजने के लिए यूनेस्को की मदद मांगने पर मजबूर हो जाए, और जब वह न मिले, तो पत्नी अपनी दिव्य दृष्टि से उसे वहीं से निकाल लेती है जहाँ से वह दस बार देख चुका होता है। इस चमत्कार के बाद जो ताना मारा जाता है, वह किसी धारदार छुरे से अधिक गहरा घाव देता है कि 'आंखें हैं या बटन?'। वह पति की छोटी-छोटी खुशियों को वैसे ही निगल जाती है जैसे कोई भ्रष्ट नेता विकास का बजट डकार जाता है। यदि पति दोस्तों के साथ हंसने की गुस्ताखी कर ले, तो घर लौटते ही उसे वह मौन व्रत झेलना पड़ता है जिसकी भयावहता के सामने हिमालय की गुफाएं भी फीकी पड़ जाएं। उसके व्यंग्य बाण इतने सटीक होते हैं कि अर्जुन भी शरमा जाए, और हर पंचलाइन में पति की सात पीढ़ियों का उद्धार हो जाता है। एक सताने वाली पत्नी का सबसे प्रिय हथियार 'तुलना' है, जिसमें वह पड़ोस के उस निठल्ले वर्मा जी को भी साक्षात कुबेर और सत्यवादी हरिश्चंद्र सिद्ध कर देती है, ताकि पति को अपनी दरिद्रता और नैतिक पतन का बोध होता रहे।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 16 अप्रैल 2026 गुरुवार
सूर्योदय - 06:09 सूर्यास्त 18:44
वैशाख मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 13:30 से 15:00 तक
तिथि - चतुर्दशी 20:12 उपरांत अमावस्या
नक्षत्र - उत्तराभाद्रपदा 13:59 उपरांत रेवती
योग - ऐन्द्र 10:37 उपरांत वैधृति
करण - विष्टि
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मीन में रहेगा।
मुस्लिम मास - सव्वाल मास 27 तारिख

**मेष-** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**वृषभ-** व्यापार लाभदायक रहेगा। शेयर मार्केट में सोच-समझकर निवेश करें। कम प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी।

**मिथुन-** जल्दबाजी में कोई भी लेन-देन न करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। फालतू खर्च होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

**कर्क-** अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा।

**सिंह-** सट्टे व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण रहेगा।

**कन्या-** संतान पक्ष से स्वास्थ्?य तथा अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी। नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं मिलेगा।

**तुला-** कार्यशैली में परिवर्तन करना पड़ सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा।

**वृश्चिक-** प्रेम-प्रसंग में हड़बड़ी न करें। विवाद हो सकता है। नकारात्मकता रहेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें।

**धनु-** युवक व युवती विशेष सावधानी बरतें। विवाद को बढ़ावा न दें। स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है।

**मकर-** सुख के साधनों पर व्यय होगा। स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं। प्रॉपर्टी में लाभ हो सकता है।

**कुंभ-** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। नौकरी में सुख-शांति रहेंगे। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें।

**मीन-** कोई ऐसा कार्य न करें जिससे अपमान हो। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। समस्या का हल मिलेगा।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

**श्रद्धांजलि**

## महान गायिका आशा जी



महान पार्श्वगायिका आशा भोसले का निधन संगीत जगत के लिए अपूर्णीय क्षति है , छोटी सी उम्र में अभावों के बीच अपना कैरियर शुरू कर बुलंदियों पर पहुंच कर देश- विदेश में भारत की बहुमुखी प्रतिभा की धनी आशाजी ने अपने कैरियर में विभिन्न भाषाओं में लगभग बारह से पंद्रह हजार गीत गाए , हिन्दी के अलावा मराठी,बंगाली,गुजराती, पंजाबी, भोजपुरी,तमिल, मलयालम, अंग्रेजी,रूसी भाषा में भी गीत गाकर एक रिकार्ड बनाया, संगीत की में चाहे शास्त्रीय संगीत हो, गजल, पॉप संगीत, कव्वाली या भजन हर विधा और विविधता में उन्होंने दिल लगाकर गाया , पहली बार 1948 में हिन्दी फिल्म चुनरिया में सावन आया गीत गाकर कई प्रसिद्ध फिल्मों में गीत गाकर अपनी काबिलियत साबित की , उमराव जान फिल्म में गाई इनकी गजलों ने उस समय संगीत-प्रेमियों के दिलों में धूम मचा दी। उनकी इस फिल्म में गाई गजल दिल चीज क्या है,इन आंखों की मस्ती के,ये क्या जगह है , दोस्तों और जुस्तजू जिसकी थी उस दौर की सर्वाधिक पसंद की जाने और गुनगुनाने वाली गजलें बन गई, इस फिल्म के हिट होने की प्रमुख वजह यह सुरीली गजल भी रही है। ओपी नैयर,आरडी बर्मन और एआर रहमान के साथ ही आपने काम किया ,ग्रेमी पुरस्कार के लिए नामांकित होने वाली पहली महिला गायिका रही। देश -विदेश में मिले कई पुरस्कार आपके नाम है पर मध्यप्रदेश सरकार का लता मंगेशकर पुरस्कार,दादा साहेब फालके पुरस्कार,पद्म विभूषण जैसे बड़े सम्मान और कई फिल्म फेयर अवार्ड आपकों मिले जो आपकी बहुमुखी प्रतिभा और गायिकी के प्रति समर्पण को दशार्ता है।



संजय डागा
(दैनिक अवन्तिका)

## आशा भोंसले जी

दे कर अनमोल खजाना अपने हृदय स्पर्शी सुरों का इस विश्व को,
12 अप्रैल 2026 को कहा अलविदा आशा भोंसले जी ने जग को,
अपने आत्मविश्वास और हुनर के दम पर ही किया दिलों पर राज,
जीवन में संगीत साधना से कई नायाब पुरस्कारों का पहना ताज ।
चाहे बंद हो नभ की ओर रास्ते सारे उन्हें अपने पंखों पर था यकीन,
जिंदगी को जिया भी अपनी जिद्द और कला के दम पर हॉ बेहतरीन,
आशा जी ने संगीत की विधाओं को प्रस्तुत किया अपने ही अंदाज,
बन गयी उनकी स्वर आराधना अरबों दिलों की पसंदीदा आवाज ।
ईश्वरीय अनंत कृपा उन पर जन्म हुआ था उनका संगीतज्ञ घराने में,
परवरिश संगीत ने उनकी की रूह में रचा बसा कर उसी जमाने में,
उतरी वो गायकी में दीदी लता जी के साथ घर की जिम्मेदारी लेकर,
अब तक 16,000 से भी अधिक कई भाषाओं में गाएं गीत जमकर ।
दिलों को आशाएं देने वाली आशा अब नहीं है हमारे बीच स्वशरीर से,
पर उनकी जादूई आवाज हमेशा के लिए अमर हुई रूहानी जमीर से,
उनके आशा रेस्टोरेंट में विदेश में खाया था मैंने भी एक बार खाना,
महसूस किया उनका अद्भुत व्यक्तित्व कैसे बना देता सबको दीवाना ।
प्रार्थना हैं उनकी पाक आत्मा को मिलें ईश ₹आनंद₹ चरणों में स्थान,
ऐसे ही कुछ नेक दिल बंदों पर रब रहता हैं सदा के लिए मेहरबान,
ये नश्वर शरीर त्यागना हैं हम सबको एक न एक दिन यह तो हैं तय,
पर जो भव्य सौगात देकर होते विदा चिरकाल तक वे पूज्य अजेय ।



मोनिका डागा
(दैनिक अवन्तिका)

## डिजिटल धोखाधड़ी पर RBI की बड़ा नियम, किया कारगर



शुभम दुबे
(दैनिक अवन्तिका)

डिजिटल इंडिया के दौर में ऑनलाइन पेमेंट ने हमारे जीवन को बेहद आसान बना दिया है, जहाँ एक क्लिक पर पैसे का लेनदेन संभव है। लेकिन इस रफ्तार के साथ डिजिटल फ्रॉड का खतरा भी साये की तरह बढ़ता जा रहा है, जिसने पिछले साल 22 हजार करोड़ रुपए से अधिक की चपत लगाई है। इसी चुनौती को भांपते हुए भारतीय रिजर्व बैंक ने ऑनलाइन भुगतान को और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए क्रांतिकारी बदलावों का प्रस्ताव रखा है। यह कदम न केवल बैंकिंग प्रणाली में सुधार लाएगा, बल्कि उन लाखों लोगों के लिए एक सुरक्षा कवच की तरह होगा जो अक्सर जालसाजों के मनोवैज्ञानिक दबाव में आकर अपनी गाढ़ी कमाई गंवा बैठते हैं।

आरबीआई के नए प्रस्तावों में सबसे महत्वपूर्ण बदलाव 10,000 से अधिक के ट्रांजैक्शन पर 1 घंटे का 'होल्ड' है। फिलहाल, डिजिटल पेमेंट तत्काल होते हैं, जिससे गलती का अहसास होने पर भी उसे सुधारने का कोई रास्ता नहीं बचता। यह एक घंटे की देरी यूजर को जल्दबाजी में किए गए किसी भी गलत लेनदेन को कैंसिल करने का सुनहरा मौका देगी। यह व्यवस्था विशेष रूप से उन लोगों के लिए वरदान साबित होगी जिन्हें जालसाज बहला-फुसलाकर या डर दिखाकर तुरंत पैसे ट्रांसफर करवाते हैं। निश्चित रूप से, यह 'स्पीड' और 'सुरक्षा' के बीच का एक अनिवार्य संतुलन है। सुरक्षा के इस घेरे को और मजबूत करने के लिए बुजुर्गों और दिव्यांगों का विशेष ध्यान रखा गया है। 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए 50,000 से ज्यादा के लेनदेन पर एक 'ट्रस्टेड पर्सन' की मंजूरी अनिवार्य करना एक सराहनीय कदम है। यह सुविधा बुजुर्गों को धोखाधड़ी से बचाने के लिए एक अतिरिक्त दीवार की तरह काम करेगी, जिससे उनके डिजिटल लेनदेन अधिक सुरक्षित और भरोसेमंद हो सकेंगे।

आम जनता के लिए एक बड़ी राहत 'व्हाइटलिस्ट' फीचर की घोषणा है। जो लोग नियमित रूप से एक-दूसरे को या मर्चेंट्स को पेमेंट करते हैं, वे उन्हें अपनी व्हाइटलिस्ट में जोड़ सकेंगे। इस सूची में शामिल लोगों के साथ लेनदेन करते समय एक घंटे का यह होल्ड लागू नहीं होगा, जिससे रोजमर्रा के भुगतान में कोई बाधा नहीं आएगी। यह तकनीकी समाधान न केवल सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि यह भी ध्यान रखता है कि आम उपयोगकताओं की रोजमर्रा की सुविधा पर इसका नकारात्मक असर न पड़े। इन सबके बीच, सबसे प्रभावशाली सुझाव 'किल स्विच' का है। अब तक अकाउंट हैक होने की स्थिति में ग्राहकों को कस्टमर केयर के चक्कर काटने पड़ते थे और तब तक अपराधी अपना काम कर चुके होते थे। 'किल स्विच' के आने से, किसी भी अनहोनी या संदेह की स्थिति में ग्राहक स्वयं एक क्लिक के जरिए अपनी सभी डिजिटल भुगतान सेवाओं को तुरंत बंद कर सकेंगे। यह अपराधियों के मंसूबों पर पानी फेरने के लिए एक बेहद प्रभावी और त्वरित हथियार साबित होगा।

अंततः, तकनीक का उद्देश्य जनजीवन को सरल बनाना है, और सुरक्षा के बिना यह सरलता अर्थहीन है। फ्ङक की यह कवायद डिजिटल फ्रॉड करने वालों की बढ़ती तादाद पर प्रशासन की सख्ती का प्रमाण है। चूँकि इस विषय पर 8 मई तक आम जनता से सुझाव मांगे गए हैं, इसलिए यह जागरूक नागरिकों का कर्तव्य है कि वे इस पर विचार करें और अपनी राय साझा करें। सरकार और फ्ङक द्वारा उठाया गया यह कदम भविष्य में डिजिटल अर्थव्यवस्था के प्रति आम जनता का विश्वास और अधिक मजबूत करेगा, बशर्ते हम नई सुविधाओं को समझने और अपनाने के लिए खुद को जागरूक रखें।

**धर्म-आस्था**

## सप्त सागर की महिमा: उज्जैन में आस्था, शुद्धि और मोक्ष का दिव्य पथ



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

भारतीय सनातन परंपरा में तीर्थ केवल भौगोलिक स्थान नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और आध्यात्मिक उन्नयन के केंद्र माने गए हैं। ऐसी ही दिव्य और पुण्यभूमि है उज्जैन, जहाँ देवाधिदेव महादेव स्वयं महाकाल रूप में विराजमान हैं। यह नगरी केवल दर्शन मात्र से कष्टों को हरने वाली नहीं, बल्कि जीवन के गहन आध्यात्मिक रहस्यों को अनुभव कराने वाली भी है। यहाँ आस्था केवल विश्वास नहीं, बल्कि अनुभूति बन जाती है।

माना जाता है कि महादेव की कृपा जिस पर हो जाए, उसके जीवन से भय, संकट और अकाल मृत्यु का संकट दूर हो जाता है। मृत्यु के देवता भी उस भक्त के समीप आने में असमर्थ हो जाते हैं, जिस पर शिव की अनुकंपा हो। इसी दिव्यता के मध्य स्थित हैं सात पवित्र सरोवर, जिन्हें ह्वसप्त सागरह्ण के नाम से जाना जाता है। इनका उल्लेख प्राचीन पुराणों—विशेषकर विष्णु पुराण और स्कंद पुराण—में भी मिलता है, जो इनके आध्यात्मिक महत्व को और अधिक प्रमाणित करता है।

उज्जैन में स्थित ये सप्त सागर केवल जलाशय नहीं, बल्कि आध्यात्मिक ऊर्जा के जीवंत स्रोत हैं। रुद्रसागर, क्षीरसागर, गोवर्धन सागर, रत्नाकर सागर, विष्णु सागर, पुरुषोत्तम सागर और पुष्कर सागर—ये सातों सरोवर मिलकर एक पवित्र श्रृंखला का निर्माण करते हैं, जो श्रद्धालुओं के लिए आत्मशुद्धि का मार्ग बनती है। प्रत्येक सरोवर का अपना विशिष्ट पौराणिक महत्व है और हर एक से जुड़ी आस्था अलग प्रकार की आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान करती है।

रुद्रसागर, जो महाकालेश्वर मंदिर के पीछे स्थित है, विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना जाता है। श्रद्धालु मानते हैं कि महाकाल के दर्शन के पश्चात इस सरोवर में स्नान करने से समस्त पापों का क्षय होता है और जीवन में पवित्रता का संचार होता है। इसी प्रकार क्षीरसागर को भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी का निवास स्थान माना गया है, जहाँ स्नान और दान का विशेष महत्व बताया गया है।

गोवर्धन सागर भगवान श्रीकृष्ण से जुड़ा हुआ है, जहाँ स्नान के पश्चात दान और भक्ति की परंपरा श्रद्धालुओं को सेवा और समर्पण की भावना से जोड़ती है। रत्नाकर सागर, जिसे रत्नों का सागर कहा जाता है, क्षिप्रा नदी की सहायक धारा से जुड़ा हुआ है और इसे आध्यात्मिक समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। अन्य सरोवर—विष्णु सागर, पुरुषोत्तम सागर और पुष्कर सागर—भी अपने-अपने महत्व के साथ जीवन के कष्टों से मुक्ति दिलाने वाले माने जाते हैं।

विशेष रूप से अधिकमास में इन सप्त सागरों का महत्व अत्यधिक बढ़ जाता है। यह काल साधना और आत्मचिंतन का विशेष अवसर माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस अवधि में यदि श्रद्धालु इन सातों सरोवरों की परिक्रमा और स्नान करता है, तो उसे पापों, रोगों और मानसिक क्लेशों से मुक्ति प्राप्त होती है। यह केवल धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि आत्मिक संतुलन प्राप्त करने का एक सशक्त माध्यम भी है।

वास्तव में, उज्जैन के इन पवित्र स्थलों की यात्रा केवल कर्मकांड नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर है। जब श्रद्धालु इन सरोवरों के तट पर खड़ा होता है, तो वह अपने भीतर झांकने का प्रयास करता है और जीवन के वास्तविक उद्देश्य को समझने की दिशा में अग्रसर होता है। यही इस यात्रा का सार है।

आज के भागदौड़ भरे जीवन में, जहाँ मनुष्य बाहरी उपलब्धियों में उलझा हुआ है, उज्जैन के ये सप्त सागर हमें भीतर की शांति और संतुलन की ओर लौटने का संदेश देते हैं। यह स्मरण कराते हैं कि जीवन का वास्तविक सुख केवल भौतिकता में नहीं, बल्कि आध्यात्मिक चेतना में निहित है।

अतः जब भी महाकाल की नगरी उज्जैन जाने का अवसर मिले, तो केवल मंदिर दर्शन तक सीमित न रहें, बल्कि इन पवित्र सप्त सागरों की यात्रा भी अवश्य करें। यह यात्रा न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करेगी, बल्कि जीवन को नई दिशा और दिव्यता से भी आलोकित करेगी।

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1200-3113 चना काबली- 3970-8975, चना बड़ा- 5001-5650, रायड़ा- 5730-6285, बटला- 3300-3650, सोयाबीन- 1622-6230, धनिया- 11301-13100 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,51,700, रवा- 1,51,500 चांदी- टंच- 2,36,600 पाट- 2,35,500।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## श्री सेनजी महाराज की जयंती मनाई

**महिदपुर।** सेन समाज के आराध्य देव संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज की जयंती पर श्री संकट मोचन हनुमान जी मंदिर घाटी मोहल्ला महिदपुर पर मंगलवार शाम 8.30 बजे महाआरती एवं महाप्रसादी का भव्य आयोजन सेन समाज के नवयुवक मंडल महिदपुर के तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर सेन समाज के वरिष्ठजन, समाजसेवी एवं नवयुवक मंडल के सदस्य उपस्थित थे।

## नारायणा धाम मंदिर में 151 फीट कॉरपेट भेंट



**महिदपुर।** कृष्ण-सुदामा की मित्रता स्थली नारायणा धाम मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु 151 फीट लंबा व 4.5 फीट चौड़ा कॉरपेट समाजसेवी अमृतसिंह ठाकुर (दुगार्पुरा, नागदा) द्वारा भेंट किया गया। गर्मी में गरम पत्थरों से श्रद्धालुओं को हो रही परेशानी को देखते हुए यह पहल की गई। मंदिर पुजारी जितेंद्र शर्मा व अर्जुन शर्मा द्वारा पूजन के बाद समिति सदस्यों ने कॉरपेट बिछाया। श्री कृष्ण-सुदामा उत्सव समिति ने इस सहयोग पर आभार व्यक्त किया।

## कन्या हाईस्कूल की नाजरीन ने 95 प्रतिशत अंक का प्राप्त कर किया प्रथम स्थान हासिल





**महिदपुर रोड।** बुधवार को हाई स्कूल तथा हायर सेकेंडरी स्कूल की बोर्ड स्तरीय कक्षा दसवीं और बारहवीं के परीक्षा परिणाम घोषित हुए नगर के शासकीय कन्या हाई स्कूल की कक्षा दसवीं का परी क्षा परिणाम 95% रहा । यहां अध्य यनरत 60 छात्राओं में से 57 छात्रा एं उत्तीर्ण हुई। प्रथम श्रेणी में 44 छा त्राएं तथा द्वितीय श्रेणी में 13 छात्रा एं उत्तीर्ण हुई वहीं 03 छात्राएं अनु त्तीर्ण हुई। शासकीय कन्या हाई स्कूल की परीक्षा प्रभारी पूनम राय ने जानकारी देते बताया कि नाज रिन पिता आबिद ने 95% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, चंचल पिता बापूलाल प्रजा पत ने 91.4% प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा ज्योति पिता मेहरबान सिंह ने 90.8% अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृती य स्थान प्राप्त किया प्राप्त किया। सभी उत्तीर्ण छात्राओं को विद्या लय के प्राचार्य अनिल कुमार सेठिया, स्नेहलता शर्मा, गोपाल तंवर ,पू नम राय, बापूलाल चंद्रवंशी, संकेश चौरडिया ,वैभव सूर्यवंशी आदि ने बधाईयां देते हुए हर्ष व्यक्त किया।

## ब्यावरा शहर के वार्ड क्र.12 में विकास कार्यों की हुई सशक्त शुरूआत



**ब्यावरा।** ब्यावरा क्षेत्र के नागरिकों की सुविधा एवं सुगम आवागमन को ध्यान में रखते हुए शीतला माता मंदिर पर माता पूजन हेतु जाने वालों को बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता था जिसके लिए नाले की कॉटन बाल निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मध्य प्रदेश शासन के राज्यमंत्री नारायण सिंह पवार, ब्यावरा नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, अमित शर्मा वार्ड पार्षद ज्ञानू विजयवर्गीय अजय ठाकुर चंदन जादौन जगदीश कुशवाह राहुल सिंह राठौड़ सोयल मंसूरी बालकिशन प्रजापति सचिन जैन अरुण नामदेव एवं सभी वार्डवासी, पदाधिकारीगण एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिको ने मिलकर वार्ड क्रमांक 12 के समग्र विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।


## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं जहीरउद्दीन पिता अब्दुल करीम निवासी 64, किदवई पथ, नागोरी मोहल्ला महिदपुर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश 456443 का होकर आज दिनांक 15/04/2026 से अपना पुराना नाम जहीरउद्दीन पिता अब्दुल करीम बदलकर नया नाम जहीरउद्दीन पिता अब्दुल करीम (ZAHIRUDDIN S/O ABDUL KARIM) रख लिया है। अतः आज दिनांक के बाद मुझे अपने नये नाम से जाना जावें एवं इसी नाम से संव्यवहार किया जावें ।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने केशरबाई पति समंदर जाति गारी निवासी ग्राम सारोला तहसील बडनगर जिला उज्जैन व प्रज्ञा पति विरेन्द्र सिह जाति राजपूत निवासी बाल मंदिर के पास रविदास मार्ग बदनावर जिला धार म.प्र. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि क्रय करने का अनुबंध किया है जो भूमि ग्राम खण्डवाबीबी तहसील बडनगर जिला उज्जैन मे स्थित है जिसका सर्वे नं. 14/1/1/2 रकबा 1.3000 हे, भूमि को कय करने का सौदा तय कर लिया होकर उन्हे बयाना राशि अदा कर दी है तथा उपरोक्त भूमि के विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी भी संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, पेढी अन्यथा प्रायवेट व्यक्ति का कोई बोझ या ऋण बकाया हो या भूमि के संबंध में किसी भी न्यायालय या फोरम मे कोई वाद-विवाद विचाराधीन हो अथवा भूमि में किसी भी अन्य व्यक्ति का कोई स्वत्व या हित निहित हो या भूमि के विक्रय होने में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मय दस्तावेजी प्रमाण के प्रत्यक्ष रूप से मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर मुझसे संपर्क कर लेवे। अन्यथा बाद मियाद गुजरने के बाद सूचना मेरे पक्षकार द्वारा कृषि भूमि का शेष विक्रय मूल्य अदाकर उसके विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जाएगा। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो।

दिनांकः-15.04.2026

**कुलदीप सिंह पंवार एडव्होकेट**
**कोर्ट परिसर कोर्ट चौराहा बडनगर (अकोलिया वाले)**
**मों. 7024008304**


हजारों लोगों की मौजूदगी में धूमधाम से अंचल में मनाई अंबेडकर जयंती

# अंबेडकर जयंती पर उमड़ा जनसैलाब, निकाली रैली

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा।





संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्मोत्सव जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर ब्यावरा, राजगढ़ सहित जिलेभर में चल समारोह एवं बाइक रैली के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। चल समारोह में हजारों की संख्या में बाबा साहब के अनुयायी, समाजबंधुओं, महिलाएं, पुरुष, युवा और बच्चों ने शामिल होकर बाबा के विचारों को आत्मसात किया।

चल समारोह के बाद विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें वक्ताओं ने बाबा साहब के सिद्धांतों, उनके संघर्ष और देश व समाज के लिए गए गए त्याग और बलिदान पर प्रकाश डालते हुए उनके सिद्धांत संघर्ष करो, शिक्षित बनो और संगठित रहो आदि बताए मार्ग पर चलने और संविधान बचाव का संकल्प लिया। ब्यावरा शहर में दो विशाल चल समारोह निकाले गए।

शहर में दूसरा चल समारोह अहिरवार समाज के तत्वावधान में निकाला गया। चल समारोह मातामंड से प्रारंभ हुआ, जो सुठालिया रोड, मातृछाया कॉप्लेक्स, पीपल चौराहा, कृष्णपुरा मार्ग होते हुए बाबा साहब अंबेडकर चौराहा पहुंची, जहां बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण के के बाद चल समारोह पुनः कार्यक्रम स्थल पहुंचा, जहां विभिन्न कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### खाचरोद

14अप्रैल 2026 मंगलवार को डॉ भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा स्थल खाचरोद पर संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर साहेब की 136 वी जयंती अज्ञाक्स संघ खाचरोद द्वारा बड़े ही धूम धाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात सभी अजाक्स साथियों ने बाबा साहब के जीवन व उनके संघर्षों पर अपने अपने विचार रखे। कार्यक्रम को अजाक्स तहसील के श्री शोभाराम परासिया ने अपने संबोधन में वर्ष भर चलने वाली पानी की पक्की प्याऊ निर्माण करवाने वाले सेवानिवृत शिक्षक श्री रूपसिंह कपूर साहब का स्वागत किया इस अवसर पर श्री लक्ष्मणलाल मालवीय की सेवानिवृत्ति पर उनके द्वारा अजाक्स संघ खाचरोद एवं श्री रूपसिंह कपूर को बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की तस्वीर भेंट की।

### सुसनेर

पीएम श्री स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय में मंगलवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्य अखिलेश कुमार पाठक द्वारा डॉ.अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इस दौरान शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने डॉ. अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्षों एवं भारतीय संविधान के निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर विचार व्यक्त किए। विद्यार्थियों द्वारा दिए गए प्रेरणादायक भाषणों में समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय के उनके सिद्धांतों को अपनाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर प्राचार्य पाठक ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन हर व्यक्ति के लिए प्रेरणा है।

बस स्टैंड स्थिर अंबेडकर पार्क में भाजपाईयो ने डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दिलीप सकलेचा, मंडल अध्यक्ष डॉ सौरभ जैन, जिला उपाध्यक्ष डॉ गजेंद्र सिंह चन्द्रावत, पूर्व विधायक विक्रम सिंह राणा, नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी, सांसद प्रतिनिधि मुकेश हरदेनिया, लक्ष्मण सिंह कावल, पवन शर्मा, युगल किशोर परमार आदि उपस्थित रहे।

### झौकर

शिल्पी कार महामानव भीमराव अम्बेडकर , ज्योतिबा फुले एवं सम्राट अशोक की सामुहिक जयंती के अवसर पर विशाल चलसमारोह बेंड ,डीजे ढोल तासो के साथ रथ मे बाबा साहेब के विराजमान कर निकाला गया। जो हायर सेकंडरी परिसर से प्रारंभ होकर बस स्टैंड , छत्री चौक, काल भैरव, मुखर्जी चौक, से छोटा बाजार होते हुए चौधरी मोहल्ला से समापन स्थल गल पुरा पहुंचा। वही रास्ते भर विभिन्न समितियों द्वारा स्वल्पाहार व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। समापन स्थल पर बलाई समाज के जिला अध्यक्ष राधेश्याम मालवीय, पुर्व बीआरसी रामचंद्र चौहान, शिक्षक अंबाराम राजोरिया, जिला चिकित्साक डॉ मनोज पंचोली, डॉ सुचित्र चक्रवर्ती, नागु लाल फुलेरा, दिनेश सिंधल, संतोष सांवले, कन्हेय्या लाल राठौर, भागीरथ सोलंकी आदि विद्वानों ने बाबा साहेब के जीवन और संविधान की के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही नगर के प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं शासकीय सेवा मे सेवा दे रहे कर्मचारीयो का सम्मान अध्यक्ष सत्यनारायण कुंडला द्वारा संविधान निमार्ता की तस्वीर भेट कर किया गया।

### महिदपुर

शहर में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती कांग्रेस और भाजपा दोनों दलों द्वारा श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई गई। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक दिनेश जैन बोस मुख्य अतिथि रहे तथा अध्यक्षता जिला पंचायत प्रतिनिधि जितेंद्र मंडोरा ने की। कांग्रेस कार्यकताओं ने अंबेडकर चौक स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। वहीं भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा भी अंबेडकर जयंती मनाई गई। भाजपा कार्यकताओं ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर गगनभेदी नारे लगाए। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज यादव सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मक्सी जैन तीर्थ में आचार्य श्री की महामांगलिक 18 अप्रैल को



**मक्सी।** नगर स्थित अति प्राचीन जैन तीर्थ पर आचार्य नवरत्न सागर सुरीश्वर म सा के शिष्यरत्न आचार्य विश्वरत्न सागर सुरीश्वर जी म सा की महाप्रभावी मंगलिक 18 अप्रैल को संपन्न होगी। जैन श्री संघ के समस्त सदस्य मांगलिक को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।मांगलिक हेतु आचार्य श्री का मक्सी में प्रवेश 17 अप्रैल को होगा।आचार्य श्री का मंगल प्रवेश वरघोड़ा गौरव कुमार शांतिलाल कोठारी के निवास से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ जैन मंदिर पहुंचेगा। मांगलिक श्रवण हेतु हजारों की संख्या में जैन समाज के श्रावक श्राविका सम्मिलित होंगे।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम की जिला संयोजक बनी नीलम सक्सेना

**सारंगपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निदेर्शानुसार नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला टोली का गठन किया गया है। जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर के द्वारा भाजपा जिला महामंत्री नीलम सक्सेना को जिला टोली संयोजक बनाया है। जबकि सह-संयोजक के रूप में चंदकला चौहान, माधवी परमार, पूजा सौंधिया तथा सरिता शर्मा को जिम्मेदारी दी गई है।

## हाईस्कूल एवं सेकेंडरी में विद्यालय शा. मॉडल स्कूल का परिणाम उत्कृष्ट रहा

**खाचरोद।** 15 अप्रैल 2026 को मा. शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया।शा. मॉडल स्कूल खाचरोद का हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 96.4% रहा, जिसमें विद्यालय की छात्रा कुमारी किरण पिता राजेश ने कुल 500 में से 456 अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया।इसी प्रकार हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा का परिणाम 82.5% रहा, जिसमें मो. आरिफ बेग मिर्जा ने 500 में से 436 अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के 12 छात्र छात्राओं द्वारा लैपटॉप राशि प्राप्ति के अंक प्राप्त कर पात्रता अर्पित की गई है। विद्यालय के इन छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। विद्यालय के प्राचार्य घनश्याम नागर एवं विद्यालय स्टाफ ने सभी छात्र छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की गई।

पीएमश्री शासकीय कन्या उमावि ब्यावरा का मामला विवादों में

# राजनैतिक दबाव के चलते शिक्षा विभाग ने सीनियर शिक्षक को दरकिनार कर जूनियर को सौंपा प्रभार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा।

राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में पुराना बस स्टैंड स्थित पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा का स्तर दिन प्रतिदिन गिरता जा रहा है। शासन के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए सत्ताधारियों के दबाव में शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों ने विद्यालय के एक सीनियर शिक्षक शिव प्रसाद विश्वकर्मा को दरकिनार कर नियम विरुद्ध जूनियर शिक्षक नाथूसिंह सिकरवार को उक्त विद्यालय का प्रभार सौप रखा है।

उक्त विद्यालय मे व्याप्त घोर अनियमितताओं की यदि निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच की जाए तो अनेक चौंकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं। शिक्षक नाथू सिंह सिकरवार पूर्व में गुना में पदस्थ थे जहां से स्थानांतरित होकर सुठालिया आये, सुठालिया में बच्चों द्वारा अनियमितताओं के आरोप लगाए गए थे उसके बाद उक्त शिक्षक को ब्यावरा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ किया गया विद्यालय के सीनियर शिक्षक शिव प्रसाद विश्वकर्मा पूर्व में उक्त विद्यालय के प्रभारी पद पर रह चुके है तथा उनका कार्यकाल भी काफी संतोषजनक रहा। फिर क्या वजह रही कि उन्हें दरकिनार कर नाथूसिंह सिकरवार को उक्त विद्यालय के प्राचार्य का प्रभार सोपना पड़ा यह जांच का विषय है। जबकि सीनियर शिक्षक शिव प्रसाद विश्वकर्मा की प्रथम नियुक्ति 1999 की बताई जा रही वही नाथूसिंह सिकरवार की प्रथम नियुक्ति 2003 की बताई जा रही जिला प्रशासन को तत्काल उक्त मामले को संज्ञान में लेकर निष्पक्ष जांच कराई जाना चाहिए।

सिकरवार ने बताया कि उक्त विद्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर और बाबूओ की कमी है। जबकि शाला विकास के मद से प्यून सहित तीन कर्मचारियों को नियुक्त कर रखा है। शाला भवन निर्माण और बच्चों को प्राकृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों से रूबरू कराए जाने के लिए शासन की ओर से लाखों रुपए खर्च किए जाते हैं उसकी भी जांच होना चाहिए।

## ढाबला केलवा में बाबा साहब की प्रतिमा का लोकार्पण

**सुसनेर।** जनपद क्षेत्र के ग्राम ढाबला केलवा में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा का विधिवत लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही, जिससे आयोजन में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

प्रतिमा लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष ओम मालवीय रहे। विशेष अतिथि के रूप में दिलीप सकलेचा (पूर्व जिला अध्यक्ष), राणा विक्रम सिंह (पूर्व विधायक), चिंतामन राठौड़ (पूर्व जिला अध्यक्ष), डॉ. गजेंद्र सिंह चंद्रावत (जिला उपाध्यक्ष), प्रदीप सोनी (नगर परिषद अध्यक्ष), डॉ. सौरभ जैन (मंडल अध्यक्ष), अमित नागर (सोयत मंडल अध्यक्ष), पवन शर्मा (पूर्व मंडल महामंत्री), जनपद उपाध्यक्ष बाबूलाल यादव, जिला पंचायत सदस्य कालू सिंह सिसोदिया, लक्ष्मण सिंह कवाल, पार्षद युगल किशोर परमार एवं अर्जुन जादम सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## होटल कर्मचारी का कोटेश्वर मंदिर के पास पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**बदनावर।** बदनावर के कानवन थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक 30 वर्षीय युवक का शव पेड़ से लटका मिला। यह घटना कोटेश्वर मंदिर से कुछ दूरी पर स्थित हिंगलाज माता मंदिर के जंगल में हुई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा बनाया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

मृतक की पहचान ग्राम बिडवाल निवासी शुभम पिता नारायण सोलंकी भांबी के रूप में हुई है। उसने रस्सी के सहारे पेड़ से लटककर आत्महत्या की। दोपहर में स्थानीय लोगों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलने पर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। शव को पेड़ से नीचे उतरवाकर बदनावर सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती कमला बाई पति मयाराम जी, निवासी- ग्राम बाड़कुम्मेद, तहसील व जिला उज्जैन से इनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की राजस्व अभिलेख में दर्ज कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 659/7 (र) रकबा 0.25 हेक्टेयर स्थित ग्राम बाड़कुम्मेद, तहसील व जिला उज्जैन, जिसके पूर्व में- शासकीय भूमि एवं सड़क, पश्चिम में- अमर सिंह जी आंजना की भूमि, उत्तर में- बिरजू जी, अम्बाराम जी व बहादुर जी के मकान, दक्षिण में- निर्भय सिंह जी आंजना की भूमि है, को क्रय करने का सौदा कर आंशिक प्रतिफल राशि अदा कर दी है, शेष प्रतिफल राशी अदा कर विक्रय-पत्र का निष्पादन व पंजीयन कराना शेष है।

उक्त वर्णित कृषि भूमि में किसी अन्य व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित, अधिकार हो, भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था या बैंक का कोई ऋण, भार बकाया हो, भूमि अन्यत्र कहीं रहन, बय, दान या विक्रय अनुबंधित की हुई हो और भूमि के विक्रय में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात दिवस की समयावधि में मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज लेखी प्रमाण के लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा अवधि व्यतीत होने के बाद विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री करा ली जायेगी और बाद में कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी और न ही मेरे पक्षकार के स्वत्व, हित व आधिपत्य को प्रभावित करेगी। सूचित हो। दिनांक 16/04/2026

**प्रमोद कुमार जैन एडवोकेट**
**4, महावीर नगर, सांवेर रोड, उज्जैन**
**मोबाईल नं. 94068-86383**

## नाम ट्रांसफर हेतु जाहिर सूचना

अख्तर बाई पति अयुब निवासी ग्राम सादबा तह तराना जिला उज्जैन द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति की मृत्यु दिनांक 14/11/2024 को हो चुकी है मेरे पति जिनके नाम से एक वाहन ट्रेक्टर महिन्द्रा 275 है जिसका नंबर MP42ZA4842 है जिसको मैं अपने नाम से करवा रही हूँ। कोई उक्त वाहन पर किसी भी प्रकार कोई ऋण / कर्ज बकाया नही है यदि किसी को आपत्ति है तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर उचित दस्तावेज के साथ जिला परिवहन कार्यालय शाजापुर में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर आपत्ति दर्ज करवा सकता है समयावधि के बाद किसी भी प्रकार के आवेदन पत्र पर विचार नही किया जायेगा।

**अख्तर बाई पति अयुब**

## जाहिर सूचना

हर आम और खास व संबंधितो को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्री प्रतीक कुमार बंसल पिता स्व. श्री पदम कुमार बंसल निवासी 21, ओल्ड अग्रवाल नगर, नवलखा इंदौर म्यूंसिपल गृह क्रमांक 118, नवीन भवन क्रमांक 106 सतीगेट, उज्जैन स्थित मकान के एकमात्र स्वामी तथा अधिपति है। मेरे पक्षकार की परनानी स्वर्गीय सोहद्राबाई ने उक्त भवन क्र. 118, नवीन भवन क्रमांक 106 सतीगेट, उज्जैन स्थित मकान पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांकित 31/07/1958 द्वारा क्रय किया था। उक्त 118, सतीगेट, उज्जैन स्थित मकान मेरे पक्षकार के पिता को अपनी नानी स्वर्गीय सोहद्राबाई पति स्व. श्री गुलाबचन्द्र पिता श्री माणिकचन्द्र मेड़तिया द्वारा संपादित अंतिम इच्छा पत्र द्वारा प्राप्त हुआ है। मेरे पक्षकार को उक्त भवन क्र. 118, नवीन भवन क्र. 106 सतीगेट उज्जैन स्थित मकान अपने पिता के एक मात्र पुत्र होने से उत्तराधिकार मे प्राप्त हुआ है। सतीगेट स्थित भवन क्रमांक 118, नवीन भवन क्रमांक 106 पर मेरे पक्षकार का ही आधिपत्य है तथा मेरे पक्षकार द्वारा ही उक्त मकान के किरायेदारों से किराया प्राप्त किया जा रहा है।

मेरे पक्षकार को उक्त 118, सतीगेट, उज्जैन नवीन भवन क्रमांक 106 के भाग से वंचित किया जाने की गरज से मेरे पक्षकार के किरायेदार चमनलाल नरूला जो मेरे पक्षकार के दिनांक 28/02/1989 से किरायेदार रहे थे के वारिसान अशोक कुमार पिता चमनलाल नरूला की उत्तराधिकारी मेरे पक्षकार के किरायेदार सीमा नरूला पत्नि स्व. अशोक नरूला द्वारा मेरे पक्षकार के स्वामित्व व आधिपत्य के उपरोक्त उल्लेखित भवन क्र. 118, नवीन भवन क्रमांक 106 सतीगेट, उज्जैन को अवैध रूप से षड़यंत्र कर, छल कपटपूर्वक, अवैध रूप से स्वयं का होना दर्शाकर असामाजीक तत्वो/भू-माफियाओं को विक्रय करने हेतु प्रयासरत है।

इस कारण इस जाहिर सूचना आम द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति उक्त भवन क्रमांक 118, सतीगेट, उज्जैन नवीन भवन क्रमांक 106 सतीगेट उज्जैन के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई अनुबंध मेरे पक्षकार की किरायेदार सीमा नरूला पत्नि स्व. अशोक नरूला निवासी भवन क्र. 106, सतीगेट, उज्जैन अथवा अन्य किसी से नहीं करे, उक्त मेरे पक्षकार के स्वामित्व व आधिपत्य के भवन क्र. 118, नवीन भवन क्रमांक 106 सतीगेट, उज्जैन रहन नहीं रखे और किसी भी प्रकार का व्यवहार/हस्तांतरण/लेन-देन मेरे पक्षकार की उक्त उल्लेखित भवन क्र. 118, नवीन भवन क्रमांक 106 सतीगेट, उज्जैन स्थित संपत्ति के संबंध में नही करे। इसके उपरांत भी यदि किसी व्यक्ति ने उक्त चेनु बाई पति दशरथ या किसी अन्य व्यक्ति से उपरोक्त उल्लेखित भवन क्र. 118, नवीन भवन क्रमांक 106 सतीगेट, उज्जैन स्थित भवन पर कोई धन राशि उक्त सीमा नरूला किसी अन्य व्यक्ति को दी तो वह दंडनिय होकर मेरे पक्षकार पर किसी भी प्रकार से बंधन कारक नहीं होगा तथा उसके लिए अनुबंध करने वाला, रुपए देने वाला व्यक्ति अथवा क्रेता स्वयं ही जवाबदार होगा। सूचित हो। इति दिनांक 16/04/2026

**राजशेखर शर्मा एडव्होकेट**
**34, छत्री चौक, उज्जैन**
**मो. नं. 98260-60282**


सुसनेर में अतिक्रमण से चरमराई यातायात व्यवस्था

# व्यापारियों का सड़क तक कब्जा, वाहन बने जाम की वजह

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर



नगर में अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग की समस्या दिन-ब-दिन गंभीर रूप लेती जा रही है, जिससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमराने लगी है। शहर के प्रमुख बाजारों और व्यस्त मार्गों पर व्यापारियों द्वारा सड़क तक किए गए अतिक्रमण और बीच सड़क पर खड़े वाहनों के कारण रोजाना जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। इस समस्या से आमजन, व्यापारी और राहगीर सभी परेशान हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस और निरंतर कार्रवाई देखने को नहीं मिली है।

नगर का सबसे व्यस्त मार्ग हाथी दरवाजा से लोहार दरवाजा तक इन दिनों अतिक्रमण और जाम की समस्या का केंद्र बना हुआ है। यहां दुकानदारों द्वारा अपने प्रतिष्ठानों का सामान सड़क तक फैलाकर रखा जा रहा है, जिससे सड़क की चौड़ाई काफी कम हो गई है। इसके चलते वाहनों का आवागमन प्रभावित हो रहा है और थोड़ी सी भी भीड़ बढ़ते ही लंबा जाम लग जाता है।

स्थिति उस समय और भी अधिक बिगड़ जाती है जब किराना एवं थोक व्यापारियों के यहां ट्रैक्टर-ट्रॉली, पिकअप और अन्य भारी वाहन माल उतारने के लिए घंटों तक सड़क पर खड़े रहते हैं। इन वाहनों के कारण मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो जाता है और लोगों को लंबी दूरी तक जाम में फंसना पड़ता है। कई बार तो स्थिति इतनी गंभीर हो जाती है कि दोपहिया वाहन चालकों को भी निकलने में कठिनाई होती है।

स्थानीय रहवासियों का कहना है कि इस मार्ग से निकलना अब जोखिम भरा और समय लेने वाला हो गया है। स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और कामकाजी लोग रोजाना इस समस्या से जूझ रहे हैं। जाम के कारण समय की बबार्दी के साथ-साथ दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। नागरिकों का आरोप है कि प्रशासन इस समस्या से पूरी तरह अवगत होने के बावजूद केवल औपचारिक कार्रवाई कर अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है। हाल ही में पुलिस द्वारा हाथी दरवाजा क्षेत्र में एक दिन वाहनों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई थी, लेकिन इसके बाद कोई निरंतर अभियान नहीं चलाया गया। परिणामस्वरूप स्थिति जस की तस बनी हुई है।

नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि अतिक्रमण हटाने के लिए नियमित अभियान चलाया जाए और सड़क पर अवैध रूप से खड़े वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, भारी वाहनों के लिए निश्चित समय और स्थान निर्धारित किया जाए, ताकि बाजार क्षेत्र में जाम की समस्या से राहत मिल सके। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले दिनों में यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है।

### इनका कहना

शहर में अतिक्रमण की समस्या को गंभीरता से लिया गया है। जल्द ही नगर परिषद, पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा विशेष अभियान चलाकर सड़कों से अतिक्रमण हटाया जाएगा तथा अवैध रूप से खड़े वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि नागरिकों को जाम की समस्या से राहत मिल सके।

**प्रदीप सोनी**
**अध्यक्ष नगर परिषद सुसनेर**

समय-समय पर चालानी कार्रवाई की जा रही है और जल्द ही नगर परिषद के साथ संयुक्त अभियान चलाकर सख्ती से अतिक्रमण हटाया जाएगा, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु हो सके।

**अक्षय सिंह बेस**
**थाना प्रभारी सुसनेर**

# शाजापुर के होनहारों का प्रदेश में डंका, 3 विद्यार्थियों ने टॉप-10 मेरिट में बनाई जगह

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर



माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम बुधवार सुबह 11 बजे घोषित होते ही शाजापुर जिले में हर्षोल्लास का माहौल छा गया। इस वर्ष जिले के होनहारों ने अपनी मेधा का शानदार परचम लहराते हुए पूरे प्रदेश में जिले का नाम रोशन किया है। अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा के दम पर जिले के तीन विद्यार्थियों ने प्रदेश की प्रतिष्ठित टॉप-10 मेरिट सूची में अपनी जगह पक्की कर ली है, जिससे पूरे क्षेत्र में जश्न का माहौल है। प्रदेश की मेरिट सूची में शाजापुर के विद्यार्थियों ने अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है।

शुजालपुर मंडी स्थित शासकीय सांदीपनि शारदा बालक उ.मा.वि. (सीएम राइज स्कूल) की 12वीं वाणिज्य संकाय की छात्रा शैली नेमा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में 8वां स्थान प्राप्त किया है। पिता अजय नेमा की होनहार बेटी शैली ने 483 अंक (96.6 प्रतिशत) अर्जित किए हैं। सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली शैली की सफलता इसलिए भी खास है क्योंकि उन्होंने बिना किसी ट्यूशन के सिर्फ सेल्फ स्टडी के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने बुक कीपिंग एवं अकाउंटेंसी में 100 में से 100 और इन्फॉर्मेटिक प्रैक्टिस में 98 अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। वहीं, कक्षा 10वीं में कालापीपल स्थित एस.डी. स्कॉलर्स हाई स्कूल की छात्रा रानी जैन पिता लाभमल जैन ने 491 अंक प्राप्त कर प्रदेश की मेरिट सूची में 9वां स्थान हासिल किया है। इसी क्रम में कालापीपल के ही सहारा पब्लिक उ.मा.वि. के छात्र आशू मीना पिता नंदकिशोर मीना ने भी 10वीं की परीक्षा में 490 अंकों के साथ प्रदेश की टॉप-10 सूची में 10वां मुकाम हासिल किया है। जिले के समग्र परीक्षा परिणाम की जानकारी देते हुए जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र शिप्रे ने बताया कि इस वर्ष परिणाम काफी सकारात्मक रहे हैं। कक्षा 12वीं में कुल 9,666 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिनमें 8,588 नियमित और 1,078 प्राइवेट छात्र शामिल थे। इनमें से 7,300 विद्यार्थी सफल हुए और जिले का परीक्षा परिणाम 83.79 प्रतिशत दर्ज किया गया, जिससे शाजापुर को प्रदेश में 14वां स्थान मिला है। इसी तरह कक्षा 10वीं में जिले से कुल 13,205 विद्यार्थी 12,268 नियमित व 937 प्राइवेट शामिल हुए थे, जिनमें से 9,717 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। 10वीं का परीक्षा परिणाम 79.21 प्रतिशत रहा और शाजापुर जिले ने प्रदेश में 16वां स्थान हासिल किया। होनहारों की इस गौरवमयी उपलब्धि से पूरे शिक्षा विभाग, स्कूलों और परिजनों में खुशी की लहर है तथा सफल विद्यार्थियों को सुबह से ही लगातार बधाइयां मिल रही हैं।

## शाजापुर की बेटी शैली श्रीवास्तव बनीं डॉक्टर, हासिल की एमबीबीएस की डिग्री

**शाजापुर।** नगर की प्रतिभाएं लगातार शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शहर का नाम रोशन कर रही हैं। इसी कड़ी में स्थानीय बस स्टैंड स्थित श्रीराम कृपा बुक पैलेस के संचालक राजेश श्रीवास्तव की बेटी शैली श्रीवास्तव ने चिकित्सा के क्षेत्र में सफलता का परचम लहराते हुए एमबीबीएस की डिग्री हासिल की है और आधिकारिक तौर पर डॉक्टर बन गई हैं। शैली श्रीवास्तव ने मालवांचल यूनिवर्सिटी से संबद्ध इंडेक्स मेडिकल कॉलेज, इंदौर से अपना 5 वर्षीय चिकित्सा पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। शैली की इस शानदार उपलब्धि से उनके परिवार में खुशी की लहर है। एक व्यवसायी परिवार से ताल्लुक रखने वाली शैली ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल कर न केवल अपने माता-पिता का, बल्कि पूरे शाजापुर नगर का गौरव बढ़ाया है।

## शाजापुर का अधिकतम तापमान 41.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज

**शाजापुर।** शहर और अंचल में गर्मी ने अपने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण दिन के समय घर से बाहर निकलना मुश्किल होने लगा है। मौसम के ताजा आंकड़ों के अनुसार बुधवार को अधिकतम तापमान 41.1 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया, जिससे दोपहर में भीषण गर्मी तड़पाती रही। वहीं, न्यूनतम तापमान 21.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी काफी कम हो गई है और आर्द्रता का स्तर मात्र 15: रह गया है, जिसके कारण मौसम में भारी खुश्की बनी हुई है। इसके साथ ही, 12 किलोमीटर प्रति घंटे की औसत रफ्तार से पश्चिमी हवाएं चल रही हैं। खुश्क मौसम और गर्म पश्चिमी हवाओं के कारण लोगों को उमस से तो राहत है, लेकिन लू और तेज धूप की चुभन बढ़ गई है।

## विचारों के बीज और हरियाली की सौगात

**गुना।** समाज में समानता की अलख जगाने वाले भारत रत्न डॉ. बी.आर. अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर मंगलवार फिट इंडिया क्लब गुना ने श्रद्धा और सेवा का एक अनूठा उदाहरण पेश किया। प्रतिदिन की तरह, आज भी जब शहर नींद में था, तब सुबह की पहली किरण के साथ क्लब के सदस्यों ने पितृ स्मृति वन की गोद में पौधरोपण कर बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर को अपनी भावांजलि अर्पित की। सेवा कार्यों की अगुवाई कर रहे सरदार अनूप सिंह सोढ़ी एवं इंजीनियर गुलाब राज की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। सरदार अनूप सिंह सोढ़ी ने इस अवसर पर कहा कि बाबा साहेब समानता के प्रबल पक्षधर थे। आज हम यहाँ जो पौधे रोप रहे हैं, वे बिना किसी भेदभाव के सभी को छाया और जीवनदायिनी वायु देंगे, यही उनके समरस समाज का सपना था। वहीं, एडवोकेट विष्णु झा साहब ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहेब का मानना था कि शिक्षा ही वह माध्यम है जो व्यक्ति और समाज को अंधकार से निकालती है। जिस तरह एक पौधा वृक्ष बनकर समाज को पोषित करता है, उसी तरह ज्ञान मनुष्य के जीवन को सार्थक बनाता है।

## एसएससी में सफलता पर रूचि का सम्मान

**शुजालपुर।** नगर के मिर्ची बाजार स्थित नेकी की दीवार पर एक प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें वरिष्ठ पत्रकार अजय वर्मा एवं जया वर्मा की सुपुत्री रुचि वर्मा का सम्मान किया गया। रुचि ने एसएससी सीजीएल परीक्षा में सफलता प्राप्त कर नगर का नाम रोशन किया है। इस परीक्षा में सफलता के बाद रूचि का चयन गृह मंत्रालय के लिए हुआ है। कार्यक्रम में रूचि ने उपस्थित ब'चों को मेहनत और निरंतर प्रयास के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम में बैसाखी पर्व के उपलक्ष्य में गुरमीत सिंह मग्गो शाजापुर एवं परमजीत कौर खालसा द्वारा बच्चों को आइसक्रीम वितरित की गई। वहीं नि:शुल्क समर कैंप के अंतर्गत पूनम बंसल ने ब'चों को अंबेडकर जयंती के महत्व से अवगत कराया। पल्लवी अग्रवाल ने हिंदी वाक्य सिखाए,जबकि स्नेहा रायकवार ने मेंहदी कला का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर विजय वर्मा, दीपक गोयल भूपेंद्र गुगलिया, ग्रीष्मा शाह, वीणा गोयल, तेजकिरण जैन, शैलजा देशमुख, परमजीत कौर खालसा, रिंकू सोलंकी, संगीता गुगलिया सहित अन्य उपस्थित थे। रुचि एवं उनकी माता का सकोरे भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों एवं ब'चों की उपस्थिति रही।

## पंडित लीलाधर जोशी की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि

**शुजालपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को मध्यभारत के प्रथम मुख्यमंत्री स्व. पंडित लीलाधर जोशी की पुण्यतिथि पर उनकी समाधि स्थल पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारियों, नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने श्रद्धापूर्वक उन्हें नमन करते हुए पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मंगल सिंह राठौड़ ने कहा कि बा साहब का जीवन सादगी, समर्पण और सेवा का प्रतीक था जो आज भी सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने बताया कि पंडित जोशी अत्यंत सरल स्वभाव के थे और अपने दैनिक कार्य स्वयं करते थे। चाहे भोजन बनाना हो या घर की साफसफाई वे हर कार्य अपने हाथों से करते थे। उनका जीवन सादा लेकिन विचार अत्यंत उच्च थे।

## विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने पूर्व सांसद स्व. श्री चौहान की प्रतिमा का अनावरण किया

**खण्डवा।** मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने जिले के गांव नेतनगांव में आयोजित कार्यक्रम में खण्डवा क्षेत्र के पूर्व सांसद स्व. श्री नंदकुमार सिंह चौहान की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, खण्डवा के सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, खण्डवा की विधायक श्रीमती कंचन मुकेश तन्वे, मांधाता विधायक श्री नारायण पटेल, पंधाना विधायक श्रीमती छाया मोरे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पिंकी सुदेश वानखेडे, पूर्व मंत्री सुश्री उषा ठाकुर, एवं श्री रामपाल सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष श्री राजपाल सिंह तोमर सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए कहा कि पूर्व सांसद स्व. श्री नंदकुमार सिंह चौहान निमाड़ क्षेत्र के विकास पुरूष के रूप में जाने जाते हैं। इस क्षेत्र में अधिकांश विकास कार्य उनके नेतृत्व में हुए। उन्होंने कहा कि पूर्व सांसद स्व. श्री चौहान एक ओजस्वी वक्ता थे। उनकी शालीनता, सादगी और मिलनसारिता के सभी कायल रहते थे। विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने इस अवसर पर पूर्व सांसद स्व. श्री चौहान को श्रद्धांजलि अर्पित की। मंत्री डॉ. विजय शाह ने इस अवसर पर पूर्व सांसद स्व. श्री चौहान के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि नंदू भैयानिमाड क्षेत्र की पहचान थे। उनके कार्यकाल में केन्द्र सरकार और प्रदेश सरकार द्वारा बहुत से विकास कार्य स्वीकृत किए गए।

## विज्ञान शिक्षकों के प्रशिक्षण में लेट-लतीफी, डीईओ ने जताई नाराजगी

**शाजापुर।** जिले के उत्कृष्ट विद्यालय में विज्ञान शिक्षकों का तीन दिवसीय आवासीय प्रायोगिक प्रशिक्षण बुधवार से शुरू हो गया है। बच्चों को विज्ञान के प्रयोगों में पारंगत करने के उद्देश्य से शुरू हुए इस अहम प्रशिक्षण के पहले ही दिन शिक्षकों की भारी लापरवाही देखने को मिली। कई शिक्षकों के देरी से पहुंचने और कुछ के नदारद रहने पर जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र शिप्रे ने सख्त रुख अपनाते हुए गहरी नाराजगी व्यक्त की।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ पर शिक्षकों को संबोधित करते हुए डीईओ राजेंद्र शिप्रे ने समय की पाबंदी पर जोर दिया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अन्य विभागों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में हम समय से पहले पहुंच जाते हैं, लेकिन जब शिक्षकों का अपना प्रशिक्षण होता है, तो वे लेट-लतीफी करते हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों को हिदायत दी कि वे इस प्रशिक्षण को पूरी गंभीरता से लें और तय समय पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं। राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान के निर्देशानुसार यह प्रशिक्षण जिले के हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों में पदस्थ विज्ञान शिक्षकों के लिए आयोजित किया जा रहा है। पहले दिन इसमें 85 शिक्षकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत डीईओर शिप्रे और उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य हेमेंद्र यादव की मौजूदगी में हुई। मास्टर ट्रेनर कमल किशोर और भरत कोली ने बताया कि पहले दिन शिक्षकों को बायोलॉजी विषय से संबंधित 7 से 8 महत्वपूर्ण प्रयोग करवाए गए।


### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार Truhome फायनेंस लिमिटेड कार्यालय दुसरी मंजिल ए 6/3 महाकाल वाणिज्य केन्द्र नानाखेडा उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन म्यु. क्रमांक 152/134 राधा कृष्णा कॉलोनी कला देवल वार्ड न. 18 बड़नगर जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुलक्षेत्रफल 900 वर्गफीट है। जिसके पूर्व में- कॉलोनी का रोड़, पश्चिम मे- भूखण्ड क्रमांक179, उत्तर मे- भूखण्ड क्रमांक 133, दक्षिण मे- भूखण्ड क्रमांक 135 स्थित है। उक्त संपत्ति भगवानसिंह गुर्जर पिता श्री देवीसिंह गुर्जर ने इसके पूर्वस्वामी उमेश सोनी पिता मोहनलाल सोनी से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 43152022ए1050575 दिनांक 17/01/2022 के माध्यम से क्रय कि। एवं भगवानसिंह गुर्जर ने उक्त संपत्ति को विक्रय करने का अनुबधं श्रीमति श्यामुबाई चौहान पति श्री घनश्यामसिंह चौहान से किया है। एवं श्रीमति श्यामुबाई चौहान ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु Truhome (श्रीराम हाउसिंग) फायनेंस लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, तथा पक्षकार की जानकारी के अनुसार पूर्व का मूल विक्रय पत्र क्रमांक 3197 दिनांक 31/03/2015 का कही गुम हो गया है जिसकी प्रथम सुचना पुलिस थाना बडनगर जिला उज्जैन में दिनांक 15/04/2026 को दर्ज करवा दि गयी है। अत: सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्तियों के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या मूल उल्लेखित दस्तावेज कही जमा हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर Truhome (श्रीराम हाउसिंग) फायनेंस लिमिटेड उज्जैन द्वारा उक्त सम्पत्तियों पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार Truhome (श्रीराम हाउसिंग) फायनेंस लिमिटेड उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी । सूचित हो । दिनांक 15/04/2026

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3**
**तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मो. 9301860352**

### जाहिर सूचना
**भवन कमांक 2/1025 क्षेत्रफल 880 वर्ग फीट स्थित घी मण्डी, दौलतगंज, उज्जैन के संबंध में**

सर्व साधारण को मेरे पक्षकार दिनेश अग्रवाल पिता माखनलाल अग्रवाल निवासी- ए/5, हीरामील राजनगर उज्जैन की ओर से सूचित व सावधान किया जाता है कि वरूण खण्डेलवाल पिता वेद कुमार खण्डेलावल निवासी- 2/1025, घी मण्डी, दौलतगंज, उज्जैन द्वारा अपने स्वत्व व स्वामित्व एवं आधिपत्य के उपरोक्त उल्लेखित भवन को लिखित अनुबंध दिनांक 05.11.2025 के माध्यम से मेरे पक्षकार के पक्ष में विकय हेतु अनुबंधित किया गया है एवं मेरे पक्षकार द्वारा भाग विक्रय मूल्य राशि अदा की जा चुकी है। अनुबंध पत्र में उल्लेखीत शर्तों का पालन किये जाने के बाद शेष विक्रय मूल्य की राशि अदा कर विक्रय पत्र का सम्पादन करवाया जाना है। मेरे पक्षकार उक्त भवन का विक्रय पत्र शेष सम्पूर्ण विकय मूल्य राशि अदा कर अपने पक्ष मे करवाये जाने हेतु सदैव तत्पर रहे है एवं आज भी है किन्तु भवन स्वामी वरूण खण्डेलवाल द्वारा शेष विक्रय मूल्य राशि प्रस्तावित करने के उपरांत भी विक्रय पत्र सम्पादन मे टालमटुल की जा रही है। साथ ही उक्त वरूण खण्डेलवाल द्वारा उक्त भवन को भाररहित बताकर अन्यत्र विकय या भारग्रस्त करने का प्रयास भी कर रहे है। अस्तु सर्व साधारण को सूचित व सावधान किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति या संस्था उक्त व्यक्ति वरुण खण्डेलवाल पिता वेद कुमार खण्डेलावल निवासी-2/1025, घी मण्डी, दौलतगंज, उज्जैन से उपरोक्त भवन के संबंध में कोई संव्यवहार न करें। ऐसा कोई भी संव्यवहार मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगा एवं ऐसे संव्यवहारकर्ता के विरूद्ध भी माननीय न्यायालय में कार्यवाही की जाएगी। इति दिनांक 15/04/2026

**अजय जैन गिरिया**
**02, श्री विशाला देवास रोड, उज्जैन**
**मो. 9009000915**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि, मेरे पक्षकार ने बाबूलाल पिता श्री बालमुकुंद जाति-भोई निवासी ग्राम अम्बोदिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य की कृषि आराजी भूमि सर्वे नम्बर-315/2 रकबा 0.50 हैक्टर में से रकबा 0.20 हैक्टर व भूमि सर्वे नम्बर-321 रकबा 0.45 हैक्टर में से रकबा 0.40 हैक्टर कुल किता-2 कुल रकबा 0.60 हैक्टर लगानी बरूऐट स्थित ग्राम अम्बोदिया पटवारी हल्का नम्बर-25/80 तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) में हैं, को क्रय करने का मौखिक सौदा किया गया होकर टोकन राशि अदा कर दी है, अब शेष विक्रय धन अदाकर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाना शेष हैं, यदि उक्त सम्पत्ति को लेकर किसी प्रकार का कोई लेन देन अथवा किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, या किसी वित्तीय संस्थान आदि का कोई बकाया हो या किसी का क्रय अनुबन्ध हो अथवा किसी का कोई स्वत्व, हित्त, अधिकार या सुखाधिकार हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से अवधि सात (7) दिन में अपनी आपत्ति सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा बाद गुजरने अवधि मेरा पक्षकार अपने हित में विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लेंगे तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धनकारक नहीं होगी. सूचित हो । दिनांक-15.04.2026

**कु. मनोहरसिंह राणावत सर्विस प्रोवाईडर -**
**-सी-10 भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन**
**मो. 98268.87494**

### सार्वजनिक सूचना

आम जनसंघटन को सूचना दी जाती है कि हमारे मुवक्किल भूमि सर्वे नंबर 1044/1 रकबा 0.900 हेक्टेयर में से रकबा 0.921 हेक्टेयर, सर्वे नंबर 1044/2 रकबा 0.900 हेक्टेयर में से रकबा 0.699 हेक्टेयर, सर्वे नंबर 1039 रकबा 1.450 हेक्टेयर में से रकबा 1.104 हेक्टेयर स्थित ग्राम अमला, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन मध्यप्रदेश (विषयक सम्पत्ति) को उसके मालिक महिपालसिंह, सुरेन्द्रसिंह एवं महेश से लीज पर लेने के इच्छुक है। कोई भी कम्पनी/व्यक्ति सहित कोई बैंक या वित्तीय संस्थान, विशक सम्पत्ति या उसके किसी हिस्से के सम्बंध में कोई हक, स्वामित्व, दावा मांग या अधिकार रखता हो या दावा करता हो या किसी कम्पनी / व्यक्ति सहित किसी बैंक या वित्तीय संस्थान को कोई जानकारी हो या विशयक सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी विक्रय, अदला-बदली, सुपुदर्गी, दान, पट्टा, विरासत, गिरवी, भार में पक्षकार हो, लम्बित कानूनी कार्यवाही, कब्जा समझौता, विकास का अधिकार, साझेदारी, पारिवारिक समझौता, बंदोबस्त डिकी या किसी अदालत द्वारा जारी आदेश, सरकार या किसी कम्पनी द्वारा अधिग्रहण, प्रतिबन्ध या किसी अन्य बाधा में पक्षकार हो तो ऐसी कम्पनी / व्यक्ति इस नोटिस के प्रकाशन के तिथि से 07 (सात दिन) दिन की अवधि के अन्दर निम्न वर्णित पते पर लिखित में नोटरीकृत दस्तावेजी सबूतों के साथ निम्न हस्ताक्षरकर्ता को सूचित कर सकते है, जिसमें असफल होने पर यह माना जायेगा कि किसी प्रकार को कोई प्रतिकूल हक, हिस्सा, स्वामित्व, अधिकार, हिस्सा, दावा या मांग विशयक सम्पत्ति के सम्बन्ध में अस्तित्व में नहीं है और उपरोक्त वर्णित मालिकों का विशयक सम्पत्ति पर पूर्ण, स्पष्ट और बाजारयोग्य अधिकार एवं कब्जा है।

**दीपक शर्मा एडव्होकेट**
**बड़नगर मो. 9826562344**


## बोर्ड परीक्षाओं में एमएलबी स्कूल की छात्राओं ने किया शानदार प्रदर्शन

**गुना।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बुधवार को घोषित हाई स्कूल और हायर सेकंडरी परीक्षा परिणाम में शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 85 प्रतिशत तथा हायर सेकेंडरी का 88 प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं की कुल 101 छात्राओं ने 75 फ़ीसदी से अधिक अंक हासिल किये। शासन की योजना के तहत इन सभी छात्राओं को लैपटॉप दिए जाएंगे। इस उपलब्धि पर प्राचार्य श्रीमती मृदुला सक्सेना ने समस्त स्टाफ व छात्राओं को बधाई दी है।

बुधवार घोषित परीक्षा परिणाम में कक्षा दसवीं की छात्रा लक्ष्मी धाकड़ ने 500 में 472अंक प्राप्त कर 94.4 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि विद्यालय में कक्षा बारहवीं में टॉपर कॉमर्स संकाय की छात्रा शिवांशी जाटव रही। उन्होंने 500 में 457 अंक के साथ 91.4 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान हासिल किया। छात्राओं की इस उपलब्धि पर प्राचार्य ने टॉपर छात्राओं का मुंह मीठा कराकर और माला पहनाकर उनका स्वागत किया और बधाई दी। प्राचार्य श्रीमती मृदुला सक्सेना ने बताया कि हाई स्कूल में 201 छात्राएं प्रथम, 26 छात्राएं द्वितीय तथा एक छात्र तृतीय श्रेणी उत्तीर्ण हुई। जबकि हायर सेकेंडरी में 330 छात्राओं ने प्रथम तथा 50 छात्रों ने द्वितीय श्रेणी अंक प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण की। प्राचार्य ने बताया कि उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए वर्ष भर एक कार्य योजना बनाकर अध्ययन कराया गया तथा कमजोर छात्राओं के लिए विशेष कक्षाएं भी संचालित की गई, जिससे बोर्ड परीक्षा में स्कूल का रिजल्ट शानदार रहा और जिले में अपना परचम लहराया।

## हायर सेकेंडरी का रिजल्ट 88.36 और हाई स्कूल का रिजल्ट 85.02 प्रतिशत रहा

**खण्डवा।** मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा बुधवार को हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए। इसमें खण्डवा जिले में हायर सेकेंडरी का परीक्षा परिणाम 88.36 प्रतिशत और हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 85.02 प्रतिशत रहा। जिला शिक्षा अधिकारी श्री पी.एस. सोलंकी ने बताया कि खण्डवा जिले में हायर सेकेंडरी का परीक्षा परिणाम 88.36 प्रतिशत रहा, जबकि गत वर्ष का रिजल्ट 84 प्रतिशत था। हायर सेकेंडरी रिजल्ट के मामले में खण्डवा जिले का प्रदेश में 9वाँ स्थान रहा। हाई स्कूल परीक्षाओं में खंडवा जिले का परिणाम 85.02 प्रतिशत रहा, जबकि गत वर्ष का परीक्षा परिणाम 84 प्रतिशत रहा था। मध्य प्रदेश में हाई स्कूल परीक्षा में खण्डवा जिले का 9वाँ स्थान रहा। हायर सेकंडरी परीक्षाओं में प्रदेश स्तर की मेरिट सूची में वाणिज्य संकाय में खण्डवा जिले के 3 विद्यार्थी तथा जीव विज्ञान संकाय की मेरिट सूची में खण्डवा जिले का 1 विद्यार्थी शामिल है। वाणिज्य संकाय में आनंदी गंगरा? बेन्स पब्लिक स्कूल ने 6वाँ स्थान, जिया परिहार सेंट स्टीफन कान्वेंट स्कूल छनेरा ने 7वाँ तथा नेहा गोस्वामी सरस्वती शिशु मंदिर खंडवा ने 10वाँ स्थान प्राप्त किया। जीव विज्ञान संकाय में कामिनी कुशवाह शिक्षा अकादमी सिलटिया पंधाना ने प्रदेश स्तर पर 10वाँ स्थान प्राप्त किया।

## लोटस कॉन्वेंट स्कूल बंगरेड ने रचा..ऐतिहासिक कीर्तिमान

**बड़नगर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं/12वीं की बोर्ड परीक्षा में लोटस कॉन्वेंट स्कूल बंगरेड के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। जिसमें वंशिका सत्यनारायण विश्वकर्मा पिटलावदिया ने 96.6त्न के साथ बड़नगर एवं आस पास के क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया। मिताली शैलेंद्र खत्री बड़नगर ने 94.8त्न , राजश्री महेंद्रसिंह कुशवाह असावता ने 94.4त्न , मुस्कान प्रकाशचंद्र शर्मा असावता ने 93त्न , यास्मीन साबिर मोहम्मद बड़नगर ने 92.8त्न , तनिष्का शैलेंद्रसिंह सिसोदिया बड़नगर ने 92.8त्न , सर्वेश संजय शर्मा बड़नगर ने 91त्न , अनुष्का मनोज मालवीय पीपलू ने 90.6त्न , अलका जितेंद्रसिंह डोडिया धतुरिया ने 90.2त्न अंक प्राप्त किए। 75त्न से अधिक अंक कक्षा 12वीं में 61 विद्यार्थियों ने एवं कक्षा 10वीं में 52 विद्यार्थियों ने प्राप्त किए। संस्था संचालक जितेंद्रसिंह राजावत ने बताया कि यह ऐतिहासिक कीर्तिमान विद्यार्थियों की लगन,मेहनत एवं समर्पण का प्रतिफल है। संस्थाध्यक्ष कमलसिंह राजावत,प्राचार्य राहुल कैलाश शर्मा एवं समस्त स्टॉफ ने हर्ष व्यक्त कर विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की।

## कबीर बाड़ी आश्रम पर कोरी समाज ने मनाई अंबेडकर जयंती



**गुना।** कोरी समाज गुना द्वारा मंगलवार कबीर बाड़ी आश्रम पर भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता नंद किशोर कोरी रिटायर्ड प्रधान अध्यापक द्वारा की मुख्य वक्ता के रूप में गोपाल बाबू करोठ ने अपना वक्तव्य दिया। कार्यक्रम का संचालन इंजी. भगवान लाल उरैया द्वारा किया। कार्यक्रम में नारायण पंत, सन्तोष उरैया, कैलाश पंत, जगन्नाथ साहेब, राजू कोरी, कमल पंत, प्रदीप शाक्य (वकील) आदि वक्ताओं ने बाबा साहेब के विषय पर अपने विचार रखे। आनंद बुनकर द्वारा आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में. इंजी. बाबूलाल उरैया, भगवान लाल बरेले, संतोष जुगन, रामेश्वर पंत, अजय पंत, नवल दामले, जमना दास साहेब, राजेश, देलबार


### नाम परिवर्तन सूचना

मैं जैनब पति अकील हुसैन आमजन को सुचित करना चाहती हूं की वर्तमान में मैंने अपना नाम परिवर्तन कर जैनब से जैनब नागपुरवाला कर लिया है और अब से मैं वर्तमान तथा भविष्य में भी मैं इसी उपरोक्त नाम जैनब नागपुरवाला से ही जानी जाउंगी ।

**पता-म. न. 80, दादा भाई नौरोजी मार्ग खराकुआ**
**उज्जैन म.प्र. पिन कोड 456006**

### अंतिम किश्त जमा करने की सूचना

समस्त आवंटित भूखण्ड धारकों एवं निवेशकों को सूचित किया जाता हैं कि, मैरी पक्षकार कम्पनी दीपा डेवलपर्स कार्यालय पता 30, बख्तावर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन (म.प्र.) द्वारा ग्राम कराडिया उर्फ नवाखेड़ा तहसील व जिला उज्जैन में विकसीत कालोनी श्री लक्ष्मीपति रत्न एण्ड हसनजी एनक्लेव कालोनी में जिन भूखण्ड धारकों एवं निवेशकों द्वारा भूखण्ड आवंटित कराये हैं उन सभी की अंतिम किश्त का भुगतान मेरी पक्षकार कम्पनी के कार्यालय में दिनांक 20.04.2026 तक कर दिया जावें अन्यथा उक्त भूखण्ड को निरस्त कर राशि फारफीट कर ली जावेगी तथा मेरे पक्षकार उक्त भूखण्ड को अन्य को विक्रय करने के लिये स्वतंत्र रहेगें। सूचित हो।

दिनांक 15-04-2026

**प्रेषक सौरभ जैन, ( चौरडिया ) एडव्होकेट**
**ए-20, भरतपुरी कांप्लेक्स, देवास रोड़,**
**उज्जैन मो. 96177-77776**

## वर्षा अग्रवाल के संतूर वादन से रूबरू होंगे स्कूली छात्र

**मंदसौर।** भारतीय शास्त्रीय संगीत और नृत्य की विरासत को युवा पीढ़ी तक पहुंचाने वाली संस्था स्पिक-मैके द्वारा मंदसौर और नीमच के विद्यालयों में दो दिवसीय संतूर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जिला समन्वयक चंदा डांगी ने बताया कि श्रृंखला की पहली कार्यशाला आज 16 अप्रैल को वात्सल्य पब्लिक स्कूल में आयोजित होगी। इसमें प्रख्यात संतूर वादिका वर्षा अग्रवाल अपनी कला का प्रदर्शन करेंगी, जबकि तबले पर पं. ललित महंत उनका साथ देंगे। इस कार्यशाला में संगीत के साथ-साथ बच्चों के लिए विशेष मेडिटेशन सत्र भी रखा गया है। कार्यक्रम की अगली कड़ी में १७ अप्रैल को करनी इंटरनेशनल स्कूल मंदसौर और स्प्रिंग वुड स्कूल नीमच में भी कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुखजन गोष्ठी 20 को

**नीमच।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में देशभर में आयोजित किये जा रहे बड़े कार्यक्रमों की श्रृंखला में नीमच में प्रमुखजन गोष्ठी एवं मातृ शक्ति गोष्ठी का आयोजन 20 अप्रैल को होने जा रहा है। इस अवसर पर आरएसएस के पूर्व अखिल भारतीय सरकार्यवाह श्री भैया जी जोशी मार्गदर्शन देंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला संघ चालक अनिल जैन ने बताया कि शताब्दी वर्ष में संघ ने समाज की सृजन शक्ति को साथ लेकर विश्व पटल पर आदर्श प्रस्तुत करने वाला सशक्त, समर्थ, संगठित, समृद्ध भारत निर्माण करने का संकल्प लिया है। इस उद्देश्य के निमित्त समाज के प्रतिष्ठित, प्रभावशाली महानुभावों से संवाद करने के लिए नीमच में प्रमुखजन गोष्ठी और मातृ शक्ति गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इन आयोजनों को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही है। नीमच के टाउन हॉल में 20 अप्रैल को दोपहर 12.30 बजे से मातृ शक्ति गोष्ठी एवं संध्या 4 बजे से प्रमुखजन गोष्ठी में संघ के अ. भा. सरकार्यवाह भैया जोशी मार्गदर्शन देंगे।

## कोटा रेलवे स्टेशन पर ब्लॉक के कारण इंदौर कोटा एक्सप्रेस प्रभावित

**रतलाम।** पश्चिम मध्य रेलवे कोटा मंडल के कोटा रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या 01 पर निर्माण कार्य हेतु प्रस्तावित ब्लॉक के कारण रतलाम मंडल से आरंभ होने वाली इंदौर कोटा एक्सप्रेस तत्काल प्रभाव से प्रभावित होगी । पश्चिम रेलवे, रतलाम मंडल के जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार तत्काल प्रभाव से 04 मई 2026तक इंदौर से चलने वाली गाड़ी संख्या 22984 इंदौर - कोटा एक्सप्रेस, सोगरिया रेलवे स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा सोगरिया से कोटा के मध्य निरस्त रहेगी।

## श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन

**रतलाम।** शहर के फोरलेन स्थित इप्का लेबोरेटरी लिमिटेड के सामने श्री नित्यानंद गौशाला आश्रम, अमलेटा फंटा पर जनकल्याण के उद्देश्य से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन समर्थ महाप्रभु 1008 अवधूत श्री नित्यानंद बापजी एवं समर्थ अवधूत 1008 श्री राजानंद जी बापजी के प्रिय कृपा पात्र परमपूज्य अवधूत श्री विश्वानंद जी बापजी के पावन सानिध्य में सम्पन्न होगा। कथा व्यास पीठ से परम श्रद्धेय गोभक्त पंडित महेश जी पांडे के मुखारविंद से श्रद्धालु कथा का रसपान करेंगे। कथा का आयोजन 23 अप्रैल से 29 अप्रैल तक प्रतिदिन दोपहर 11 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। इसके पश्चात प्रतिदिन महाआरती एवं महाप्रसादी का वितरण होगा।

## चंद्रशेखर लश्करी अजाक्स के जिला अध्यक्ष चुने गए

**रतलाम।** म.प्र. अजाक्स के जिला अध्यक्ष के पद पर चंद्रशेखर लश्करी का मनोनयन दूसरी बार हुआ है। इनकी नियुक्ति प्रांत अध्यक्ष संतोष वर्मा आई ए एस भोपाल के हस्ताक्षर से की गई है। उनके मनोनयन पर अखिल भारतीय श्री बलाई महासंघ, आकास संगठन, एवं जिला चिकित्सालय कर्मचारी यूनियन ने स्वागत कर बधाई देते हुए प्रांत अध्यक्ष संतोष वर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# एमपी बोर्ड का कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित

## छात्राओं का दबदबा, प्रदेश मेरिट में बनाई जगह

दैनिक अवन्तिका ▶▶ रतलाम



एमपी बोर्ड का कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम बुधवार सुबह सीएम डॉ. मोहन यादव ने घोषित किया। परिणामों में कक्षा 12वीं में जिले के तीन प्राइवेट और एक सरकारी स्कूल की छात्राओं ने प्रदेश के मेरिट में अलग-अलग स्थाना पाया। कक्षा 10वीं के रिजल्ट में सरकारी स्कूल की एक छात्रा व एक छात्र ने प्रदेश की मेरिट में 9वें नंबर पर आए।

इस साल कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 76.74 रहा। जबकि पिछले साल 78.84 प्रतिशत था। पिछले साल की अपेक्षा परिणाम 2.1 प्रतिशत कम रहा। वहीं कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 81.14 प्रतिशत रहा। पिछले साल 79.62 प्रतिशत था। रिजल्ट में 2.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

प्राइवेट स्कूल की अपेक्षा सरकारी स्कूलों का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा। हालांकि दोनों कक्षाओं में सरकारी स्कूल के केवल तीन ही विद्यार्थी प्रदेश की मेरिट मे पहुंच पाए। कक्षा 10वीं के सरकारी स्कूल का परीक्षा परिणाम 80.77 रहा। जबकि प्राइवेट स्कूल का 71.93 प्रतिशत रहा। वहीं कक्षा 12वीं के भी परीक्षा परिणाम में सरकारी स्कूल आगे रहे।

सरकारी स्कूल प्रतिशत 83.83 रहा। जबकि प्राइवेट स्कूल का प्रतिशत 77.81 रहा। प्रदेश की मेरिट में कक्षा 12वीं के चार छात्राएं कक्षा 12वीं की रिजल्ट में प्रदेश की मेरिट लिस्ट में रतलाम शहर के तीन प्राइवेट स्कूलों व एक सरकारी स्कूल की छात्रा ने अपना स्थान पाया है।

- सेंट स्टीफन उमावि रतलाम की सृष्टि सिलावट पिता अश्विनी सिलावट ने वाणिज्य समूह में 488 अंक हासिल कर 97.6 प्रतिशत के साथ प्रदेश की मेरिट में तीसरा स्थान पाया है।

जैथ पब्लिक स्कूल रतलाम की मनस्वी गोयल पिता विशाल गोयल ने गणित समूह ने 488 अंक प्राप्त कर 97.6 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पाते हुए प्रदेश की मेरिट में पांचवा स्थान मिला है।

कालूखेड़ा के शासकीय उमावि की नीलोफर शेख पिता इलियाज शेख ने गणित समूह में 483 अंक हासिल कर 96.6 प्रतिशत के साथ प्रदेश की मेरिट में 10वा स्थान पाया है।

- सांई श्री एकेडमी उमावि रतलाम की अक्षिता पिता आनंद पालीवाल ने वाणिज्य समूह में 481 अंक प्राप्त 96.2 प्रतिशत के साथ प्रदेश की मेरिट में दसवां स्थान हासिल किया है।

**यह है कक्षा 10वीं के दो मेरिट टॉपर**

कक्षा 10वीं के रिजल्ट में रतलाम जिले के सरकारी स्कूल के एक छात्रा व एक छात्र ने प्रदेश के मेरिट में स्थाना पाया है। शासकीय उमावि रियावन की छात्रा सरस्वती पिता घनश्याम व शासकीय उमावि धामनोद के आयुष पाटीदार पिता मुकेश पाटीदार ने 491 अंक प्राप्त कर 98.2 प्रतिशत हासिल कर प्रदेश की मेरिट में 9वां स्थान पाया है।

# पीड़ित मानवता की सेवा व जीवदया से बढ़कर पुण्य का दूसरा कार्य नहीं

## जैन सोशल ग्रुप मंदसौर (मेन) का पदग्रहण समारोह सम्पन्न

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मन्दसौर




जैन सोश्यल ग्रुप मंदसौर मेन के पदग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए फेडरेशन अध्यक्ष मनीष कोठारी ने कहा कि सेवा शब्द व्यापक है। पीड़ित मानवता की सेवा व जीवदया से बढ़कर पुण्य का दूसरा कार्य नहीं है। कार्यक्रम में ग्रुप के अध्यक्ष राजेन्द्र नाहर सहित नवीन कार्यकारिणी को शपथ रीजन अध्यक्ष राहुल चपड़ोद ने दिलाई।

मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं लायंस प्रांतपाल दीपक सुराणा बड़ौदा ने कहा कि सेवा जीवन का मूलाधार है। समर्पित भाव से की गई सेवा जीवन को चरमोत्कर्ष पर पहुंचाती है। जीवदया का भाव हर नागरिक में होना चाहिये।

विशिष्ठ अतिथि संसद सदस्य सुधीर गुप्ता ने कहा कि जैन सोश्यल ग्रुप मंदसौर की आदर्श समाजसेवी संस्था है। इसने सेवा क्षेत्र में मिसाल कायम की है। राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि भौतिकवाद ने मानवीय मूल्यों का पतन किया है। विधायक विपिन जैन कहा कि जेएसजी जैसी समाजसेवी संस्थाएं मंदसौर शहर में श्रेष्ठता हांसिल किए हुए है। जैएसजी म.प्र. रीजन अध्यक्ष राहुल चपडौद ने कहा कि मानसून सत्र में जेएसजी 50 हजार पौधों का रोपण करेगा। फेडरेशन के पूर्व उपाध्यक्ष एम.एल. मेहता ने कहा कि समाज कल्याण के लिये प्रतिबद्ध संस्था है। अंतरराष्ट्रीय डायरेक्टर हेमन्त जैन, डायरेक्टर अनिल धारीवाल, रीजन सहसचिव संजय कोठारी ने भी संबोधित किया। प्रारंभ में प्रज्ञा दोशी, सुरभि भण्डारी, नुपूर पाटनी तथा अंशिता नाहर ने नृत्य की प्रस्तुति दी। बेबी रिद्धि व वृद्धि पाटनी ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया। स्वागत भाषण अध्यक्ष कमल कच्छावा ने दिया। अतिथि स्वागत ग्रुप पदाधिकारी, पूर्व अध्यक्षगण व संचालक मण्डल ने किया। संचालन संयोजक संजय लोढ़ा ने किया व आभार सचिव गौरव सुराणा ने माना।



## जिला पंचायत की बैठक में सूक्ष्म सिंचाई परियोजना की पाइपलाइन समय सीमा में सुधारने के निर्देश

**मंदसौर।** जिला पंचायत अध्यक्षा दुर्गा पाटीदार की अध्यक्षता में आयोजित साधारण सभा की बैठक में जिले के विकास कार्यों और विभागीय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में अध्यक्षा ने सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाओं की खराब और टूटी पाइपलाइनों को निर्धारित समय-सीमा में दुरुस्त करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मरम्मत कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। किसानों की सुविधा के लिए पंचायत स्तर पर जिम्मेदार अधिकारियों के नाम और मोबाइल नंबर सार्वजनिक रूप से चस्पा करने के निर्देश भी दिए गए ताकि समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। साथ ही शामगढ़-सुवासरा सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के विस्तारीकरण पर भी चर्चा की गई।बैठक के दौरान जल जीवन मिशन के तहत क्षतिग्रस्त पाइपलाइनों और सड़कों की तत्काल मरम्मत सुनिश्चित करने को कहा गया ताकि ग्रीष्म ऋतु में पेयजल आपूर्ति बाधित न हो। अध्यक्षा ने एमपीआरडीसी को सड़कों पर पेचवर्क शुरू करने और शिक्षा विभाग को जर्जर शाला भवनों की जानकारी देने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अस्पतालों में चिकित्सकों की उपलब्धता, रेडियोलॉजिस्ट की मांग भेजने और एंबुलेंस की सूची ड्राइवरों के मोबाइल नंबर सहित उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनु प्रिया विनीत यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और समिति सदस्य उपस्थित थे।

## वासुपूज्य स्वामी नूतन जिनालय का शिलास्थापना महोत्सव 19 को

**मन्दसौर।** आनंद विहार जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ, मंदसौर के तत्वावधान में 19 अप्रैल, रविवार को आनंद विहार क्षेत्र में वासुपूज्य स्वामी नूतन जिनालय एवं शिलापूजन का भव्य महोत्सव प.पू. मेवाड़ देशोद्धारक आचार्य जितेन्द्र सूरीजी म.सा. के शिष्य प.पू. आचार्य निपुणरत्न सूरीश्वरजी म.सा. की पावन निश्रा व शासन ज्योति उपेन्द्रयशा श्रीजी म.सा., सुहितरत्ना श्रीजी म.सा., सुरभिरत्ना श्रीजी म.सा. एवं सुप्रितरत्ना श्रीजी म.सा. आदि ठाणा-4 के सानिध्य में होगा। महोत्सव की शुरूआत प्रातः 6.30 बजे पाटला पूजन के साथ होगी, जिसके पश्चात प्रातः 8.30 बजे शिलापूजन और प्रातः 9.30 बजे शिलास्थापना की मुख्य विधि संपन्न की जाएगी। धार्मिक क्रियाओं को विधिकारक मनीष पितलिया द्वारा पूर्ण कराया जाएगा। प्रातः 11 बजे मांगलिक प्रवचन व दोपहर 12.15 बजे से स्वामीवात्सल्य होगा। इस पुनीत कार्य में मुख्य शिला के लाभार्थी होने का सौभाग्य फतेहलाल, बाबूलाल, सुनील, अनील जैन, लक्षीता जैन (बालावत परिवार) डगवाला परिवार को प्राप्त हुआ है। महोत्सव में आठ शिलाओं के लाभार्थी पूनमचन्द दिलीप डांगी, शांतिलाल हिम्मत प्रदीप लोढ़ा, प्रीतम, विक्रम, केसरीमल जैन पचोरी, निर्मलकुमार संदीप डांगी, ओमप्रकाश दिलीपकुमार तितरोदिया, प्रकाशचन्द गुंदेचा, सीमा अनिल जैन एवं राजेश बच्छावत व धर्मेन्द्र हिंगड़ है। स्वामीवात्सल्य के राजेन्द्र सुराणा, माणकलाल अजीत संघवी, शांतिलाल लोढ़ा, लक्ष्मीनारायण संदीप धींग एवं कैलाश दिलीप संघवी परिवार शामिल हैं।

## आंधी तूफान में क्षतिग्रस्त हुए विधुतपोल एवं तारो को ठीक करने को लेकर डीई से मिला कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मल्हारगढ़



विगत दिवस क्षेत्र में तेज आंधी एवं बारिश से कटी हुई फसल में काफी बड़ा नुकसान हुवा था।तेज आंधी में उमरिया एवं संजीत के गांव खेड़ा,खूंटी,कोयला में भी बड़ी संख्या में विधुत पोल धराशायी होगये थे और तार भी टूट गए थे। बुधवार को उमरिया के पूर्व सरपंच बंशीलाल पाटीदार एवं खेड़ा के किसान ईश्वरलाल धाकड़, लूनाहेड के महेश सेन आदि ने इसकीं सूचना मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा को दी।शर्मा ने दोपहर 1.30 बजे जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष बाबुखा मेवाती,लियाकत मेव,अनिल मूलासिया, भेरुपप्पू गुर्जर के साथ विधुत वितरण कम्पनी के डिवीजनल इंजीनियर जयपाल सिंह ठाकुर को एक ज्ञापन सौपकर बताया कि ३ अप्रैल को अचानक तेज आंधी एवं बारिश से बड़ी संख्या में विधुत पोल धराशायी होगये ओर तार भी टूट गए है दस बारह दिनों बाद भी नए पोल नही लगाए जाने से कुवो की बिजली बंद है ऐसे में पशुधन के खाने के लिए बोई गई छरी,रचका आदि सूखने लगा है थोड़ी बहुत सब्जियां बोई थी वह भी सुख गई है।विधुत वितरण कम्पनी के जमीनी कर्मचारी कुछ भी सुनने को तैयार नही है।कांग्रेसनेताओ ने बताया कि खेतो के ऊपर झूलते तारो से पकी पकाई फसले जलकर नष्ट हो रही है। विधुत वितरण कम्पनी को चाहिए कि जहां भी ऐसी समस्या है किसानों के खेत जब खाली रहे तब पोल पर झूलते हुवे तारो को चुस्त दुरुस्त करे ताकि भविष्य में आगजनी जैसी घटनाएं नही हो। डिवीजनल इंजीनियर ठाकुर ने सभी समस्याओं को ध्यान से सुना।

## नीमच महू फोरलेन हाईवे पर अर्टिगा कार ने बाइक को मारी टक्कर , 6वर्षीय मासूम की मौत

**नीमच।** नीमच-महू फोरलेन हाईवे पर एक बार फिर तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दिया। इस भीषण हृदय विदारक दुर्घटना में एक 6 वर्षीय मासूम बच्चे की उपचार के दौरान मौत हो गई। जबकि उसके माता-पिता गंभीर रूप से घायल हैं। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम चलदू निवासी मुकेश पिता मांगीलाल मेघवाल (44 वर्ष) अपनी पत्नी और 6 साल के बेटे के साथ बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान मंदसौर की ओर से आ रही तेज रफ्तार अर्टिगा कार ने उनकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण हुई जिसमे बाइक सवार तीनों सड़क पर दूर जा गिरे।राहगीरों और ग्रामीणों की मदद से घायलों को तुरंत अस्पताल पहुँचाया गया। दुर्भाग्यवश, मासूम बच्चे ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि उक्त बालक परिवार में बड़ी मन्नतों के बाद जन्मा था, जिसकी असमय मृत्यु ने पूरे क्षेत्र में शोक की लहर पैदा कर दी है। इस हादसे के बाद ग्राम चलदू के निवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हाईवे पर एकत्रित होकर चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि इस मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।

## विधिक जगरुकता शिविर में जिला न्यायाधीश ने खिलाडी को किया सम्मानित

### जिले मैं तेयार हो रहे 13 ब्लैक बेल्ट खिलाडी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नीमच

जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव एवम मुख्य प्रशिक्षक जय प्रकाश लोधा ने जनकारी देते हुए बताया की जिले के कुल 13 खिलाडियों ने रंगीन बेल्ट परिक्षा पास कर ब्लैक बेल्ट की तरफ एक और सफल कदम बढ़ाया है, सभी खिलाडियों ने रनिंग, वॉर्मअप, ड्रिल, हार्ड वर्क, ब्लॉक पंच, किक, पुमसे, बेसिक टेकनिक्स एवम फाइट मे अपना अपना दम दिखाते हुए यह बेल्ट परिक्षा उत्तीर्ण की है।

बेल्ट परिक्षा पास करने वाले सभी खिलाडियों को श्री जितेंद्र कुमार बाजोलिया (तृतीय जिला एवम अपर सत्र न्यायधीश) एवम अर्जुन सिंह वर्मा (मुख्य स्वस्थ्य निरीक्षक, रेल्वे नीमच) के हाथो से ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया, एवम उज्वल भविष्य की कामना की गयी, एवम जिला सचिव ने बताया की एक मई 2026 से जिले मै निशुल्क सेल्फ डिफेंस समर केम्प का आयोजन किया जायेगा जिसमे 5 साल से लेकर 20 साल तक के खिलाडी भाग ले सकते है केम्प के रजिस्ट्रेशन के लिए मोबाइल नम्बर 7869151535 पर सम्पर्क अथवा रेल्वे पुरानी स्कूल पानी की टंकी पर साम 5 बजे से 7 बजे के बीच मे आकर रजिस्ट्रेशन करवा सकते है जिला अध्यक्ष रतन लाल निर्वान ने बताया की केम्प के बाद खिलाडियों की प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जायेगा जिसमे जितने वाले सभी खिलाडियों को गोल्ड,सिल्वर और ब्रोंज मेडल एवं सभी को प्रमाण पत्र एवम ट्रॉफी देकर सम्मानित भी किया जायेगा जिला अध्यक्ष ने सभी के परिजनों से गुजारिश की है की इस समर केम्प मे अधिक से अधिक संख्या मे भाग लेकर सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग सीखे,साथ ही विधिक साक्षरता जगरुकता शिविर भी आयोजित किया गया जिसमे सभी खिलाडियों को न्यायपालिका की कर्यपरणाली के बारे मे भी अवगत कराया गया, जिसमे जितेंद्र कुमार जी बाजोलिया जी ने बताया की यदि किसी के भी उपर एक बार कोई अपराध सिद्ध हो जाता है तो उसको फिर किसी भी सरकारी नौकरी मे पुलिस वेरिफिकशन मे बाहर कर दिया जाता है , साथ ने अर्जुन सिंह जी ने बताया हमको कानून के प्रति हमेसा जगरुक रहना चाहिए।

साथ मे बेल्ट इक्जाम पास करने वाले खिलाडियों ने फाइट और सेल्फ डिफेंस का प्रदर्शन भी किया जिसमे सभी ने अपनी अपनी तकनीक और ताकत का प्रदर्शन किया सभी खिलाडियों को संघ के अध्यक्ष रतन लाल निर्वान एवम सभी के परिजनों ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की ।

**न्यूज कालम**



## मंडी में आयोजित शिविर में 120 नागरिकों का हुआ एक्सरे

**मंदसौर।** कलेक्टर अदिति गर्ग के मार्गदर्शन एवं स्वास्थ्य विभाग के नेतृत्व में 100 दिवसीय आयुष्मान आरोग्य अभियान के तहत कृषि उपज मंडी में विशाल स्वास्थ्य शिविर संपन्न हुआ। शिविर का उद्घाटन मंडी सचिव लक्ष्मण सिंह ठाकुर एवं किसान मोर्चा महामंत्री लोकेंद्र सिंह चुंडावत आदि द्वारा किया गया। इस दौरान टीबी (क्षय रोग) की पहचान के लिए विशेष कैंप लगाया गया, जिसमें लगभग 120 लोगों के एक्सरे किए गए। जिला क्षय अधिकारी डॉ. आर.के. द्विवेदी के निर्देशन में आयोजित इस शिविर में संदिग्ध मरीजों की स्क्रीनिंग के साथ-साथ हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर और शुगर की भी जांच की गई। स्वास्थ्य विभाग के अजय पाण्डेय ने नागरिकों को टीबी के लक्षणों जैसे लगातार खांसी और वजन गिरने के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि नियमित उपचार से इस बीमारी को पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। शिविर में मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर, फार्मासिस्ट और लैब टेक्नीशियन ने अपनी सेवाएं दीं।

## कु. भावना को बोर्ड परीक्षा में 94 प्रतिशत अंकों से सफलता



**नीमच।** जिले के सरवानिया महाराज निवासी भावना पिता भेरुलाल रेगर ने हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा परिणाम में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की है। बुधवार को घोषित दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में कु.भावना को कुल सभी विषयों में 500 में से 461 अंक प्राप्त हुए हैं. भावना ने पढ़ाई के साथ परिवार की खेती और घर में अपनी माता संगीता के काम में भी हाथ बटाने के साथ वर्ष भर मेहनत से पढ़ाई कर सफलता पाई है। समता स्कूल सरवानिया की छात्र होकर अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में यह सफलता प्राप्त की है। विद्यालय स्टाफ, इष्ट मित्रों एवं शुभचिंतकौ ने भावना की इस सफलता पर बधाई प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## शासकीय कन्या उ.मा.वि.पिपलिया मंडी का परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहा



**पिपलिया मंडी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें नगर के शासकीय कन्या उ.मा.वि.पिपलिया स्टेशन का परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहा। कक्षा 10वीं में राधा पिता शांतिलाल ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा कक्षा 12वीं में वाणिज्य संकाय की छात्रा अंतिमबाला पिता राजू माली ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम कक्षा 10वीं का 79 प्रतिशत एवं कक्षा 12वीं का 90 प्रतिशत रहा। शासन की महती योजना लैपटॉप हेतु 35 छात्राओं को पात्रता प्राप्त हुई। एवं अंतिमबाला माली को स्कूटी हेतु पात्र घोषित किया। विद्यालय के प्राचार्य यू.एस.पांडेय एवं स्टाफ सदस्यों द्वारा सफल छात्राओं को बधाई दी गई एवं उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## जनगणना कार्य में लगे नपा कर्मचारियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**मंदसौर।** भारत सरकार के निदेर्शानुसार जनगणना कार्य के लिए मध्यप्रदेश शासन ने कर्मचारियों को दायित्व सौंप दिया है नगरपालिका के द्वारा इन्हीं कर्मचारियों को तीन दिवसीय ट्रेनिंग देने हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल परिसर में किया गया। अनुविभागीय अधिकारी शिवलाल शाक्य मंदसौर, जनगणना चार्ज अधिकारी सीएमओ प्रेम कुमार सुमन के मार्गदर्शन में मास्टर ट्रेनर राजेश राणावत व जितेंद्र चौरसिया ने जनगणना कार्य के लिए मंदसौर नगर के 40 वार्डों में लगाए गए कर्मचारियों को जनगणना कार्य का प्रशिक्षण दिया यह प्रशिक्षण कार्यशाला दिनांक 15 से 17 अप्रैल को हो रही है जनगणना कार्य के लिए 19 से 25 अप्रैल को भी ट्रेनिंग के लिए प्रतिदिन कार्यशाला होगी ,नगर पालिका के द्वारा इस प्रशिक्षण कार्यशाला की पूरी व्यवस्था की गई है। जनगणना कार्य में लगाए गए नपा कर्मचारी अजय मारोठिया, राजेंद्र नीमा, मंगेश राव नवले, शाहिद अब्बासी, अक्षय जैन आदि के द्वारा कार्यशाला की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

## बोर्ड परीक्षा परिणाम में मंदसौर जिले के 5 विद्यार्थी राज्य की मेरिट सूची में

**मन्दसौर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश द्वारा घोषित परीक्षा परिणामों में मन्दसौर जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए हायर सेकेंडरी में प्रदेश स्तर पर 11वां और हाई स्कूल में 19वां स्थान अर्जित किया है। हायर सेकेंडरी परीक्षा में जिले का कुल नियमित परिणाम 84.89 प्रतिशत रहा, जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में 4 प्रतिशत की सराहनीय वृद्धि दर्ज की गई है। विशेष रूप से शासकीय विद्यालयों का परिणाम 87.53 प्रतिशत रहा, जो निजी स्कूलों के 80.86 प्रतिशत के मुकाबले बेहतर है। इस परीक्षा में जिले के तीन विद्यार्थियों ने राज्य की मेरिट सूची में अपनी जगह बनाई है, साथ ही छह शासकीय विद्यालयों ने शत-प्रतिशत परिणाम देकर जिले का मान बढ़ाया है। वहीं हाई स्कूल परीक्षा में जिले का कुल नियमित परीक्षा परिणाम 77.95 प्रतिशत रहा, जिसमें दो छात्र राज्य स्तरीय मेरिट सूची में स्थान पाने में सफल रहे। हालांकि पिछले वर्ष के 13वें स्थान के मुकाबले इस बार जिला 19वें स्थान पर रहा, फिर भी शासकीय शालाओं का प्रदर्शन 80.92 प्रतिशत के साथ निजी शालाओं से काफी बेहतर रहा है। जिले की 18 शासकीय शालाओं ने हाई स्कूल में शत-प्रतिशत सफलता का कीर्तिमान स्थापित किया है।

## रतलाम मंडल पर मनायी गई भारत रत्न डॉ. बी. आर. अम्बेडकर की जयंती

**रतलाम।** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के मंडल कार्यालय रतलाम में भारत रत्न डॉ. बी. आर. अम्बेडकर की 135वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान मंडल रेल प्रबंधक अश्वनी कुमार के साथ अपर मंडल रेल प्रबंधक के.एल मीना उपस्थित रहे।



## डॉ.भीमराव अंबेडकर प्रतिमा पर किए फूलमाला पहनाकर श्रद्धासुमन अर्पित किए

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में पुराना बस स्टैंड स्थित अंबेडकर चौराहे पर भारतीय संविधान के निर्माता एवं सामाजिक न्याय के जरिए सम्मानपूर्वक जीवन जीने का रास्ता प्रशस्त करने वाले भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर विभिन्न सामाजिक एवं राजनैतिक संगठनों के पदाधिकारियो ने हार फूल माला पहनाकर श्रद्धासुमन अर्पित किए, समाज के वरिष्ठजनों एवं कार्यकताओं द्वारा ब्यावरा शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए एक विशाल जुलूस निकाला गया, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का मुख्य उद्देश्य एक ऐसे समाज का निर्माण करना था जो जातिगत भेदभाव से मुक्त होकर धर्म निरपेक्षता का पालन किया जाए उन्होंने प्रत्येक नागरिक के लिए समानता के अधिकार की वकालत की भारतीय संविधान के माध्यम से उन्होंने एक प्रभुत्व संपन्न लोकतांत्रिक गणराज्य की नींव रखी जो एकता और मानवीय मूल्यों पर आधारित है।

## अग्रवाल महासभा ने किया शुद्ध व शीतल जल सेवा प्याऊ का शुभारंभ



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में अब धीरे-धीरे तापमान बढ़ने लगा है, चिलचिलाती भीषण गर्मी में पानी की कमी और प्राकृतिक जल स्त्रोतों के सूखने के कारण मानव जीवन के साथ समस्त प्राणियो के सामने जीवन का संकट खड़ा ना हो जाए इसी उद्देश्य को लेकर पुराना बस स्टैंड स्थित अग्रवाल धर्मशाला के मुख्य द्वार पर शुद्ध और शीतल पेयजल हेतु समाज के वरिष्ठजनो की उपस्थिति में वरिष्ठ समाजसेवी मुरारीलाल अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष जुगल किशोर अग्रवाल सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। ब्यावरा 52

## मलावर मे कांग्रेस ने बाबा साहेब डॉ अम्बेडकर की 135 वी जयंती मनाई



**ब्यावरा।** ब्यावरा के अमीप ग्राम मलावर मे कांग्रेस ने बाबा साहेब डॉ अम्बेडकर की 135 वी जयंती मनाई अवसर पर मंडलम अध्यक्ष महेश गुर्जर ने डॉ.अम्बेडकर के जीवन और कार्यों से प्रगति की और सभी को उनके बताए मार्ग पर चलकर उनके अनुसरण करने की बात कही। कांग्रेस के साथी मोहन यादव, महेंद्र सिंह गुर्जर, पप्पू गोस्वामी, जाकिर हुसैन, कालूराम सेन, राहुल चौहान, रमेश गोस्वामी , हीरालाल मेहर, संतोष पुरी मांगीलाल वर्मा आदि कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल हुए हैं।

## अभिभाषक संघ द्वारा मजिस्ट्रेट सोनम डेहरिया का विदाई समारोह आयोजित किया



**बड़नगर।** अभिभाषक संघ द्वारा सोमवार को स्थानीय न्यायालय परिसर में मजिस्ट्रेट सोनम डेहरिया के सम्मान में एक गरिमामय एवं भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अभिभाषक संघ अध्यक्ष करण राठौड़ की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समारोह में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम बिलास गुप्ता, ऋचा गोयल बंसल, गौरव चौरसिया एवं तहसीलदार रूपाली जैन मंचासीन रहे। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने डेहरिया के सौम्य स्वभाव, कार्यकुशलता एवं न्यायप्रियता की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान अभिभाषक करण सिंह पंड्या, नरेंद्र शर्मा, राकेश श्रीवास्तव, नितेश मेलवानी, राजेंद्र सिंह सोलंकी एवं शंकरलाल यादव ने डेहरिया के व्यक्तित्व एवं कार्यकाल को स्मरण करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। सभी वक्ताओं ने उनके सरल, सौहार्दपूर्ण एवं कर्तव्यनिष्ठ व्यवहार की सराहना की। इस अवसर पर अभिभाषक संघ की ओर से श्री डेहरिया को बाबा महाकाल की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया गया। संचालन अभिभाषक राधेश्याम यादव एवं आभार अखिलेंद्र शाह ने व्यक्त किया। समारोह में बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे। और सभी ने भावपूर्ण शब्दों में श्री डेहरिया को विदाई दी।

## अनुभाग तराना में पराली जलाने के मामले में 34 किसानों पर जुर्माने की कार्यवाही

**तराना।** अनुभाग तराना में पराली जलाने के मामले में 34 किसानों पर जुमार्ने की कार्रवाई की गई है।कृषि विस्तार अधिकारी दिनेश डोर ने बताया कि पराली जलाने के मामले में 97 हजार500 की राशि का जुमार्ना 34 किसानों पर कार्यवाही कर लगाया है।वही क्षेत्र में किसी भी किसान पर एफआईआर नहीं कराई गई है। पराली शार्ट सर्किट या अन्य कारणों से लगी यह भी देखा जा रहा है।वहीं एसडीएम ब्रजेश सक्सेना ने बताया कि पंचनामा बनाकर शासन के निर्देश अनुसार एवं नियम अनुसार यह जुमार्ना लगाया गया है। साबित होने पर जुमार्ना राशि वसूली जाएगी। किसानों से यह मांग की गई है कि पराली नहीं जलाए बल्कि पराली का प्रबंध करें।

### डॉ. अम्बेडकर जयंती पर हुए विभिन्न आयोजन जय भीम आरो वाटर प्याऊ की शुरूआत

# बाबा साहेब समानता, मानव गरिमा के मार्ग पर बढ़ने की प्रेरणा देते थे- परमार







दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



बाबा साहब न केवल संविधान निमार्ता थे, बल्कि वे सामाजिक न्याय, समानता, शिक्षा और मानवाधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले महान चिंतक भी थे। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उक्त उद्गार संविधान निमार्ता, समाज सुधारक और भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भाजपा नगर मंडल द्वारा अम्बेडकर पार्क में आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री इंदर सिंह परमार ने मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। आपने कहा कि बाबा साहब के विचार थे कि शिक्षित बनों संगठित रहों और संघर्ष करों, उनके विचार हमें समानता, न्याय और मानव गरिमा के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते है। सिटी स्थित अम्बेडकर पार्क में आयोजित इस कार्यक्रम में बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। बाबा साहेब की जयंती अवसर पर सिविल अस्पताल शुजालपुर मंडी में मरीजों को फल वितरण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

#### कांग्रेसजनों ने अर्पित की पुष्पांजलि

शुजालपुर सिटी स्थित अंबेडकर पार्क में मंगलवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर बाबा साहब की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। ब्लॉक कांग्रेस के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम प्रातः 9 बजे प्रारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं नागरिक शामिल हुए।

कार्यक्रम में उपस्थितजनों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने उनके जीवन और योगदान को याद करते हुए कहा कि बाबा साहब भारतीय संविधान के मुख्य वास्तुकार, महान समाज सुधारक एवं वंचित वर्गों के अधिकारों के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने समाज में समानता, न्याय और बंधुत्व की स्थापना के लिए आजीवन संघर्ष किया। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह राठौड़, प्रदेश सचिव गजेन्द्र सिसोदिया, प्रदेश सह सचिव रचना जैन, पूर्व पार्षद मनोहर जाटव, शहर अध्यक्ष रईस पठान, सोशल मीडिया प्रदेश महासचिव विष्णु शर्मा, मोहन धनगर सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता एवं सामाजिकजन उपस्थित रहे।

#### प्रतिभा सम्मान समारोह

डॉ. अम्बेडकर की 135वी जयंती अवसर पर फ्रीगंज स्थित मालवीय धर्मशाला में कैबिनेट मंत्री इंदरसिंह परमार के मुख्य आतिथ्य में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधि व प्रबुद्धजन उपस्थित थे। इस समारोह के पूर्व रेलवे स्टेशन के समीप से मालवीय धर्मशाला समिति सदस्यों ने चल समारोह निकाला, जिसमें बाबा साहेब अमर रहे के नारे गुंजे। मालवीय धर्मशाला में समाज के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान अतिथि ने किया। इस दौरान मंत्री परमार ने मालवीय समाज धर्मशाला में बाबा साहेब एवं अन्य महापुरूषों के जीवन चरित्र को समझने के लिए पुस्तकालय बनाने के निर्णय की सरहाना करते हुए सामाजिक समरसता एवं बंधुत्व की बात कही।

#### बड़नगर

नगर सहित तहसील में संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मंगलवार को बहुत धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। अंबेडकर जयंती के अवसर पर सुबह से ही बाबा साहेब के प्रति अम्बेडकर चौराहा स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए और विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए।

इस अवसर पर जय भीम आरो वाटर प्याऊ की शुरूआत हुई एवं एक भव्य जुलूस निकाला गया।

इस अवसर पर समाजजन नाचते हुए और बाबा साहब के जयकारे लगाते हुए लोगों ने खुशी जाहिर की। जुलूस नगर के प्रमुख मार्गो से निकला और आमसभा में परिवर्तित हुआ। जिसमें शिक्षा, संगठन और संघर्ष के संदेश दिए गए। इस अवसर पर अध्यक्ष जेके मालवीय, डॉक्टर संतोष बारोड़, आर एल गोयल, दिलीप चैहान, भवसागर चैहान, ललित वर्मा, हुकुमचंद वर्मा, दयाशंकर बोडाना, पी सी कायस्थ, हरिवंश राय पथरोड, राजेश गोसर, ईश्वर जाटव एवं बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे।



#### भाजपा ने स्वच्छता अभियान चलाया

खरसौदकलाँ। भाजपा बड़नगर नगर मंडल द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के पूर्व संध्या पर नगरमंडल अध्यक्ष अमित राठौड़ की अध्यक्षता में स्वच्छता अभियान व बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अजा मोर्चा प्रदेश महामंत्री गणपत डाबी ने बाबा साहब के जीवन व संघर्ष पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री श्याम शर्मा जी, नगर पालिकाअध्यक्ष अभय टोंग्या, नगर पालिका उपाध्यक्ष अनिता सतीश वर्मा, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि उमराव सिंह जी, दिलीप जैन सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

#### खरसोद कला

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती इस वर्ष भी पूरे उत्साह, श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करने के साथ हुई, जहां उपस्थित जनसमूह ने उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।

इसके बाद नगर में एक भव्य जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन, युवा, महिलाएं और बच्चे शामिल हुए। जुलूस में डीजे, बैंड-बाजे और झांकियों के साथ जय भीम के गगनभेदी नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। जुलूस श्रीराम चौराहा, सब्जी मार्केट सहित प्रमुख मार्गों से होते हुए पूरे नगर में भ्रमण करता रहा। जुलूस के दौरान विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों द्वारा स्वागत मंच लगाए गए, जहां पुष्पवर्षा कर जुलूस का स्वागत किया गया। कई स्थानों पर जलपान एवं शीतल पेय की भी व्यवस्था की गई, जिससे श्रद्धालुओं को गर्मी में राहत मिली। कार्यक्रम के अंत में सभा का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन, उनके संघर्ष, शिक्षा के महत्व एवं सामाजिक समानता के लिए उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने युवाओं से बाबा साहब के विचारों को अपनाकर समाज में एकता, भाईचारा और शिक्षा का प्रसार करने का आह्वान किया। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में अनुशासन और उत्साह का सुंदर समन्वय देखने को मिला, जिससे कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

#### महिदपुर

बाबा साहेब अम्बेडकरजी की 136 जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई और बाबा साहब के पद चिन्हो पर चलने का आहवान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अजाक्स अध्यक्ष बी.एल. परमार, विजय सुर्यवंशी, रमेशचन्द्र देवड़ा, मोहनलाल सूर्यवंशी, बगदीराम परमार, मोहनलाल बेगड़े, नानुराम रघुवंशी आदि साथीगण उपस्थित रहें।

#### जगोटी।

भारतीय लोकतंत्र संविधान की आत्मा है बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से आम आदमी को अधिकार संपन्न बनाया, आज राष्ट्र में कुछ ताकतें संविधान को कमजोर करने के कुत्सित प्रयास कर रही है हर जिम्मेदार नागरिक का दायित्व है कि वह संविधान की गरिमा की रक्षा हेतु एकजुट होकर संघर्ष करें। उक्त उद्गार जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री अनंत शर्मा ने जिला कांग्रेस सेवादल ग्रामीण व कांग्रेस के जगोटी सैक्टर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए। अध्यक्षता करते हुए जिला ग्रामीण अध्यक्ष डा चैनसिंह चौधरी ने भारत रत्न डा भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम को जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रजनीश तिवारी, सैक्टर प्रभारी रवि बोडाना ने संबोधित किया। इस अवसर पर उपस्थित गोपाल गुजराती, विनोद चौहान, बहादुर सिंह महूडी, राहुल चौधरी, शंकरलाल परमार, राहुल गुजराती, मनोहर वाघेला, कचरुलाल सिसोदिया, टीकमदास ताजपुर आदि ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। आभार ओम आंजना हिंगोनिया ने व्यक्त किया।

### भक्ति, उत्साह और एकता के रुप में मनाई

# श्री सेन जी महाराज की जयंती मनी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ झारड़ा



नगर एक बार फिर भक्ति और उत्साह के रंग में रंगा नजर आया, जब सेन समाज के आराध्य देव श्री सेन जी महाराज की 726वीं जयंती बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। पूरा नगर जयकारों, भजनों और भक्तिमय माहौल से गूंज उठा।

जयंती के उपलक्ष्य में भव्य चल समारोह निकाला गया, जिसमें श्री सेन जी महाराज का चित्र सुसज्जित रथ में विराजित था। बैंड-बाजों की मधुर धुन पर समाजजन नाचते-गाते हुए आगे बढ़ रहे थे। नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए इस शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा और मालाओं से स्वागत किया गया, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय हो गया।

चल समारोह का समापन श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर में हुआ, जहां महंत श्री 1008 पूणार्नंद जी भारती एवं महंत मुकेश दास बैरागी के सानिध्य में श्रद्धापूर्वक महा आरती की गई। इसके पश्चात सभी श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया गया।

इस पावन अवसर पर सेन समाज द्वारा महंत श्री पूणार्नंद जी भारती का शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही समाज को संगठित और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सर्व गुजराती सेन समाज समिति झारड़ा का गठन भी किया गया। नई कार्यकारिणी में ईश्वर वर्मा को अध्यक्ष, ईश्वर सेन सोलंकी को सचिव, नरसिंह सेन साकरिया को उपाध्यक्ष, तथा पत्रकार कमल सेन को मीडिया प्रभारी बनाया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन, वरिष्ठजन एवं युवा वर्ग की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जिसने इस आयोजन को यादगार बना दिया।

## विधायक निधि राशि का दुरूपयोग की शिकायत

**सारंगपुर।** सारंगपुर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत आमगढ़ा में विधायक निधि में हुए भ्रष्टाचार एवं गडबड़ी की शिकायत सामने आई है। जबकि जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमेंद्र गोविल को लिखित में शिकायती पत्र सौंपकर विधायक निधि की राशि का दुरूपयोग करने के आरोप लगाए गए है। शिकायतकर्ता प्रकाश पिता बसंतिलाल सुरावत निवासी ग्राम जमनागंज ने लिखित शिकायत में आरोप लगाते हुए कहा कि सारंगपुर के तत्कालिक विधायक कुंवरजी कोठार द्वारा ग्राम पंचायत आमगढा के ग्राम जमनागंज में विधायक निधि से मांगलिक भवन के लिए पांच लाख रुपएं की राशि स्वीकृत की गई थी, उसकी ड्रायिंग स्वीकृत हुई थी तथा उसका स्टीमेट बनाया गया था। किंतु वर्तमान ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव व इंजीनियर ने मिलकर बिना किसी स्वीकृति के शासकीय भूमि पर मांगलिग भवन के ऊपर मंदिर का शिखर बनाते सिंहासन आदि बना कर स्वीकृत राशि का दुरूपयोग किया हैं। ड्रायिंग एवं स्टीमेट के विपरित जाकर निर्माण कार्य किया गया हैं, जिसमें वर्तमान में सरपंच, सचिव व इंजीनियर तीनों की मिली भगत से यह कार्य संपन्ना हुआ हैं।

## 10वीं-12वीं में रॉयल हाईट्स स्कूल के 4 छात्र प्रदेश मेरिट में



**जीरापुर।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल के कक्षा 10वीं व 12वीं परिणामों में रॉयल हाईट्स हायर सेकेंडरी स्कूल के 4 विद्यार्थियों ने प्रदेश मेरिट में स्थान बनाया। खुशबू पाटीदार ने 489 अंक के साथ प्रदेश में द्वितीय, वर्षा कारपेंटर ने 484 अंक से आठवां स्थान प्राप्त किया। वहीं 10वीं में कृष्ण पाल दांगी (492 अंक) आठवें व रिद्धिमा गुप्ता (490 अंक) दसवें स्थान पर रहीं। संस्था संचालक रणधीर सिंह ने इसे विद्यार्थियों की मेहनत व शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।

## पाल समाज सामुदायिक भवन निर्माण के लिए पांच लाख की राशि स्वीकृत

**सारंगपुर।** सारंगपुर के कपिलेश्वर धाम के समीप निमार्णाधीन पाल समाज के छात्रावास को लेकर महत्वपूर्ण पहल हुई है। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने छात्रावास परिसर में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 5 लाख की राशि स्वीकृत की है। इस राशि से छात्रावास में एक अतिरिक्त भवन का निर्माण कराया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों और समाज के लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष मोहनसिंह पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार को दिल्ली के लोधी स्टेट स्थित निवास पर उन्होंने इस संबंध में पत्र राज्यसभा सांसद अशोक सिंह (ग्वालियर) को भेजा है। पत्र में उनसे राशि की स्वीकृति जारी करने का आग्रह किया गया है, ताकि निर्माण कार्य जल्द शुरू हो सके और छात्रावास का विस्तार समय पर पूरा हो। इस अतिरिक्त सामुदायिक भवन के निर्माण की जिम्मेदारी सारंगपुर नगर पालिका को सौंपी गई है। नगर पालिका द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत निर्माण कार्य कराया जाएगा। भवन बनने के बाद यहां विद्यार्थियों के लिए पढाई, बैठकों और अन्य सामाजिक गतिविधियों के आयोजन की सुविधा उपलब्ध होगी। इस मौके पर पचोर के पार्षद सुधीर गुप्ता, कांग्रेस नेता हाशिम राही सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। स्थानीय लोगों और पाल समाज के सदस्यों ने इस स्वीकृति पर खुशी जाहिर करते हुए जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया है।

### कलेक्टर के फर्जी आदेश बनाने के आरोप में 3 बाबू , बिचौलिया सहित 4 गिरफ्तार

# सील-हस्ताक्षर कर निकालते थे जमीन अंतरण की अनुमति

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास




देवास के कलेक्टर कार्यालय में अधिकारियों के फर्जी हस्ताक्षर और सील लगाकर जमीन अंतरण (भू-राजस्व संहिता की धारा 165-6) के फर्जी आदेश जारी करने का बड़ा मामला सामने आया है।

पंजीयन कार्यालय में धोखाधड़ी सामने आने पर कलेक्टर की शिकायत के आधार पर बीएनपी थाना पुलिस ने नजूल शाखा व तहसील के 3 बाबू और 1 बिचौलिये को गिरफ्तार किया है। वर्तमान में पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर 1 अन्य फरार आरोपी की तलाश कर रही है और कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने मामले में सख्त कार्रवाई करते हुए इन्हें पद से पृथक करने की बात कही है।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि नजूल शाखा सहित विभिन्न तहसीलों में कार्यरत बाबू अधिकारियों की जानकारी के बिना उनके हस्ताक्षर और सील की नकल कर फर्जी आदेश जारी कर रहे थे। पुलिस के अनुसार, अब तक एक दर्जन से अधिक फर्जी आदेश जारी होने की आशंका है। इनमें से एक फर्जी आदेश के आधार पर रजिस्ट्री भी हो चुकी है, जिसे अब निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

#### बिचौलिया की निशानदेही पर 3 बाबू गिरफ्तार

यह खुलासा तब हुआ जब एक संदिग्ध आदेश पंजीयन कार्यालय पहुंचा। कलेक्टर के पत्र के बाद पुलिस ने सबसे पहले बिचौलिया महेंद्र कुशवाह को पकड़ा। उसकी पूछताछ के बाद नजूल शाखा के बाबू रमेश लोबानिया, एडीएम कार्यालय के रीडर संजय जाटव और विजयागंज मंडी तहसील के बाबू जितेंद्र भद्रे को गिरफ्तार किया गया। एसपी पुनीत गेहलोद ने बताया कि पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह फजीर्वाड़ा कब से चल रहा था और इसमें और कौन-कौन शामिल हैं।

#### पद से पृथक करने की भी कार्रवाई होगी

पूरे मामले को लेकर कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने कहा, फर्जी आदेश जारी होने की जानकारी मिलने के बाद जांच के आदेश दे दिए गए । आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। सख्त कार्रवाई की जाएगी। पद से पृथक करने की भी कार्रवाई होगी।

#### सीएसपी ने कहा- कूटरचना कर अवैध लाभ अर्जित किया

सीएसपी सुमित अग्रवाल ने कहा, कलेक्टर कार्यालय में नजूल शाखा है। उसमें विभिन्न प्रकार के आदेश और अनुमतियां जारी की जाती है, इसमें कुछ लोगों ने संगठित होकर कुछ आदेश और अनुमतियों की कूटरचना कर अवैध लाभ अर्जित किया है। इस संबंध में बीएनपी थाने में अपराध पंजीबद्ध किया है। कुछ लोगों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की जा रही है। इसमें जांच की जा रही है कि कब से कूटरचना कर लाभ लिया है इस मामले को लेकर विवेचना की जा रही है। प्रकरण अभी जांच में है जांच में जो भी तथ्य आएंगे उसके मुताबिक कार्रवाई की जाएगी।




अक्षय तृतीया साल के सबसे शुभ दिनों में गिना जाता है। यही कारण है कि, इस दिन लोग विशेष रूप से दान-पुण्य, पूजा-पाठ और खरीदारी को बहुत शुभ मानते हैं। इसका शुभ प्रभाव जातक पर हमेशा बना रहता है।

# अक्षय तृतीया पर क्या खरीदें और किन चीजों से बचें यहां जानें

शुभ योग के साथ इस साल 19 अप्रैल 2026 को अक्षय तृतीया मनाई जाएगी। शास्त्रों के मुताबिक, यह दिन वैशाख महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया पर आता है, जिसे अबूझ मुहूर्त माना गया है। कहते हैं कि, इस दिन किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए अलग से मुहूर्त देखने की आवश्यकता नहीं होती हैं। साथ ही इस तिथि पर कुछ चीजों की खरीदारी करने का फल साधक पर लंबे समय तक बना रहता हैं। इस दौरान कुछ लोग सोना-चांदी के आभूषण, तो कुछ वाहन खरीदकर घर लाते हैं। यह बेहद लाभकारी होता है और देवी लक्ष्मी का वास भी घर में बना रहता है। लेकिन कुछ चीजों को खरीदने से हमेशा बचना चाहिए अन्यथा नकारात्मकता आ सकती हैं। आइए जानते हैं कि, अक्षय तृतीया पर क्या खरीदें और क्या नहीं।

### अक्षय तृतीया पर क्या खरीदें

- अक्षय तृतीया के दिन सोना-चांदी खरीदना शुभ होता है। इससे घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है।
- आप तांबे या चांदी के बर्तन भी खरीद सकते हैं, जिसे महत्वपूर्ण माना जाता है। इसके प्रभाव से घर में बरकत और सुख-शांति आती हैं।
- आप जमीन या संपत्ति खरीदने की भी शुरूआत कर सकते हैं।
- कोई वाहन खरीद सकते हैं।
- धार्मिक वस्तुएं जैसे भगवान की मूर्ति, शंख, कलश या पूजा सामग्री खरीदना भी फलदायी माना जाता है।
- आप सेंधा नमक खरीद सकते हैं। मान्यता है कि, इससे घर में शांति बढ़ती हैं और कर्ज जैसी परेशानियां दूर होती हैं।

### क्या नहीं खरीदें

- धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, अक्षय तृतीया के दिन काले रंग की वस्तुएं भूल से भी नहीं खरीदनी चाहिए।
- आप लोहे की चीजें भी न खरीदें। यह अशुभ हो सकता है और आपकी सुख-समृद्धि पर प्रभाव डाल सकता है।

### जूते-चप्पल भूलकर भी नहीं खरीदनें चाहिए

- अक्षय तृतीया के दिन चाकू, कैंची, सूई जैसी चीजों खरीदने से बचना चाहिए।
- इस दिन धन उधार लेना और देना अशुभ हो सकता है। इसलिए किसी भी चीज के लिए धन की उधारी न करें।



## शनि-राहु दोष से मुक्ति दिलाएगा अक्षय तृतीया का पुण्यकाल

जीवन की भागदौड़ में कई बार ऐसा दौर आता है, जब हर कोशिश के बावजूद काम अटकने लगते हैं और मन बिना वजह बेचैन रहने लगता है। सब कुछ ठीक होते हुए भी कुछ अधूरा सा महसूस होता है। ज्योतिष के अनुसार, ऐसे समय में शनि की साढ़ेसाती, ढैय्या या राहु-केतु का प्रभाव व्यक्ति के जीवन पर असर डाल सकता है। लेकिन एक खास अवसर ऐसा भी आता है, जब छोटे-से प्रयास से बड़े बदलाव हो सकते हैं, वह दिन है अक्षय तृतीया।

### क्यों खास है अक्षय तृतीया?

सनातन परंपरा में ह्यअक्षयह्व का अर्थ है जो कभी समाप्त न हो। मान्यता है कि इस दिन किए गए दान-पुण्य और अच्छे कर्मों का फल कभी खत्म नहीं होता, बल्कि कई जन्मों तक बना रहता है। साल 2026 में यह तिथि विशेष मानी जा रही है, क्योंकि इस दिन ग्रहों का शुभ संयोग बन रहा है, जो दान और उपायों के प्रभाव को और बढ़ा देता है।

### शनि दोष से राहत के उपाय

अगर आपकी कुंडली में शनि की साढ़ेसाती या ढैय्या चल रही है, तो अक्षय तृतीया पर ये दान करना लाभकारी माना जाता है।

काले तिल और सरसों का तेलः इनका दान करने से शनि से जुड़ी परेशानियों में राहत मिलती है।

लोहे की वस्तुएंः जैसे तवा, कड़ाही या अन्य लोहे के बर्तन जरूरतमंद को देना शुभ माना जाता है।

छाता और चप्पलः गर्मी के मौसम में इन चीजों का दान करने से शनि देव प्रसन्न होते हैं।

### राहु-केतु के प्रभाव को शांत करने के उपाय

राहु को भ्रम और मानसिक तनाव का कारक माना गया है। इससे बचाव के लिए ये उपाय किए जा सकते हैं।

**जौ का दानः** शास्त्रों में जौ को अत्यंत पवित्र माना गया है, इसका दान राहु के दुष्प्रभाव को कम करता है।

**नारियल अर्पित करेंः** मंदिर में चढ़ाना या जरूरतमंद को देना मानसिक शांति देता है।

**पक्षियों को सप्तधान्य खिलाएंः** सात प्रकार के अनाज का दान राहु-केतु दोष को शांत करता है।

### जल दान का विशेष महत्व

अक्षय तृतीया पर पानी से भरा मिट्टी का घड़ा (मटका) दान करना अत्यंत पुण्यकारी माना गया है। यह न केवल किसी जरूरतमंद की प्यास बुझाता है, बल्कि पितृ दोष को शांत करने में भी सहायक होता है।

# 17 अप्रैल को वैशाख अमावस्या, जानें स्नान-दान का मुहूर्त

साल 2026 में वैशाख अमावस्या 17 अप्रैल को मनाई जाएगी। इस दिन का धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि यह पितरों की शांति और मोक्ष प्राप्ति के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है।



हिंदू धर्म में वैशाख माह का विशेष महत्व माना गया है। यह महीना धार्मिक दृष्टि से अत्यंत पवित्र होता है और इसे दान, पुण्य, व्रत और आध्यात्मिक साधना के लिए बहुत शुभ माना जाता है। इस पूरे माह में किए गए अच्छे कर्मों का फल कई गुना बढ़कर मिलता है। विशेष रूप से वैशाख अमावस्या का दिन बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। साल 2026 में वैशाख अमावस्या 17 अप्रैल को मनाई जाएगी। इस दिन का धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि यह पितरों की शांति और मोक्ष प्राप्ति के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है।

### वैशाख अमावस्या तिथि

वैशाख महीने की अमावस्या तिथि आरंभः 16 अप्रैल, रात्रि 8:11 मिनट पर

वैशाख महीने की अमावस्या तिथि समाप्तः 17 अप्रैल, सायं 5: 21 मिनट पर

उदयातिथि के अनुसार वैशाख अमावस्या 17 अप्रैल 2026 को रहेगी

### स्नान-दान का शुभ मुहूर्त

स्नान-दान का शुभ मुहूर्तः प्रातः 5:54 से 10:44 बजे तक है

### वैशाख अमावस्या का महत्व

वैशाख अमावस्या को पितृ दोष की शांति के लिए बेहद खास माना जाता है। इस दिन पितरों के निमित्त तर्पण, श्राद्ध और पिंडदान करने से उनकी आत्मा को शांति मिलती है और परिवार में सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन किए गए दान और पूजा का फल सीधे पूर्वजों तक पहुंचता है और जीवन की बाधाएं कम होती हैं। इसके साथ ही यह दिन आत्मशुद्धि और आध्यात्मिक उन्नति के लिए भी महत्वपूर्ण होता है। लोग इस दिन व्रत रखते हैं, पवित्र नदियों में स्नान करते हैं और भगवान की आराधना करते हैं।

### इस दिन क्या दान करना चाहिए

वैशाख अमावस्या पर दान का विशेष महत्व बताया गया है। इस दिन अपनी क्षमता के अनुसार अन्न, जल, वस्त्र, तिल, गुड़, छाता, जूते और भोजन का दान करना बहुत शुभ माना जाता है।

विशेष रूप से गरीब और जरूरतमंद लोगों को भोजन कराना या उन्हें आवश्यक वस्तुएं देना अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है।

इसके अलावा पितरों की शांति के लिए तिल और जल का दान करना भी अत्यंत लाभकारी माना जाता है।

पीपल के नीचे सरसों के तेल का दीपक जलाएं ।

### पितरों की प्रसन्नता के लिए मंत्र

पितरों की प्रसन्नता के लिए इस दिन गंगाजल मिश्रित जल से स्नान, तर्पण, और 'ॐ सर्व पितृ देवाय नमः' मंत्र का जप करें।

पितृ गायत्री मंत्र- ॐ पितृगणाय विद्महे जगत धारिणी धीमहि तन्नो पितृ प्रचोदयात

सामान्य मंत्र- ॐ पितृभ्यः नमः या ॐ सर्व पितृ देवाय नमः

तर्पण मंत्र- ॐ पितृभ्यः स्वधा नमः

शांति मंत्र- ॐ श्री सर्व पितृ देवताभ्यो नमो नमः




कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम आईपीएल 2026 में अब तक एक भी जीत नहीं दर्ज कर सकी है। उसे मंगलवार को खेले गए मुकाबले में सीएसके के हाथों हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में केकेआर की बल्लेबाजी बेहद खराब रही।

# सीएसके ने केकेआर को 32 रनों से हराया

**चेन्नई।** नूर अहमद की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 32 रनों से हरा दिया। सीएसके ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 192 रन बनाए। जवाब में केकेआर की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 160 रन ही बना सकी। कोलकाता की टीम आईपीएल 2026 में अब तक एक भी मैच नहीं जीत सकी है, जबकि सीएसके की यह लगातार दूसरी जीत है।

### ओपनिंग जोड़ी में किया बदलाव

लक्ष्य का पीछा करने उतरी केकेआर ने इस मैच में ओपनिंग जोड़ी में बदलाव किया। केकेआर के लिए पारी की शुरूआत करने फिन एलेन के साथ सुनील नरेन आए। केकेआर ने ओपनिंग जोड़ी में बदलाव किया क्योंकि अब तक एलेन और अजिंक्य रहाणे ओपनिंग के लिए उतर रहे थे। हालांकि, उसका यह प्रयोग भी काम नहीं आया क्योंकि एलेन सस्ते में आउट हो गए। केकेआर की बल्लेबाजी इतनी खराब रही कि उसने छह विकेट 90 रन पर ही गंवा दिए। रिंकू सिंह और कैमरन ग्रीन ने सबसे ज्यादा निराश किया। नूर अहमद ने लगातार दो गेंदो पर केकेआर को दो झटके दिए। नूर ने पहले रहाणे को आउट किया और फिर ग्रीन को बोल्ड कर पवेलियन की राह दिखाई। नूर हालांकि, हैट्रिक पूरी नहीं कर सके।



### रमनदीप-पॉवेल के बीच हुई साझेदारी

इसके बाद रमनदीप और रोवमैन पॉवेल ने सातवें विकेट के लिए 63 रनों की साझेदारी की, लेकिन टीम के हाथ से मैच तब तक पूरी तरह निकल चुका था। केकेआर के लिए सबसे ज्यादा रन रमनदीप सिंह ने बनाए जो 23 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से 35 रन बनाकर आउट हुए। इसके अलावा रोवमैन पॉवेल 22 गेंदों पर एक चौका और दो छक्कों के सहारे 31 रन बनाकर नाबाद रहे। रहाणे ने 28, अंगकृष रघुवंशी ने 27 और सुनील नरेन ने 24 रनों का योगदान दिया। सीएसके की ओर से नूर अहमद ने तीन विकेट झटके, जबकि अंशुल कंबोज ने दो विकेट लिए। खलील अहमद और अकील हुसैन को एक-एक सफलता मिली।

### सैमसन-म्हात्रे की विस्फोटक बल्लेबाजी

केकेआर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। अनुकूल रॉय ने सीएसके के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ को आउट कर केकेआर को पहली सफलता दिलाई। गायकवाड़ छह गेंदों पर एक चौके की मदद से सात रन बनाकर आउट हुए। पहला झटका लगने के बावजूद सीएसके की रन गति पर कोई असर नहीं पड़ा। आयुष म्हात्रे ने विस्फोटक अंदाज में बल्लेबाजी की और दूसरे छोर से उन्हें संजू सैमसन का भी अच्छा साथ मिलता रहा। सीएसके का स्कोर चौथे ही ओवर में 50 रन के पार पहुंच गया। सीएसके को आयुष म्हात्रे के रूप में दूसरा झटका लगा जो 17 गेंदों पर छह चौकों और दो छक्कों की मदद से 38 रन बनाकर आउट हुए। म्हात्रे और संजू सैमसन के बीच दूसरे विकेट के लिए 22 गेंदों पर 47 रनों की साझेदारी हुई।

### पावरप्ले के बाद केकेआर ने की वापसी

संजू सैमसन और म्हात्रे ने पावरप्ले में चेन्नई को दो विकेट पर 72 रन तक पहुंचा दिया था। इसके बाद केकेआर के ऑफ स्पिनर सुनील नरेन, बाएं हाथ के धीमे गेंदबाज अनुकूल रॉय और वरुण चक्रवर्ती ने उम्दा गेंदबाजी करते हुए अगले 10 ओवर में सिर्फ 68 रन दिए। पावरप्ले के बाद 14 ओवरों में चेन्नई की टीम 120 रन ही बना सकी। सैमसन हालांकि, इस मैच में भी अच्छी लय में दिख रहे थे।

# चार हार के बाद बीसीसीआई की मार! केकेआर के कप्तान रहाणे पर लगा 12 लाख का जुर्माना

**चेन्नई।** आईपीएल 2026 में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। टीम जहां पांच मैचों में जीत का खाता नहीं खोल पाई है, वहीं कप्तान अजिंक्य रहाणे की मुश्किलें भी बढ़ गई हैं। खराब प्रदर्शन के बीच अब उन पर बीसीसीआई ने जुमार्ना भी ठोका है।

बीसीसीआई और आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने रहाणे को आचार संहिता के उल्लंघन के लिए दंडित किया है। आईपीएल की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान स्लो ओवर रेट बनाए रखने के कारण जुमार्ना लगाया गया है।' आगे बताया गया, 'यह इस सीजन में उनकी टीम का पहला अपराध है, इसलिए उन्हें 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है।'



रहाणे की कप्तानी में केकेआर का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा है। टीम अब तक एक भी मैच नहीं जीत सकी है और अंक तालिका में सबसे नीचे बनी हुई है। ताजा मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ भी टीम को 32 रन से हार का सामना करना पड़ा, जिससे दबाव और बढ़ गया है।

इस मैच में सीएसके के गेंदबाजों ने कमाल का प्रदर्शन किया। स्पिनर नूर अहमद ने 3/21 के आंकड़े के साथ केकेआर की कमर तोड़ दी, जबकि अंशुल कंबोज ने 2 विकेट लेकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।

सीएसके ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 192/5 का मजबूत स्कोर खड़ा किया और फिर गेंदबाजों के दम पर केकेआर को 160/7 पर रोक दिया।

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**आवश्यकता है**
(1) अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की आवश्यकता, कार्य समयः दोपहर 12 से रात 9 बजे तक
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की आवश्यकता, वेतन 10 हजार से
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की।
पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है ।
प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर।
ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क
8717818385

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें
7974817308, 9516848052

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### पारिवारिक विवाद के चलते सास की गैर मौजूदगी में मकान पर बहू ने किया कब्जा

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के बीच मकान पर कब्जा करने की कोशिश का मामला सामने आया है। एक बुजुर्ग महिला ने अपनी बहू, उसके पिता और अन्य साथियों पर घर का ताला तोड़कर जबरन घुसने का आरोप लगाया है। आरोप है कि बहू अब सास को ही घर में प्रवेश नहीं करने दे रही है। पुलिस के मुताबिक सिल्वर पार्क कॉलोनी निवासी 62 वर्षीय शीला शर्मा ने बताया कि उनका बेटा आशीष साल 2020 से बेंगलुरु में निजी नौकरी कर रहा है और वह इंदौर स्थित मकान में अकेली रहती थीं। हाल ही में उनकी छोटी बेटी दीपिका के यहां पुणे में बच्चा हुआ था, जिसके चलते वह कुछ दिनों के लिए पुणे गई हुई थीं। इसी दौरान 22 मार्च 2026 को सुबह करीब 11.30 बजे उनकी बहू आरती शर्मा अपने पिता बादशाह बरुआ और दो अन्य लोगों के साथ घर पहुंची। आरोप है कि सभी ने मिलकर मकान का ताला तोड़ दिया और बिना अनुमति घर के अंदर घुस गए। महिला का कहना है कि आरोपियों का मकसद मकान पर कब्जा करना था। उन्होंने बताया कि उनके बेटे और बहू के बीच पहले से ही दहेज प्रताड़ना, भरण-पोषण और तलाक से जुड़े मामले कोर्ट में लंबित हैं। इसी पारिवारिक विवाद के चलते इस घटना को अंजाम दिया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद शीला शर्मा इंदौर लौटीं और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उनका आरोप है कि अब बहू उन्हें घर में घुसने नहीं दे रही, जिसके कारण वह अपनी एक सहेली के यहां रह रही हैं। पुलिस ने आरती शर्मा, उसके पिता और अन्य आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### लड़की को कमरे में बंद कर डंडे और लात घूंसों से पीटती रही दो युवतियां

**इंदौर।** तुकोगंज इलाके में एक नाबालिग लड़की के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से सनसनी फैल गई है। मामले की जांच एमआईजी थाना पुलिस कर रही है। जानकारी के मुताबिक घटना तुकोगंज स्थित रूस्तम के बगीचे की है। यहां एक सहेली के फ्लैट पर दो युवतियों ने एक नाबालिग लड़की को बुलाया और उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। आरोप है कि पिटाई का वीडियो भी बनाया गया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मारपीट का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस एक्टिव हुई है। टीआई जितेंद्र यादव के अनुसार, उन्हें इस घटना की जानकारी मीडिया के माध्यम से मिली है और आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है। यादव ने कहा कि वीडियो के आधार पर सभी पक्षों को थाने बुलाकर समझाइश दी गई है। मारपीट करने वाली और जिसकी पिटाई हुई सभी युवतियां नाबालिग हैं। पीड़िता ने अभी तक शिकायत नहीं की है। यदि वह शिकायत करती है तो आगे नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि नाबालिग की दोनों युवतियों से पहले किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इसी रंजिश में उसे बहाने से फ्लैट पर बुलाया गया और मारपीट की गई। कुछ दिन पहले हीरानगर इलाके में भी इसी तरह का मारपीट का वीडियो सामने आया था, जिससे शहर में ऐसी घटनाओं को लेकर चिंता बढ़ गई है।

### मंदिर के पास बेहोश हुई सफाईमित्र के होश में आने पर जेवर गायब मिले

**इंदौर।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चोरी की तीन वारदातों ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कहीं बेहोशी का फायदा उठाकर जेवर पार कर दिए गए, तो कहीं दुकान से लाखों की चांदी गायब हो गई। तीनों मामलों में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल आरोपियों का सुराग नहीं लगा है, लेकिन पुलिस का दावा है कि जल्द ही उन्हें पकड़ लिया जाएगा। भंवरकुआ थाना क्षेत्र में जीत नगर निवासी संगीता बाई खाड़े के जेवर चोरी हो गए। उन्होंने पुलिस को बताया कि मंगलवार को काम खत्म कर पैदल घर लौटते समय हनुमान मंदिर के पास उन्हें चक्कर आ गया और वे बैठ गईं। कुछ देर बाद जब होश आया तो कान के सोने के झुमके और गले का मंगलसूत्र गायब था। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। सराफा बाजार में एक ज्वेलरी दुकान से करीब 6 किलो चांदी चोरी हो गई। साउथ तुकोगंज निवासी व्यापारी राहुल जैन ने शिकायत में बताया कि उनकी ह्यविहर्ष ज्वेलर्सह्व नाम से दुकान है। कर्मचारी पंकज निमावत चांदी लेकर दुकान आया था, लेकिन कुछ देर बाद वह और चांदी दोनों गायब हो गए। चोरी गई चांदी की कीमत करीब 15 लाख रुपए बताई जा रही है। सदर बाजार थाना क्षेत्र में ई-रिक्शा में सफर के दौरान महिलाओं के जेवर और नकदी चोरी हो गई। अफरोज अब्बासी ने बताया कि उनकी बहन जीनत के साथ यात्रा के दौरान किसी ने पर्स से सोने की अंगूठी, चेन, कड़े और नकदी निकाल ली। काफी तलाश के बाद भी आरोपी नहीं मिले, जिसके बाद थाने में मामला दर्ज कराया गया।

### दुष्कर्म के बाद महिला ने की आत्महत्या, मरने से पहले वीडियो में लिया आरोपी रिश्तेदार का नाम

**इंदौर।** खुड़ैल थाना क्षेत्र में दुष्कर्म के बाद एक महिला द्वारा आत्महत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। महिला ने मौत से पहले वीडियो बनाकर आरोपी को अपनी मौत का जिम्मेदार बताया है। पुलिस के मुताबिक घटना 2 अप्रैल की रात ग्राम सोनगुराड़िया की है। महिला घर पर अकेली थी, जबकि परिवार के अन्य सदस्य सुंदरकांड कार्यक्रम में गए हुए थे। इसी दौरान रिश्तेदार महेंद्र पुत्र इंदरसिंह चौहान घर पहुंचा और महिला को अकेला पाकर जबरदस्ती की। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 108 और 64(1) के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल आरोपी फरार है और उसकी तलाश की जा रही है। मामले में महिला का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह आरोपी महेंद्र चौहान पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए उसे अपनी मौत का जिम्मेदार बता रही है। इसके अलावा एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें महिला ने साफ लिखा है कि उसकी मौत के लिए आरोपी जिम्मेदार है, जबकि ससुराल पक्ष का कोई दोष नहीं है। घटना के बाद महिला गहरे मानसिक तनाव में आ गई थी, 8 अप्रैल को उसने घर में सल्फास खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे इंदौर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### सस्ता नमक खरीदकर की ब्रांडेड पैकिंग करके आसपास के इलाकों में बेचा नकली टाटा नमक



**इंदौर।** इंदौर के लोक नायक नगर में 12 अप्रैल को एक युवक को नकली टाटा नमक की पैकिंग करते हुए पुलिस ने पकड़ा था। एरोड्रम पुलिस की जांच में पता चला है कि आरोपी जितेंद्र गुप्ता सियागंज मार्केट से खुला सस्ता नमक खरीदता था। बाद में उसे टाटा नमक की पैकिंग कर बेच देता था। वह यह धंधा पिछले दो महीने से चला रहा था। वह नमक को टाटा नमक की थैलियों में इस तरह पैक करता था कि आम लोगों को असली और नकली में फर्क करना मुश्किल हो जाता था। एरोड्रम थाना पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद दबिश देकर आरोपी को पकड़ा और मौके से नकली पैकेट, कच्चा नमक और पैकिंग सामग्री जब्त की। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पूरी प्लानिंग के साथ काम कर रहा था। उसने सस्ता नमक खरीदकर ब्रांडेड पैकिंग में बेचा और जमकर मुनाफा कमाया। एरोड्रम पुलिस ने नकली टाटा नमक की पैकिंग करने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया था। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के टेक्निकल एक्सपर्ट की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई कर 840 पैकेट नकली टाटा नमक और 1850 किलो कच्चा माल जब्त किया था। टीआई तरुण सिंह भाटी के मुताबिक आरोपी पिछले दो से तीन महीने से सियागंज से खुला नमक मंगवाकर फैक्ट्री में ब्रांडेड पैकिंग में भर रहा था। पैकिंग इतनी सटीक थी कि लोगों को शक नहीं हो पाता था।

#### बिल्डर को कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम से धमकी मिली

# हैरी बॉक्सर ने मांगे 5 करोड़, रुपए दो, नहीं तो बेटे को गोली मार दूंगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



इंदौर के रईस इलाकों में शुमार रेसकोर्स रोड के एक बड़े बिल्डर को कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम से धमकी मिली है। खुद को हैरी बॉक्सर बताने वाले शख्स ने बिल्डर से 5 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी है। नहीं देने पर आरोपी ने बिल्डर के बेटे की सटीक लोकेशन होने और उसे गोली मारने की बात कही है।

**वॉट्सएप कॉल और वॉइस मैसेज से मचा हड़कंप-** क्राइम ब्रांच के डीसीपी राजेश त्रिपाठी के अनुसार, बिल्डर विवेक दम्मानी के ऑफिस के नंबर पर मंगलवार सुबह करीब 10.30 बजे एक वॉट्सएप कॉल आया। कॉल ऑफिस की महिला स्टाफ ने रिसीव किया। फोन करने वाले ने कहा- विवेक दम्मानी को बोल देना 5 करोड़ दे दे, वरना बेटे को कहीं भी गोली मरवा दूंगा। यह भी कहा कि पुलिस के पास जाने से कुछ नहीं होगा और पैसे लेकर ही पीछा छोड़ा जाएगा।

आरोपी ने दावा किया कि उसके पास बिल्डर और उनके बेटे की हर पल की लोकेशन है। पहले स्टाफ ने इसे मजाक समझा, लेकिन जब उसी नंबर से धमकी भरा वॉइस मैसेज आया तो पूरे ऑफिस में हड़कंप मच गया। इसके बाद स्टाफ ने तुरंत बिल्डर को जानकारी दी।

**लॉरेंस बिश्नोई गैंग का करीबी गुर्गा है हैरी बॉक्सर-** मामले की सूचना क्राइम ब्रांच को दी गई, जिसके बाद एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई, जिस हैरी बॉक्सर का नाम लिया गया है, उसे लॉरेंस बिश्नोई गैंग का करीबी गुर्गा माना जाता है। पुलिस अब उस नंबर और वॉइस मैसेज के आईपी एड्रेस को ट्रैक कर रही है।

#### पहले भी मिल चुकी है बिल्डरों को धमकी

- इंदौर में यह पहली बार नहीं है जब किसी बड़े कारोबारी को इस तरह की धमकी मिली हो। करीब एक महीने पहले तुकोगंज के बिल्डर संजय जैन को भी ऐसी ही धमकी मिली थी। उस मामले में पुलिस ने अशोक नगर से मनीष नाम के एक युवक को पकड़ा था, लेकिन मुख्य सरगना तक हाथ नहीं पहुंच पाए थे।
- मध्य प्रदेश में पिछले कुछ समय में लॉरेंस गैंग के नाम से फिरौती मांगने के 5 से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं। मामले में क्राइम ब्रांच का कहना है कि वे इन कॉल्स की गंभीरता से जांच कर रहे हैं और बिल्डर की सुरक्षा को लेकर सतर्क हैं। आरोपियों को जल्द पकड़ने के लिए साइबर सेल की मदद ली जा रही है।

#### नगर निगम के बजट सत्र के दौरान राष्ट्रगीत विवाद में पुलिस का एक्शन

# दो महिला कांग्रेस पार्षदों पर एफआईआर

### दोनों पार्षदों से साढ़े चार घंटे पूछताछ के बाद केस दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



इंदौर नगर निगम के बजट सत्र के दौरान राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' का अनादर करने के मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है। जांच के बाद एमजी रोड पुलिस ने कांग्रेस की दो महिला पार्षदों, रुबीना इकबाल खान और फौजिया शेख अलीम के खिलाफ बुधवार को मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने यह कदम भाजपा पार्षदों की शिकायत और वायरल वीडियो के आधार पर उठाया है।

एमजी रोड थाना पुलिस ने बीते सोमवार और मंगलवार को दोनों आरोपी पार्षदों को पूछताछ के लिए तलब किया था। थाने में दोनों से घंटों तक सघन पूछताछ की गई और उनके बयान दर्ज किए गए।

इसके बाद पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 196/1 (विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देना और सद्भाव बिगाड़ना) के तहत दोनों पार्षदों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

#### साढ़े चार घंटे चली पूछताछ के बाद दर्ज किए बयान

एसीपी विनोद दीक्षित ने बताया कि इस मामले में भाजपा पार्षद दल ने एमजी रोड थाने में आकर शिकायत की थी। इस शिकायत के बाद ही पूरे मामले की जांच की जा रही है। इस मामले में पार्षद फौजिया शेख अलीम के सोमवार को बयान दर्ज किए गए थे। मंगलवार को पार्षद रुबिना इकबाल खान के बयान दर्ज किए गए है। इसके साथ ही उनसे मामले को लेकर सवाल-जवाब भी किए गए।

### कचरा-गंदगी मिलने पर दरोगाओं की एक-एक दिन की सैलरी काटी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर में साफ-सफाई को और बेहतर व प्रभावी बनाने के लिए नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने जोन 18,22,10,13 और 15 के विभिन्न इलाकों की स्थिति देखी। सफाई में लापरवाही मिलने और कई जगह कचरा-गंदगी मिलने पर क्षेत्रीय दरोगाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए उनकी 1-1 दिन की सैलेरी काटने के लिए कहा।

सार्वजनिक शौचालयों में सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिलने पर संबंधित एजेंसियों पर आर्थिक दंड लगाने के लिए कहा है। बुधवार को वे सबसे पहले झोन 18 में आने वाले तीन इमली बस स्टैंड, तीन इमली ब्रिज और आसपास के इलाकों में पहुंचे। यहां बस स्टैंड के पास बने पब्लिक टॉयलेट में सफाई व्यवस्था खराब मिली, जिस पर उन्होंने संबंधित केयरटेकर को फटकार लगाई और संबंधित एजेंसी पर 10 हजार रुपए की पेनल्टी लगाने को कहा। इसके बाद उन्होंने तीन इमली ब्रिज के नीचे और आसपास के इलाकों की स्थिति देखी। उन्होंने यहां पर नियमित एवं समुचित सफाई बनाए रखने को कहा है। दुकानों पर अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखने को बोला।

### ऑनलाइन ठगी के साथ ऑफलाइन धोखाधड़ी के तीन मामले सामने आए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

लसूड़िया थाना क्षेत्र में ऑनलाइन ठगी, धोखाधड़ी और अमानत में खयानत के तीन अलग-अलग मामले सामने आए हैं। तीनों मामलों में पुलिस अलग-अलग पहलुओं से जांच कर रही है। ऑनलाइन ठगी में बैंक ट्रांजैक्शन और टेलीग्राम आईडी खंगाली जा रही है, जबकि अन्य मामलों में आरोपियों की तलाश जारी है।

लसूड़िया थाना क्षेत्र के एग्जोटिका निवासी दीपक सलूजा (50) ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गए। उन्होंने बताया कि 18 जनवरी 2023 को उन्होंने टेलीग्राम ग्रुप जॉइन किया था। यहां @Annie0068 नाम के एडमिन ने निवेश पर रकम दोगुनी करने का लालच दिया। आरोपी ने अलग-अलग यूपीआई आईडी देकर कुल 2 लाख 43 हजार रुपए ट्रांसफर करवा लिए, लेकिन रकम वापस नहीं की। पुलिस अब तीनों खातों की जानकारी जुटा रही है।

दूसरे मामले में हाट पिपल्या निवासी वीडियोग्राफर नरेंद्र जाटवा की शिकायत पर तुलसी नगर निवासी उदय रंजन सिसोदिया के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। नरेंद्र ने बताया कि अप्रैल 2024 में शादी की शूटिंग के लिए 1.23 लाख रुपए तय हुए थे। 20 हजार एडवांस मिलने के बाद उन्होंने फोटो सेलेक्शन के लिए अपना लैपटॉप भी दे दिया, लेकिन बाद में आरोपी ने न तो बाकी रकम दी और न ही लैपटॉप लौटाया।

तीसरे मामले में राहुल गांधी नगर निवासी अभिषेक चौहान ने मोहम्मद फारुख शेख के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। आरोप है कि नवंबर 2025 में पिकअप वाहन बेचने के बाद फारुख ने 90 हजार नकद दिए और बाकी 45 किश्तें भरने का वादा किया, लेकिन एक भी किश्त जमा नहीं की। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### फर्जी एनओसी केस में सील बनाने वाला दुकानदार बरी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

टाटा मोटर्स फाइनेंस के नाम पर फर्जी एनओसी बनाकर ठगी करने के चर्चित मामले में कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने रबर स्टैम्प (सील) बनाने वाले दुकान संचालक को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया है, जबकि मुख्य आरोपी रवि कुमार झा, संदीप और राजेंद्र के खिलाफ मामला जारी रखने के आदेश दिए हैं।

मामला लसूड़िया थाना क्षेत्र का है, जहां फरियादी लक्ष्मीनारायण ने 2024 में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनकी टाटा टियागो कार की किस्तें बकाया थीं। इसी दौरान रवि कुमार झा और संदीप ने उनसे संपर्क कर कम रकम में लोन सेटलमेंट कराने का झांसा दिया। आरोपियों ने कहा कि वे 80 हजार रुपए में पूरा मामला निपटा देंगे और फाइनेंस कंपनी से एनओसी दिलवा देंगे। भरोसे में आकर फरियादी ने आरोपियों को 80 हजार रुपए दे दिए। कुछ दिनों बाद आरोपियों ने टाटा मोटर्स फाइनेंस के नाम का फर्जी लेटरपैड, फर्जी एनओसी और फॉर्म-35 तैयार कर फरियादी को दे दिया। दस्तावेज इतने वास्तविक लगे कि फरियादी ने आरटीओ में आवेदन कर कार अपने नाम ट्रांसफर भी करवा ली।

### मेडिकैप्स कॉलेज मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था बदहाल, छात्राओं में भय का माहौल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मेडिकैप्स कॉलेज से उमरिया जाने वाला मार्ग इन दिनों सुरक्षा के लिहाज से बेहद संवेदनशील बना हुआ है। इस पूरे रास्ते पर स्ट्रीट लाइट्स का अभाव है, जिसके कारण रात के समय यहां गहरा अंधेरा छाया रहता है और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस मार्ग का उपयोग बड़ी संख्या में मेडिकैप्स कॉलेज के छात्र-छात्राएं करते हैं, खासकर हॉस्टल में रहने वाली छात्राएं, जो रोजाना इस रास्ते से गुजरती हैं। अंधेरे और सुनसान माहौल के चलते उनकी सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता बनी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस मार्ग पर पहले भी कई आपराधिक घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। वहीं, रात के समय कुछ असामाजिक तत्व सड़क किनारे वाहन खड़े कर शराब पीते नजर आते हैं, जिससे क्षेत्र का माहौल और अधिक असुरक्षित हो जाता है।


पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपिन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियां व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा

नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा

संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी
2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
नि:शुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

JAYSHREE PHARMACEUTICALS
www.dantavali.com
दंतावली
गम मसाज पाउडर
सिगरेट, बीड़ी तंबाखू एवं गुटखा के कारण होने वाली
दांत एवं मुँह की समस्या
से राहत में सहायक
इन समस्याओं से राहत में सहायक
दांतों के दाग-धब्बे
दांतों की सड़न
मुँह का पूरा न खुलना
मुँह के छाले
मुँह की दुर्गंध
दांतों की झनझनाहट
गर्म एवं तीखा खाने में तकलीफ
ठंडा एवं खट्टा खाने में तकलीफ
Dantavali GUM MASSAGE POWDER
100% NATURAL PRODUCT
स्टॉकिस्ट/अधिकृत विक्रेता बनने के लिए संपर्क : 77010-10250
Owned By PAGE PRASHANT AGARWAL GROUP OF ENTERPRISES | Powered By AGARWAL GROUP | Associated Brand AKSHOBH VEDA


मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com